नई दिल्ली
शनिवार, 30 दिसंबर 2023
पौष मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 27, अंक : 265
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 19
न्यून. 08

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



श्री रामलला की मूर्ति चयन को लेकर हुई वोटिंग

# तीन मूर्तिकारों में से एक का नाम पर्ची पर लिखकर दिया...योगीराज की प्रतिमा हो सकती है 'फाइनल'

## कर्नाटक के मैसूर के प्रसिद्ध शिल्पकार अरुण योगीराज द्वारा निर्मित श्री रामलला की मूर्ति पर सबकी नजर

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के लिए मूर्तियों के चयन को लेकर शुक्रवार को बैठक हुई। इस बैठक में ट्रस्ट के सभी सदस्य शामिल रहे और सबने अपने मत पर्ची पर लिखकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय को सौंप दिया। सूत्रों के अनुसार कर्नाटक के मैसूर के प्रसिद्ध शिल्पकार अरुण योगीराज द्वारा निर्मित रामलला की मूर्ति पर मुहर लग सकती है। गौर हो कि राम मंदिर में श्री रामलला की अचल मूर्ति लगनी है। इसके लिए तीन मूर्तियों का निर्माण कराया गया है। इनमें से एक मूर्ति को गर्भगृह में स्थापित किया जाएगा। इसके लिए शुक्रवार को बैठक हुई। गोविंद देवगिरी, कोषाध्यक्ष श्रीराम ▶▶ शेष पेज 5 पर

## 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा होगी



### आज पीएम मोदी अयोध्या के नए एयरपोर्ट का करेंगे लोकार्पण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अयोध्या को हजारों करोड़ की सौगात देंगे। इस दौरान वह यहां बने एयरपोर्ट का भी लोकार्पण करेंगे। नए एयरपोर्ट की शानदार तस्वीरें सामने आई हैं। यहां आते ही पूरी अयोध्या का लुक मिलता है। अयोध्या के नए एयरपोर्ट की तस्वीरें सामने आई हैं। एयरपोर्ट के टर्मिनल बिल्डिंग के ▶▶ शेष पेज 5 पर

पीएम मोदी भी कर चुके हैं तारीफ

### सुभाष चंद्र बोस की तीस फीट ऊंची प्रतिमा बनाई थी

*अरुण योगीराज ने सुभाष चंद्र बोस की 30 फीट ऊंची प्रतिमा बनाई थी। जिसे इंडिया गेट पर अमर जवान ज्योति स्थल के पीछे भव्य छतरी के नीचे पीएम मोदी ने स्थापित किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने जब सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित की थी उस दौरान मूर्तिकार अरुण योगीराज की भी तारीफ की थी। इतना ही नहीं अरुण योगीराज प्रधानमंत्री मोदी से भी मिल चुके हैं। इसके अलावा अरुण योगीराज ने केदारनाथ में आदि शंकराचार्य की 12 फीट ऊंची प्रतिमा बनाई थी जिसके बाद अरुण योगीराज चर्चा में आए।*

DHIRSONS JEWELLERS PVT LTD
DHIRAJ DHIR GROUP
LAJPAT NAGAR-II: D-32, Central Market New Delhi - 110024, Ph: 47284728

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## असम सरकार और केंद्र के बीच उग्रवाद के खात्मे के लिए अहम कदम

# 40 साल बाद उल्फा ने डाले हथियार शाह की मौजूदगी में शांति समझौता लागू

शाह ने कहा कि समझौते के सभी बिंदु समयबद्ध पूरे होंगे। 12 साल से केंद्र सरकार अरबिंदा राजखोवा के नेतृत्व वाले गुट के साथ बातचीत कर रही थी।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गृह मंत्री अमित शाह के मौजूदगी में यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असोम (उल्फा), असम सरकार और केंद्र के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। गृह मंत्री ने उल्फा के प्रतिनिधियों को इसका श्रेय देते हुए कहा कि उनके प्रयास की वजह से ही यह हो पाया है। उन्होंने कहा कि इस समझौते की सभी बातें समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएंगी। 12 साल से केंद्र सरकार अरबिंदा राजखोवा के नेतृत्व वाले गुट के साथ बातचीत कर रही थी।

उल्फा का एक गुट अब भी इस शांति समझौते का हिस्सा नहीं है। इसके हेड परेश बरुआ हैं। उल्फा के इस धड़े के 20 नेता बीते एक सप्ताह से दिल्ली में ही थे। उल्फा का एक गुट अनूप चेतिया गुट का है। यही समझौते में शामिल हुआ है। यह भारत सरकार की बड़ी सफलता है और उग्रवाद को खत्म करने की ओर बड़ा कदम है। 2011 के बाद से ही इस संगठन ने हथियार नहीं उठाए हैं। यह शांति समझौता इस प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। गृह मंत्री शाह असम के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### गृहमंत्री ने उल्फा के प्रतिनिधियों को दिया इसका श्रेय

सभी बातें समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएंगी

सीएम सरमा, गृह सचिव भल्ला भी रहे मौजूद



**असम के लोगों की सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखा जाएगा**

जानकारों के मुताबिक इस समझौते में कहा गया है कि असम के लोगों की सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखा जाएगा। इसके अलावा असम के लोगों के लिए रोजगार उपलब्ध करवाए जाएंगे। उल्फा में शामिल रहे लोगों को भी रोजगार दिए जाएंगे। सशस्त्र आंदोलन छोड़ने वाले उल्फा के सदस्यों को मुख्य धारा में लाने के लिए सरकार सहयोग करेगी।

### शाह ने कहा...असम के भविष्य के लिए यह ऐतिहासिक उज्ज्वल और खुशी का दिन

इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह मेरे लिए खुशी की बात है कि आज का दिन असम के भविष्य के लिए एक उज्ज्वल दिन है। लंबे समय तक, असम और पूर्वोत्तर को हिंसा का सामना करना पड़ा और 2014 में पीएम मोदी के पीएम बनने के बाद, दिल्ली और पूर्वोत्तर के बीच अंतर को कम करने के प्रयास किए गए। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में नौ ▶▶ शेष पेज 5 पर

सरमा ने ऐतिहासिक बताया

### पीएम मोदी और शाह का आभार, उग्रवाद समाप्त

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि आज असम के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में असम की शांति प्रक्रिया निरंतर ▶▶ शेष पेज 5 पर

### समझौते के प्रमुख बिंदु

- असम के लोगों की सांस्कृतिक विरासत बरकरार रहेगी
- असम के लोगों के लिए और भी बेहतर रोजगार के साधन राज्य में मौजूद रहेंगे
- इनके काडरों को रोजगार के पर्याप्त अवसर सरकार मुहैया करवाएगी
- उल्फा के सदस्यों को जिन्होंने सशस्त्र आंदोलन का रास्ता छोड़ दिया है उन्हें मुख्य धारा में लाने का भारत सरकार हर संभव प्रयास करेगी

### 1979 में बना था उल्फा

उल्फा असम में एक्टिव एक उग्रवादी संगठन है। परेश बरुआ ने साथी अरबिंद राजखोवा और अनूप चेतिया के साथ मिलकर 7 अप्रैल 1979 को इसका गठन किया था। इसका उद्देश्य असम को स्वायत्त और संप्रभु राज्य बनाना था। इस संगठन ने हथियार उठा लिए। 1990 में केंद्र की सरकार ने इसपर प्रतिबंध लगा दिया था। 1991 में इस संगठन के करीब 9 हजार लोगों ने सरेंडर कर दिया था।

## फिलिस्तीनी शरणार्थियों की मदद के लिए

# भारत ने बढ़ाया हाथ, यूएन की संस्था को दिए 25 लाख डॉलर

भारत ने 50 लाख डॉलर की अपनी वार्षिक प्रतिबद्धता को पूरा किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गाजा में जारी संघर्ष के बीच भारत ने बृस्पतिवार को 'फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र की राहत और कार्य एजेंसी' (यूएनआरडब्ल्यूए) को 25 लाख डॉलर की दूसरी किस्त जारी कर दी है। भारत ने इस तरह 2023-24 के लिए 50 लाख डॉलर की अपनी वार्षिक प्रतिबद्धता को पूरा कर लिया है।

ज्ञात हो कि संयुक्त राष्ट्र के आह्वान पर फिलिस्तीनी शरणार्थियों के कल्याण व सुरक्षा के लिए धन व मदद पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

यह योगदान चार्जी डी'एफ़ेयर एलिजाबेथ रोड्रिग्ज द्वारा सौंपा गया था। इसका उद्देश्य फिलिस्तीनी शरणार्थियों को प्रदान की जाने वाली शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, राहत और सामाजिक सेवाओं सहित एजेंसी के मुख्य कार्यक्रमों और सेवाओं का समर्थन करना है।

### शिक्षा और राहत के लिए की सहायता

भारत ने 28 दिसंबर को 'फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र की राहत और कार्य एजेंसी' (यूएनआरडब्ल्यूए) को 25 लाख डॉलर की दूसरी किस्त जारी की। भारतीय दूतावास के बयान में कहा गया है। एजेंसी के मुख्य कार्यक्रम और सेवाओं के तहत शिक्षा, राहत और सामाजिक सेवाएँ फ़िलिस्तीनी शरणार्थियों को प्रदान की जाती हैं। इस तरह भारत ने 2023-24 के लिए 50 लाख डॉलर की अपनी वार्षिक प्रतिबद्धता को पूरा कर लिया है।

### सदस्य देश करते हैं स्वैच्छिक योगदान

बात दें कि वर्ष 1950 से काम कर रही यूएनआरडब्ल्यूए रजिस्टर्ड फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए सीधे तौर पर राहत कार्य करता है। इसका वित्तपोषण लगभग पूरी तरह संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों द्वारा स्वैच्छिक योगदान से किया जाता हैं। भारत सरकार ▶▶ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### अबू धाबी में हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे मोदी



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी साल 2024 में अयोध्या के अलावा एक और हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे और यह मंदिर भारत में नहीं बल्कि मुस्लिम देश में तैयार हुआ है। अबू धाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर का पीएम मोदी फरवरी में उद्घाटन करेंगे। बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था ने कहा कि पीएम मोदी ने अगले साल फरवरी में संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में एक हिंदू मंदिर का उद्घाटन करने का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है।

### रणधीर विदेश मंत्रालय के नए प्रवक्ता



**नई दिल्ली।** अरिंदम बागची की जगह अब रणधीर जायसवाल विदेश मंत्रालय के नए प्रवक्ता होंगे। रणधीर 2020 से न्यूयार्क में तैनात थे। अब वे विदेश मंत्रालय में प्रवक्ता का पद संभालेंगे। बागची को संयुक्त राष्ट्र संघ भेजा गया है। वे वहां इंद्रमणि पांडे की जगह लेंगे। बागची ने विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के मोर्चे पर एक शानदार पारी खेली है। रणधीर के सामने फिलहाल कई बड़ी चुनौतियां हैं।

# चार साल के बेटे ने दी मुखाग्नि, लोगों की आंखों में आंसू, गुमसुम देखता रहा मासूम

7 साल की बेटी बोली मैं भी बड़ी होकर सेना में शामिल होऊंगी

लेह में आतंकी मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुए थे और 26 दिसंबर को हुए शहीद



### सागर के शहीद बेटे को अंतिम विदाई

**सागर।** देश की रक्षा करने में अपने प्राणों की आहुति देने वाले राजेश यादव का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। राजेश के 4 साल के बेटे ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। यह दृश्य देखकर लोगों की आंखों में आंसू आ गए। वहीं, अंतिम संस्कार करने से पहले उन्हें सेना के जवानों ने बंदूकों से फायर कर शहीद को आखिरी सलामी दी गई। इससे पहले कैबिनेट मंत्री प्रहलाद ▶▶ शेष पेज 5 पर

## खालिस्तानी समर्थकों ने की 14 राउंड फायरिंग

# कनाडा में लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रमुख के बेटे पर हुआ हमला

एजेंसी ▶▶ वैंकूवर

कनाडा में खालिस्तानी समर्थकों ने एक हिंदू मंदिर प्रमुख के बेटे के घर पर हमला किया। अलगाववादियों ने करीब 14 राउंड फायरिंग की। यह पूरा मामला ब्रिटिश कोलंबिया में सरे का है। यहीं आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या हुई थी।

फिलहाल गोलीबारी में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। जांच शुरू हो गई। जांच करने वाले अफसरों ने अभी तक हमले के कारणों का खुलासा नहीं किया है। शूटर्स अभी तक गिरफ्त से बाहर हैं। ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में स्वामी लक्ष्मी नारायण मंदिर है। इस मंदिर के मुख्य पुजारी सतीश कुमार हैं। सतीश ने बताया कि बुधवार तड़के उनके




बेटे के आवास पर गोलीबारी की गई। करीब 11 से 14 के बीच गोलियां चलाई गईं। यह हमला क्यों किया गया, अभी यह स्पष्ट नहीं है। इलाके में जबरन वसूली के मामले सामने आए हैं। मेरे बेटे ने हाल ही में एक बीमा एजेंसी बेची है और संभव है कि हमलावरों ने सोचा होगा कि उसके पास बहुत पैसा है। यह मंदिर उस वक्त ▶▶ शेष पेज 5 पर

### निज्जर की हत्या के बाद हिंदू निशाने पर

*दरअसल, जून में आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से कनाडा के साथ भारत के रिश्ते तनावपूर्ण हैं। कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता के आरोप लगाए थे। हालांकि भारत ने उनके आरोपों को नकार दिया था। भारत ने कनाडा को अपने 62 राजनयिकों में से 41 को वापस बुलाने के लिए कहा था। यह पहला मामला नहीं है, जब किसी मंदिर या हिंदू को निशाना बनाया गया। खालिस्तानी तत्वों ने सरे मंदिर के गेट और दीवारों पर भारत के वरिष्ठतम राजनयिकों को निशाना बनाते हुए पोस्टर चिपकाए थे। ब्रिटिश कोलंबिया में मंदिरों में तोड़फोड़ के कई मामले सामने आए हैं।*

## कुवैत का विदेशी कामगारों के लिए बड़ा फैसला

# प्रवासी मजदूरों के लिए पार्ट टाइम जॉब और घर से काम करने की दी अनुमति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय कामगारों और पेशेवरों के लिए एक अहम देश कुवैत ने विदेशी कामगारों के लिए एक बड़ा बदलाव किया है। कुवैत के प्रथम उप प्रधानमंत्री और आंतरिक मामलों के मंत्री शेख तलाल अल-खालिद अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने निजी क्षेत्र में प्रवासी मजदूरों के लिए पार्ट-टाइम जॉब की अनुमति दे दी है। साथ ही यह निर्देश भी दिए गए हैं कि कंपनियां अपने कुछ कर्मचारियों को रिमोट वर्क यानी घर से काम करने की भी अनुमति दें। कुवैत में सबसे बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी ही रहते हैं। कुवैत की कुल आबादी लगभग 46 लाख है, जिसमें लगभग 35 लाख विदेशी ही हैं। यानी कुवैत की कुल आबादी का 75 फीसद प्रवासी हैं, जिसमें भारतीयों की संख्या सबसे ज्यादा लगभग 10 लाख है।

### प्रतिदिन अधिकतम चार घंटे काम कर सकेंगे

कुवैत ने निजी क्षेत्र के प्रवासी कर्मचारियों को इस शर्त पर पार्ट टाइम जॉब करने की अनुमति दी है



कि उन्हें पहले जिस कंपनी में काम कर रहे हैं, उससे पार्ट टाइम जॉब करने की अनुमति लेनी होगी। निजी क्षेत्र के कर्मचारी अब प्रति दिन अधिकतम चार घंटे के लिए किसी अन्य कंपनी के साथ भी पार्ट टाइम जॉब कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें पब्लिक ऑथेरिटी फॉर मैनपावर (पीएएम) से परमिट की जरूरत होगी।

## मोदी सरकार ने भारतीय नौसेना में किया बड़ा बदलाव

अभी तक भारतीय नौसेना के अधिकारी अंग्रेजों के समय से चले आ रहे गुलामी के प्रतीकों को पहन रहे थे

# अब 'बदले' गए कंधों पर लगने वाले पटके शिवाजी महाराज की जल सेना से हैं प्रेरित

इस साल नौसेना दिवस पर पीएम मोदी ने एडमिरल के कंधों पर नए डिजाइन के एपोलेट्स की घोषणा की थी। इसके बाद 29 दिसंबर को नौसेना ने इन नए पटकों की झलक दिखाई है।

बड़ी खबर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मोदी सरकार ने भारतीय नौसेना के स्वरुप में बड़ा बदलाव किया है। नौसेना के ध्वज के बाद अब अधिकारियों के कंधों पर लगने वाले पटकों के स्वरुप में बदलाव किया गया है। अभी तक भारतीय नौसेना के अधिकारी अंग्रेजों के समय से चले आ रहे गुलामी के प्रतीकों को पहन रहे ▶▶ शेष पेज 5 पर

### नए पटकों में क्या है?



**छत्रपति शिवाजी महाराज की नौसेना के निशान और उनकी मुद्रा से प्रेरित**

इसमें मुख्य रूप से पांच निशान। पहला गोल्डन नेवी बटन, दूसरा अशोक मुद्रा के साथ औक्टागन, तीसरा तलवार, चौथा टेलिस्कोप और पांचवां अधिकारियों की रैंक के हिसाब से जल सितारे लगे हुए हैं। इसमें रियर एडमिरल के पटके में दो सितारे होंगे ▶▶ शेष पेज 5 पर

### नए पटकों के निशान क्या बताते हैं?

- *गोल्डन नेवी बटन : यह गुलामी की मानसिकता से बाहर निकलने की इच्छाशक्ति को दर्शाता है।*
- *औक्टागन : यह आठों दिशाओं को दिखाता है, ताकि चारो तरफ लंबे समय तक सतर्कता से नजर रखी जा सके।*
- *तलवार : शक्ति, राष्ट्रीय ताकत और युद्ध को लड़ने की क्षमता को दिखाता है। इसके साथ ही हर चुनौती का सामना कर उसे हराने की क्षमता को दर्शाता है।*
- *टेलिस्कोप : यह भारतीय जल सेना की दूरदृष्टि को दर्शाता है। यह लंबे समय तक हर मौसम में दुनिया में हो रहे बदलावों पर नजर रखने की क्षमता को दिखाता है।*

# इजराइली दूतावास के निकट विस्फोट: दिल्ली पुलिस को साजिश के 'महत्वपूर्ण सुराग' मिले

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी के चाणक्यपुरी इलाके में स्थित इजराइल के दूतावास के निकट हुए विस्फोट की तीन दिन की जांच के बाद, दिल्ली पुलिस को साजिश के 'महत्वपूर्ण सुराग' मिले हैं और वह अब एक प्राथमिकी दर्ज करने की योजना बना रही है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि दिल्ली पुलिस को राजदूत को धमकी देने की साजिश की ओर संकेत करते हुए 'अहम सुराग' मिले हैं। दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने कहा कि सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी उन आरोपों पर विचार कर रहे हैं जिनके तहत प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा अधिकारी यह भी विश्लेषण कर रहे हैं कि क्या जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपी जा सकती है। मामले की जांच कर रहे दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने विस्फोट स्थल के आसपास के कई सीसीटीवी फुटेज की जांच की है और एक संदिग्ध को देखा है जो ऑटो-रिक्शा में जामिया नगर से आया था। सूत्रों ने बताया कि पुलिस अधिकारियों ने कई ऑटो-रिक्शा चालकों से पूछताछ की, जिसमें वह चालक भी शामिल है जो 26 दिसंबर को विस्फोट होने से पहले उस संदिग्ध को मौके पर लाया था। जांच से जुड़े एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमें पृथ्वीराज रोड पर कुछ महत्वपूर्ण सबूत मिले हैं। जिस तरह से पत्र को घटनास्थल पर रखा गया है उससे यह भी पता चलता है कि इजराइल-हमास संघर्ष के कारण इजराइली दूतों को धमकी देने की साजिश रची गई थी।

अधिकारियों ने बताया था कि इजराइल के दूतावास के पास मंगलवार शाम को एक विस्फोट हुआ था और घटनास्थल से इजराइली राजदूत को 'अभद्र' भाषा में संबोधित एक पत्र बरामद किया गया था। उन्होंने बताया था कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। उन्होंने बताया था कि विस्फोट और पत्र बरामद होना दूतावास के समीप 2021 में हुए विस्फोट की याद दिलाता है जिसमें कुछ कारें क्षतिग्रस्त हुई थीं। एनआईए ने उस मामले की जांच की थी। सूत्रों ने बताया कि जांच अधिकारी राष्ट्रीय सुरक्षा समूह की प्रयोगशाला की रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं जहां विस्फोट में इस्तेमाल किए गए घटकों का पता लगाने के लिए नमूने भेजे गए हैं। एक सूत्र ने कहा कि अंतिम रिपोर्ट सौंपने में कुछ और दिन लग सकते हैं। पुलिस सूत्रों ने कहा कि उन्होंने उन 12 लोगों के बयान दर्ज किए हैं जिन्होंने विस्फोट की तेज आवाज सुनने का दावा किया है।

## संसद चूकः आरोपी के जूतों में 'केविटी' बनाने वाले की तलाश में दिल्ली पुलिस ने यूपी पुलिस की मदद मांगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने संसद सुरक्षा चूक मामले के आरोपी सागर शर्मा और मनोरंजन डी के जूतों में धुएं की केन रखने के लिए जगह बनाने वाले उस व्यक्ति का पता लगाने के लिए लखनऊ की पुलिस से मदद मांगी है जो जूता बनाने का काम करता है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस इस व्यक्ति को मामले में गवाह बनाना चाहती है। दिल्ली पुलिस के सूत्रों के अनुसार सागर ने पहले खुद जूतों को अपने हिसाब से तैयार करने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहने पर उसने जूता बनाने वाले उस व्यक्ति से संपर्क किया जो एक साइकिल पर लखनऊ के आलमबाग आता था। दिल्ली पुलिस के एक दल ने इस महीने की शुरुआत में इस व्यक्ति की तलाश में लखनऊ का दौरा किया था, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। संसद पर 2001 में किए गए आतंकी हमले की बरसी के दिन 13 दिसंबर को, सुरक्षा चूक की बड़ी घटना उस वक्त सामने आई जब लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दर्शक दीर्घा से दो लोग सदन के भीतर कूद गए और 'केन' के जरिये पीले रंग का धुआं फैला दिया। घटना के तत्काल बाद दोनों को पकड़ लिया गया। उन दोनों ने कर्नाटक के मैसुरू से भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा सदस्य प्रताप सिम्हा की सिफारिश वाले पास पर संसद के अंदर प्रवेश किया था। सूत्रों ने बताया कि पूछताछ के दौरान सागर ने खुलासा किया था कि उसने पहले एक बार संसद में प्रवेश के दौरान देखा था कि जूतों की जांच नहीं हो रही है, उसके बाद ही उसने जूतों में अलग से जगह (केविटी) बनाने की कोशिश की। एक सूत्र ने कहा कि जब उसकी कोशिश कामयाब नहीं हुई तो वह आलमबाग में जूते बनाने वाले के पास गया। उसने जांच अधिकारियों को बताया कि उसने अपने घर के पास एक दुकान से 595 रुपये की दर से दो जोड़ी जूते खरीदे थे और साइकिल पर आलमबाग आने वाले उस व्यक्ति से मिला जो जूता बनाने और सही करने का काम करता था।

### पुलिस ने एक नाबालिग आरोपी को पकड़ा, दो की तलाश

# महरौलीः साइड ना मिलने पर स्कूटी सवार ने कैब चालक के सीने में घोंपा चाकू, मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली के महरौली इलाके में पतली गली में साइड न मिलने पर स्कूटी सवार युवकों ने पहले झगड़ा किया और फिर कैब चालक के सीने में चाकू उतार दिया। गंभीर रूप से घायल मनोज को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुये एक नाबालिग आरोपी को पकड़ लिया है। दो अन्य की तलाश जारी है।

डीसीपी चंदन चौधरी के अनुसार मनोज गुरुग्राम की एक प्राइवेट कंपनी में कैब चलाता था। गुरुवार रात वह कंपनी के पांच कर्मचारियों को पिक करने दक्षिण दिल्ली आया था। चार को मालवीय नगर से और एक कर्मचारी को महरौली से पिक किया। करीब पौने नौ बजे गली पतली होने के कारण कैब जाम में फंस गई। इसी दौरान कैब के पीछे खड़े स्कूटी सवार तीन युवक साइड ना मिलने पर कैब च लक से उलझ गये। बात इतनी बढ़ गई कि गाली गलौज व हाथापाई के बाद एक युवक ने चाकू से कैब चालक के ऊपर हमला कर दिया। चाकू सीने में लगने पर चालक वहीं बेहोश होकर गिर गया। ड्राइवर के गिरते ही आरोपी लड़के वहां से भाग गए। पहले घायल ड्राइवर को नजदीक के हॉस्पिटल में ले जाया गया और फिर एम्स ट्रामा सेंटर। जहां ज्यादा खून बहने के कारण कैब चालक की मौत हो गई। मनोज संगम विहार का रहने वाला था। पुलिस टीम ने मामले में छानबीन शुरू की और आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। इसी बीच इलाके के बीट ऑफिसर को एक आरोपी के बारे में जानकारी मिल गई। नाबालिग आरोपी को हिरासत में लेकर अन्य दो के बारे में पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि अन्य दो की पहचान भी हो चुकी है। जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा। शुक्रवार को मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया।

## एक्सीडेंट के बाद कार सवार को पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

फतेहपुर बेरी थाना इलाके में सुल्तानपुर मेट्रो स्टेशन से पहले एमजी रोड पर शुक्रवार को एक्सीडेंट के बाद दो कार सवारों का झगड़ा इस कदर बढ़ गया कि एक ने अपने जानकारों को मौके पर बुलाकर दूसरे कार चालक को जमकर पिटवाया। उसकी कार में भी तोड़फोड़ की गई। घायल सचिन लोहिया छतरपुर का रहने वाला है। वह अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने वायरल वीडियो और कार नंबर के जरिये दो आरोपियों विक्रांत और प्रभात शर्मा को पकड़ लिया है। अन्य की तलाश जारी है। पुलिस का कहना है कि जिन दो लोगों ने खाकी जैकेट पहनी थी उनका दिल्ली पुलिस से कोई संबंध नहीं है।पुलिस के अनुसार शुक्रवार को एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई कि 'एमजी रोड सुल्तानपुर मेट्रो स्टेशन से पहले एक कार ने इमरजेंसी ब्रेक लिया जिसके पीछे वरना गाड़ी टकरा गई, कोई घायल नहीं है। कॉलर गाड़ी के अंदर है। दो लोग है जिनके पास पिस्टल है और वो अपने आप को दिल्ली पुलिस में बतला रहे हैं लेकिन वो नहीं हैं।



पुलिस घटनास्थल पर पहुंची जहां सेलेरियो कार के पीछे वरना कार एक्सीडेंटल हालत में खड़ी पाई गई। जांच में पता चला कि सेलेरियों कार ने अचानक ब्रेक लिये थे, जिससे वरना कार ने उसमें टक्कर मार दी। वरना में सचिन लोहिया सवार था जबकि सेलेरियों में विक्रांत, उसका दोस्त प्रभात शर्मा और एक दंपति सवार थे। विक्रांत का आरोप है कि सचिन ने उनके साथ बदसलूकी की तो उन्होंने अपने रियल एस्टेट के ऑफिस में फोन कर जानकारों को बुला लिया। इसके बाद सचिन लोहिया की कार में ही जमकर पिटाई की गई। सेलेरियों में सत्यप्रकाश और उनकी पत्नी गुंजन भी सवार थी। विक्रांत अरावली अपार्टमेंट, कौशांबी, गाजियाबाद का रहने वाला है। विक्रांत और प्रभात शर्मा का लामाइसोल इनोवेशन एंड डिजाइन टीएल रियल एस्टेट ऑफिस, खटाना बिल्डिंग, सीडीआर चौक, छतरपुर में है। दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। कथित विक्रांत और प्रभात शर्मा को पकड़कर पूछताछ की जा रही है और अन्य सह-अभियुक्तों की तलाश जारी है।

## बस व कार में टक्कर, कोई घायल नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

साकेत इलाके में शुक्रवार सुबह स्कूल बस और वैगनआर कार का एक्सीडेंट हो गया। हादसे के समय बस में दो स्कूली बच्चे सवार थे। दोनों बच्चे और बस स्टाफ को कोई नुकसान हादसे में नहीं पहुंचा। बताया जा रहा है कि होप हॉल फाउंडेशन, आरके पुरम की स्कूल बस गलत दिशा में आ रही थी। कोहरे के कारण हादसा हुआ। टक्कर इतनी तेज बताई गई कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार ड्राइवर को चोट आई है। उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती करवाया गया।डीसीपी साउथ चंदन चौधरी ने बताया कि सुबह 7:34 पर पीसीआर कॉल मिली थी। के ब्लॉक मदर डेयरी के पास स्कूली बस और कार में टक्कर हुई है। उस समय बस में दो बच्चे थे। उन्हें कोई चोट नहीं आई। कार का ड्राइवर राहुल कुमार बीएसएफ में कांस्टेबल पद पर कार्यरत है। उसे चोट पहुंची। मैक्स हॉस्पिटल में फर्स्ट एड देने के बाद उसे डिस्चार्ज कर दिया गया। बस ड्राइवर की लापरवाही इस घटना में सामने आई है।

## शराब पीकर वाहन चलाना पड़ा महंगा, गंवाई जान

**नई दिल्ली।** साकेत इलाके में टैक्सी चालक की हादसे में मौत हो गई। मृतक का नाम कुलदीप (30) बताया गया है। वह टिगड़ी एक्सटेंशन, खानपुर का रहने वाला था। हादसे के समय वह नशे में बताया गया है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार रात करीब 11 बजकर चार मिनट पर हादसे की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची जहां हरियाणा नंबर की डिजायर टैक्सी क्षतिग्रस्त हालत में पाई गई। ड्राइवर को एम्स ट्रामा सेंटर ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि टैक्सी चालक से ही कार का एक्सीडेंट हुआ था। शराब के नशे में संतुलन खोने की वजह से हादसा हुआ।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजू, पुत्रः** शंकर सिंह, **पताः** मकान नं. बी–1220, फेज–II, गौतम पुरी, बदरपुर, नई दिल्ली ने **FIR No. 348/2022, U/s 33/52 Delhi Excise Act, थानाः पुल प्रहलादपुर, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजू** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 348/2022, U/s 33/52 Delhi Excise Act, थानाः पुल प्रहलादपुर, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.02.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री हिमांशु तंवर
महानगर दण्डाधिकारी–10, दक्षिण–पूर्व जिला,
कमरा नंबर 307, तीसरी मंजिल,
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/15086/SED/2023-(Court Matter)


## अवैध हथियारों के पांच सौदागर गिरफ्तार, आधा दर्जन पिस्टल और सैकड़ों कारतूस बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



स्पेशल सेल ने अवैध हथियारों के पांच सौदागरों को गिरफ्तार किया है। इनमें गैंग का सरगना भी शामिल है। इनसे छह अवैध सिंगल-शॉट पिस्टल और .315 बोर के 200 कारतूस बरामद हुये हैं। आरोपी बिहार के मुंगेर से अवैध हथियार और एटा, यूपी से कारतूस खरीद दिल्ली/एनसीआर में हाशिम बाबा गिरोह के सदस्यों को आपूर्ति करते थे। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार हथियार तस्करों के नाम कपिल देव यादव उर्फ मलिक यादव, अखिलेश कुमार, लूरक कुमार, रघुवीर सिंह और मनोज कुमार है। पुलिस को एक हथियार तस्कर के सराय काले खां बस टर्मिनल पर पहुंचने का पता चला था। जाल बिछाकर बिहार के रहने वाले लूरक कुमार को गिरफ्तार किया गया। इसके पास से आधा दर्जन देशी पिस्टल और .315 बोर के 200 जिंदा कारतूस बरामद हुये। इसकी निशानदेही पर इस सिंडिकेट के सरगना कपिल देव यादव समेत अन्य लोगों को देश के विभिन्न हिस्सों से गिरफ्तार किया गया। कपिल और अखिलेश कुमार 18 महीने से अधिक समय से अवैध हथियारों और कारतूसों की तस्करी में शामिल थे। ये दोनों रब्बानी निवासी मुंगेर, बिहार से देशी पिस्टल खरीद उन्हें अच्छे मार्जिन पर बेचते थे।


**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचपीजीसीएल | आरजीटीपीपी, खेदड़, हिसार के 2×600 एमडब्ल्यू यूनिट्स के ऐश साइलोज और ऐश वाटर रिकवरी सिस्टम समेत वैक्यूम आधारित ऐश हैंडलिंग सिस्टम आटोमेटेड पीएलसी कंट्रोल्ड कम्प्रीहेंसिव हाईड्रो न्यूमेटिक (गीला और सुखा) के प्रचालन और रखरखाव हेतु वार्षिक प्रचालन अनुबंध। | 22.12.2023 12.01.2024 | 8.94 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 8222022077 xenahp.rgtpp@hpgcl.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/40/23814/I/88/7 दि. 29.12.23


### फर्जी वेबसाइट भी बनाई हुई थी

# खुद को सुप्रीम कोर्ट का वकील बताकर ठगी करने वाला जालसाज गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण जिले की साइबर पुलिस ने खुद को सुप्रीम कोर्ट का वकील बताकर ठगी करने वाले एक जालसाज को अरेस्ट किया है। आरोपी नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी, भोपाल का ड्रॉप आउट छात्र है। इसने विभिन्न कानूनी एजेंसियों द्वारा फ्रीज किए गए बैंक खातों को डीफ्रीज करने के बहाने पूरे भारत में सैकड़ों लोगों को चूना लगाया है। आरोपी ने लोगों का विश्वास जमाने के लिये एक फर्जी वेबसाइट भी बनाई हुई थी। पुलिस के अनुसार आरोपी का नाम प्रतीक दहिया है। इसकी निशानदेही पर अपराध में प्रयुक्त मोबाइल फोन, डेबिट कार्ड, आधार कार्ड तथा सिम कार्ड भी बरामद किया गया है। पुलिस को शिकायत प्राप्त हुई थी जिसमें हौज खास निवासी शिकायतकर्ता ने कहा था कि उसका बैंक खाता कुछ अनुचित लेनदेन की वजह से फ्रीज कर दिया गया था। इसके लिये उसने गूगल पर कानूनी मदद खोजने का प्रयास किया था। एक वेबसाइट पर मिले मोबाइल नंबर पर संपर्क किया तो शख्स ने खुद को सुप्रीम कोर्ट का वकील बताया। उसने पूरे भारत में पुलिस विभाग में अच्छे संपर्क होने का दावा किया था। कथित व्यक्ति ने शिकायतकर्ता को उसके बैंक खाते को डीफ्रीज करने और अन्य शुल्कों के बहाने धोखाधड़ी की और साइबर पुलिस स्टेशन, दक्षिण दिल्ली की आधिकारिक सरकारी ई-मेल आईडी द्वारा भेजे गए नकली ईमेल का स्क्रीनशॉट भी भेजा। प्रारंभिक जांच के दौरान शिकायतकर्ता से विस्तृत पूछताछ की गई। इसके अलावा, जिस माध्यम से धोखाधड़ी का पैसा जालसाज के बैंक खातों में स्थानांतरित किया गया था, उसे संबंधित जानकारी बैंकों से एकत्र की गई। उस मोबाइल फोन नंबर का सीडीआर भी एकत्र किया गया था जिसके माध्यम से शिकायतकर्ता को कॉल प्राप्त हुई थी। सभी विवरणों के विश्लेषण के दौरान यह पता चला कि पूरे भारत में कई शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें शिकायतकर्ताओं को एक ही तरीके से धोखा दिया गया था। एनसीआरपी पोर्टल और स्थानीय पुलिस स्टेशनों से विवरण प्राप्त किया गया और यह पता चला कि आरोपी व्यक्ति विशेष रूप से उन पीड़ितों को लक्षित कर रहा है जिनके खाते को पूरे भारत में कानूनी एजेंसियों से फ्रीज कर दिया गया है। जांच में यह भी पता चला कि आरोपी व्यक्ति वेबसाइट पर विभिन्न अधिवक्ताओं के नाम का उपयोग कर रहा है। आखिर में आरोपी व्यक्ति की लोकेशन ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स, नरेला में मिली। पुलिस टीम ने तुरंत छापेमारी की और आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी ने खुलासा किया कि उसने ठगी के इसी तरीके से 100 से अधिक लोगों को धोखा दिया है और सारा पैसा ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी पर खर्च किया है।




**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज भिवानी | गांव बापोदा, ब्लॉक भिवानी में आईपीबी और ड्रेन सहित गली/फिरनी की पेवमेंट। | 27.12.2023 16.01.2024 | 295.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज सोनीपत | रामधारी पुत्र गिन्नी से सज्जन पुत्र माया से तालाब तक नाले का निर्माण। (5 तालाब प्रणाली)। | बंद होने की तिथि 04.01.2024 | 19.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 3 | उपायुक्त, गुरुग्राम | वाहन किराये पर लेने हेतु निविदा। | बंद होने की तिथि 16.01.2024 | 50000/- | gurugram.gov.in | 9999117303 ditsgrg1@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव बोंद कलां, ब्लॉक बोंद कलां में एससी चौपाल का निर्माण। | 27.12.2023 03.01.2024 | 6.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव बोंद कलां में प्रजापति धर्मशाला का निर्माण + 2 कार्य। | 27.12.2023 03.01.2024 | 22.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज मुंडलाना, सोनीपत | गांव बसाना, ब्लॉक मुंडलाना में शरिया पाना सामान्य चौपाल को पूरा करना। सीएम 25284 + 3 कार्य। | 28.12.2023 03.01.2024 | 28.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416050239 kram8175@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज मुंडलाना, सोनीपत | गांव मुंडलाना में प्रफुल चक्की से अनाज मंडी गेट तक नाला का निर्माण + 8 कार्य। | 28.12.2023 04.01.2024 | 71.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416050239 kram8175@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज गोहाना, सोनीपत | कब्रिस्तान (कैलाना खास) में चारदिवारी का निर्माण + 4 कार्य। | 28.12.2023 04.01.2024 | 30.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9415051838 jitendersingh838@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज कथुरा, सोनीपत | गांव घरवाल (जिला परिषद) में ठोस कचरा प्रबंधन का निर्माण + 13 कार्य। | 28.12.2023 04.01.2024 | 66.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9415051838 jitendersingh838@gmail.com |
| 10 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सुल्तानपुरियां :- वाटर वर्क्स सुल्तानपुरियां में मौजूदा आरसीसी पाइप इनलेट चैनल को बदलना और मरम्मत, चारदिवारी को उठाना और मरम्मत तथा इससे सम्बन्धित अन्य सभी कार्य + 3 कार्य। | 28.12.2023 08.01.2024 | 94.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | भालोट डिस्टी. के आरडी 10950 से 11210 तक क्षतिग्रस्त लाइनिंग के भाग की रिलाइनिंग + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 03.01.2024 | 3.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 12 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में प्रांतीय उपमंडल सं. 4, लोनिवि बेंडर शाखा करनाल में स्टोन मैटल (जी-II) 53 मिमी से 22.4 मिमी तक को बिछाने और प्रावधान हेतु वार्षिक रखरखाव + 1 कार्य। | 27.12.2023 03.01.2024 | 16.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-kamal@hry.nic.in |
| 13 | पंचायती राज सोनीपत | गांव कथुरा, रिंधाना और आहूलाना ब्लॉक कथुरा में ग्रे वाटर मैनेजमेंट में ड्रेन और नाला का निर्माण + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 02.01.2024 | 38.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 14 | पंचायती राज फतेहाबाद | डांगरा, ब्लॉक टोहाना में पुरुषोत्तम दास पार्क (01HRFTBTHN0001DANG006) के पीछे आरओपी हेतु अतिरिक्त आकलन + 2 कार्य। | 28.12.2023 04.01.2024 | 8.29 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 15 | पंचायती राज अम्बाला | वीएएनजीवाई, गांव मुगल माजरा, ब्लॉक नारायणगढ़ में शमशान घाट में आईएलपीबी फ्लोरिंग का निर्माण + 1 कार्य। | 27.12.2023 02.01.2024 | 5.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 16 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा | डीजी सिविल एवियेशन द्वारा अनुमोदित कृषि उपयोग / आरपीटीओ द्वारा आवेदन / प्रशिक्षण केन्द्र / संस्थान हेतु 300 अदद किसानों / युवाओं इत्यादि के ड्रोन पायलट प्रशिक्षण के प्रावधान हेतु ई-निविदा सूचना। | 29.12.2023 13.01.2024 | 3 लाख | https://agriharyana.gov.in | 9416164940 agriharyana2009@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2024/320/23815/I/88/7 दि. 29.12.23

# राजधानी में छाया घना कोहरा, तापमान और गिरने का अनुमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पहाड़ों से आ रही है ठंडी हवाओं ने दिल्ली में शीतलहर ला दी है। और मौसम विभाग की माने तो न्यूनतम तापमान में और गिरावट आ सकती है। जिससे दिल्ली में सिहरन पैदा हो सकती हैं। हालांकि, शुक्रवार को घने कोहरे के नीचे छाने वाले बादलों में तब्दील होने के बाद दृश्यता में थोड़ा सुधार हुआ। विभाग ने बताया कि सुबह के वक्त शहर के अलग-अलग हिस्सों में घना से मध्यम कोहरा छाया रहा।

मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली के मुख्य मौसम केंद्र सफदरजंग में दृश्यता 200 मीटर और पालम में 50 मीटर रही। दृश्यता कम होने से तीसरे दिन भी रेलगाड़ियों का परिचालन प्रभावित हुआ तथा दिल्ली आने वाली 11 रेलगाड़ियां निर्धारित समय से देरी से चल रहीं हैं। मौसम विभाग ने कहा कि इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर कोहरे की स्थिति में शुक्रवार को काफी सुधार हुआ तथा घने कोहरे में सबसे कम दृश्यता 150 मीटर रही। मौसम विभाग ने बताया कि 'रनवे विजुअल रेंज' (आरवीआर) अब 400 से 800 मीटर तक है, जो बेहतर विमानन स्थितियों का संकेत है। मौसम विभाग ने बताया कि



दिल्ली में न्यूनतम तापमान 10.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से चार डिग्री सेल्सियस अधिक है। आईएमडी ने कहा कि शहर में सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 95 प्रतिशत दर्ज की गई। सुबह नौ बजे दिल्ली का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 332 रहा, जो बहुत खराब श्रेणी के अंतर्गत आता है। वहीं शाम को 359 एक्यूआई दर्ज किया गया।



### दिल्ली की हवा बनी हुई बेहद खराब

*दिल्ली के प्रदूषण की बात करें तो शुक्रवार को दिल्ली की हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। दिल्ली के औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक की बात करें तो 359 दर्ज किया गया है। जो कि खराब श्रेणी में दर्ज हुआ। वहीं दिल्ली के अन्य इलाकों की बात करें तो आईटीओ में 405, पंजाबी बाग में 405, नेहरू नगर में 411, पटपड़गंज में 411, वजीरपुर में 406, आनंद विहार में 431, अलीपुर में 302, शादीपुर में 374, एनएसआईटी द्वारका में 333, मंदिर मार्ग में 370, आरके पुरम में 390, नॉर्थ कैंपस डीयू में 370, मथुरा मार्ग 338, पूसा में322, सिरी फोर्ट में 325, आईजीआई एयरपोर्ट में 322, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 361 और द्वारका सेक्टर 8 में एक्यूआई 376 दर्ज किया गया।*

## खबर संक्षेप

### दिल्ली को अवैध कचरा प्वाइंट्स मुक्त बनाने के लिए महापौर करेगी विभिन्न क्षेत्रों का दौरा

नई दिल्ली। दिल्ली को अवैध कचरा प्वाइंट्स मुक्त बनाने के लिए महापौर शैली ओबरॉय विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करेंगी। इस बात की जानकारी महापौर ने शुक्रवार को दी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम की आम आदमी पार्टी सरकार दिल्ली को कूड़ा मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। वह जल्द यह सुनिश्चित करेंगी कि कहीं भी अवैध कचरा निपटान स्थल (जीवीपी) ना रहें। महापौर ने बताया कि उन्होंने शुक्रवार को निगम अधिकारियों के साथ जीवीपी हटाने के कार्य की समीक्षा करने के लिए बैठक की। जोन वार सभी जीवीपी स्थलों को हटाने के कार्य की प्रगति की समीक्षा की। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यह सख्ती से सुनिश्चित किया जाए कि तय समय सीमा के भीतर दिल्ली के सभी जीवीपी को हटाया जाए।

### बीएसईएस इलाके में सौर ऊर्जा की उत्पादन क्षमता बढ़कर हुई 160 मेगावॉट

नई दिल्ली। बीएसईएस इलाके में अब रूफटॉप सौर ऊर्जा की कुल उत्पादन क्षमता बढ़कर 160 मेगावाट यानी 1 लाख 60 हजार किलोवॉट हो गई है। इस बात की जानकारी शुक्रवार को बीएसईएस ने दी है। बीएसईएस ने कहा कि उपभोक्ताओं ने सौर ऊर्जा के 6 हजार से अधिक प्लांट लगाए हैं। जिन उपभोक्ताओं ने सौर ऊर्जा के प्लांट लगाए हैं, उनमें 3650 घरेलू उपभोक्ता हैं, जबकि, 1087 व्यावसायिक इकाइयां, 939 शैक्षिक संस्थाएं, 85 औद्योगिक इकाइयां और 129 अन्य श्रेणियों के उपभोक्ता शामिल हैं। बीएसईएस ने इन प्लांट्स को नेट मीटरिंग के माध्यम से अपने ग्रिडों से भी जोड़ा है। अगर इन रूफटॉप सौर ऊर्जा प्लांटों से हो रही बिजली उत्पादन की बात करें, तो व्यावसायिक श्रेणी के उपभोक्ताओं द्वारा सबसे अधिक, 57 मेगावॉट बिजली का उत्पादन किया जा रहा है। दूसरे नंबर पर शैक्षिक संस्थान हैं, जहां 45 मेगावॉट बिजली का उत्पादन हो रहा है। घरेलू उपभोक्ता 40 मेगावॉट बिजली का उत्पादन कर रहे हैं, औद्योगिक उपभोक्ता 6 मेगावॉट और अन्य श्रेणियों के उपभोक्ता 11 मेगावॉट बिजली का उत्पादन कर रहे हैं।

### मंत्री बनते ही स्वास्थ्य सचिव एसबी दीपक कुमार और तत्कालीन डीएचएस डॉ नूतन मुंडेजा को दिया था ऑडिट करने का आदेश : भारद्वाज

# नकली दवाओं का मामला : सौरभ ने केंद्र से की दोषी अधिकारियों को निलंबित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नकली दवाओं के मामले में दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने शुक्रवार को केंद्र सरकार से मांग की है कि इस पूरे मामले की जांच करवाई जाए और सख्त कदम उठाते हुए दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए, तथा जांच होने तक उन्हें उनके पद से निलंबित रखा जाए।

स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने शुक्रवार को प्रैसवार्ता में कहा कि कुछ दवाओं के मानक सही नहीं पाए जाने के मामले में अभी तक दिल्ली के माननीय उप राज्यपाल महोदय ने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कोई सख्त कदम नहीं उठाया है। जबकि मैंने 9 मार्च को मंत्री पदभार संभाला था और मार्च के महीने में ही स्वास्थ्य सचिव, डीजीएचएस एवं अन्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक उन्हें दवाइयों का ऑडिट कराने के आदेश दिए थे। परंतु स्वास्थ्य सचिव एसबी दीपक कुमार ने इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया और किसी प्रकार का कोई भी ऑडिट दवाइयां की खरीद फरोख्त के संबंध में नहीं कराया गया। इसके बाद जुलाई में फिर दोबारा एक रिमाइंडर स्वास्थ्य सचिव को मेरे द्वारा भेजा गया, कि क्यों नहीं अब तक आदेशों का पालन किया गया और क्यों नहीं दिल्ली सरकार के अस्पतालों में खरीदी जाने वाली दवाईयां तथा अन्य वस्तुओं का ऑडिट कराया गया। परंतु रिमाइंडर देने के बावजूद भी स्वास्थ्य सचिव ने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की। सौरभ ने कहा कि मैंने कई बार स्वास्थ्य सचिव को दवाइयां की खरीद फरोख्त के संबंध में ऑडिट करने के लिए आदेश दिए, परंतु स्वास्थ्य सचिव एसबी दीपक कुमार की ओर से कोई ऑडिट नहीं कराया गया और ना ही किसी प्रकार की कोई रिपोर्ट स्वास्थ्य मंत्री कार्यालय में जमा कराई गई।

मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली के उपराज्यपाल से और केंद्र सरकार से पूछा कि एक विभाग का मंत्री लगातार स्वास्थ्य सचिव को ऑडिट के लिए आदेश पर आदेश दे रहा है, परंतु स्वास्थ्य सचिव द्वारा ऑडिट नहीं कराया जा रहा है जिससे की साफ प्रतीत होता है, कि यदि दवाइयां की खरीद फरोख्त में कोई गड़बड़ी हुई है, जैसा कि एलजी कह रहे हैं, तो क्या उपराज्यपाल को और केंद्र में बैठी भाजपा सरकार को इन दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही नहीं करनी चाहिए।



### एलजी ने भी शिकायत पर नहीं लिया संज्ञान

सौरभ ने बताया कि अक्टूबर के माह में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के माध्यम से मैंने उपराज्यपाल महोदय को स्वास्थ्य सचिव एसबी दीपक कुमार और तत्कालीन डीजीएचएस नूतन मुंडेजा की शिकायत भेजी थी। दोनों अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए इनको इनके पद से निलंबित किया जाए। लेकिन उपराज्यपाल ने हमारी शिकायत पर कोई संज्ञान नहीं लिया और स्वास्थ्य सचिव एसबी दीपक कुमार और तत्कालीन डीजीएचएस डॉ नूतन मुंडेजा के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई। उन्होंने बताया कि किसी प्रकार की कोई कार्यवाही न होने के कारण हमें सुप्रीम कोर्ट का रुख करना पड़ा।

### दोषी अधिकारियों को बचाने में क्यों लगी है केंद्र : स्वास्थ्य मंत्री

मंत्री सौरभ भारद्वाज ने केंद्र सरकार से और उपराज्यपाल महोदय से प्रश्न पूछते हुए कहा, कि एक बात बिल्कुल समझ के परे हैं, कि आखिर भाजपा शासित केंद्र सरकार इन दोषी अधिकारियों को बचाने में क्यों लगी हुई है? उन्होंने कहा कि एसबी दीपक कुमार जो कि स्वास्थ्य विभाग के सचिव हैं, उनका यह कर्तव्य है कि समय-समय पर वह विभाग की कार्यवाहियों की जांच करते रहें, दवाइयों की खरीद फरोख्त की जांच करते रहे, परंतु उन्होंने अपने कर्तव्य का पालन ठीक तरीके से नहीं किया।

### अस्पतालों में नकली दवाओं के वितरण के लिए केजरीवाल सरकार को कभी माफ नहीं करेगी जनता : भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली की जनता दिल्ली सरकार के अस्पतालों में नकली एवं घटिया दवाओं के वितरण के लिए अरविंद केजरीवाल सरकार को कभी माफ नहीं करेगी। सचदेवा ने कहा है कि स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज लगातार दवा घोटाले पर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं और आज उन्होने खुद स्वीकार किया कि 7 मार्च को मंत्री बनते ही नकली एवं घटिया दवाओं की जानकारी मिल गई थी जो स्पष्ट करता है कि यह घोटाला मनीष सिसोदिया के स्वास्थ्य मंत्री कार्यकाल या उससे पहले से चल रहा था। दवा घोटाले की जांच में तत्कालीन मंत्रियों मनीष सिसोदिया एवं सत्येन्द्र जैन की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए। सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल सरकार बात बात पर जनसंवाद करने का दावा करती है पारदर्शी शासन का सपना दिखाती है पर आश्चर्य की बात है नकली एवं घटिया दवाओं की जानकारी मिलने के बाद मंत्री सौरभ भारद्वाज एवं उनके मुख्यमंत्री ने इस पर कोई जन चर्चा नहीं की, दवा वितरण रोकने का आदेश नहीं दिया और केवल फाइल पर जांच आदेश देकर जिम्मेदारी की इतिश्री कर ली। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली की जनता आज मंत्री सौरभ भारद्वाज से एक सवाल पूछ रही है की जब उन्हे 7 मार्च को नकली घटिया दवाओं की जानकारी मिल गई थी तो उन्होंने बात को 19 दिसम्बर तक जनता से क्यों छुपाया। सौरभ भारद्वाज जवाबदेह हैं कि 10 अक्टूबर को जांच रिपोर्ट आने के बाद भी वह 19 दिसम्बर को विजिलेंस विभाग की रिपोर्ट सार्वजनिक होने तक क्यों चुप रहे।

# मंत्री आनंद ने सहकारी समिति के स्टोर्स की क्षमताओं को बढ़ाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार (आरसीएस) मंत्री राजकुमार आनंद ने शुक्रवार को आरसीएस के सचिव और डीसीसीडब्ल्यूएस के महाप्रबंधक के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता कर सहकारी समिति के स्टोर्स की क्षमताओं को बढ़ाने के निर्देश दिए। मंत्री आनंद ने कहा कि बैठक का उद्देश्य मौजूदा सहकारी मॉडल के प्रदर्शन का आकलन करना और इसके विस्तार की संभावनाओं पर चर्चा करना था। चर्चा के दौरान, मंत्री ने सहकारिता होलसेल स्टोर में विविधता लाने के लिए एक



रणनीतिक पहल का प्रस्ताव रखा, जिसमें जनता के व्यापक हित के लिए नए स्टोर स्थापित करने और मौजूदा स्टोर्स की क्षमताओं को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

इसके अलावा मंत्री ने मासिक रिपोर्ट की अनुपस्थिति पर जोर दिया और एक समग्र सर्वेक्षण की सिफारिश की। सर्वेक्षण का उद्देश्य छोटे उद्योगों में अवसरों की पहचान करना है, विशेष रूप से उन पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करना है जो महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा कर सकते हैं।

- केजरीवाल सरकार सहकारी मॉडल को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम : आनंद

# आप से दुर्भावना के चलते केंद्र ने दिल्ली और पंजाब की झांकी रोकी : भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी से दुर्भावना के चलते केंद्र सरकार ने दिल्ली और पंजाब की झांकी को गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल नहीं किया। यह बात शुक्रवार को दिल्ली के कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री सौरभ भारद्वाज ने प्रैसवार्ता में कही। सौरभ ने प्रैसवार्ता में कहा कि यह बेहद ही अफसोजनक बात है, कि पिछले 3 साल से केंद्र सरकार 26 जनवरी को होने वाली झांकी परेड में दिल्ली की झांकियों के संबंध में दिए जाने वाले प्रस्ताव को ठुकरा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की झांकियों को ही 26 जनवरी की परेड में पिछले 3 साल से जगह नहीं दी जा रही है। सौरभ भारद्वाज ने बताया कि सन 2022 में हमने रिजॉल्व-75 नामक विषय पर अपना प्रस्ताव दिया था, इसी प्रकार से 2023 में हमने नारी शक्ति नामक विषय पर अपना प्रस्ताव दिया था और इस बार 2024 की झांकी परेड के लिए हमने विकसित भारत नामक विषय पर अपना प्रस्ताव दिया था। लगातार पिछले 3 साल से केंद्र सरकार हमारे, दिल्ली की 26 जनवरी की परेड झांकी में शामिल होने के, प्रस्तावों को नकारती आ रही है।

मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हमने भी केंद्र सरकार द्वारा दिए गए विषय के अनुसार ही अपना झांकी का प्रस्ताव तैयार किया था और हमारे प्रस्ताव के संबंध में केंद्र सरकार की तरफ से कुछ बदलाव के सुझाव आए थे, जिसको हमने स्वीकार भी कर लिया था और यदि केंद्र सरकार के कुछ और भी सुझाव होते तो दिल्ली सरकार उन सुझाव पर भी अवश्य विचार करती। परंतु केंद्र सरकार द्वारा सुझाए गए बदलाव को स्वीकृत करने के बावजूद भी दिल्ली सरकार की झांकियों को दिल्ली में होने वाली 26 जनवरी की परेड में शामिल होने का मौका नहीं दिया गया।

### आप से बदला लेने की नीयत से केंद्र अपना रही है दोहरा रवैया

मंत्री भारद्वाज ने केंद्र में बैठी भाजपा सरकार की नियत पर प्रश्न उठाते हुए कहा कि केंद्र में बैठी भाजपा सरकार केवल और केवल आम आदमी पार्टी से बदला लेने की नीयत से दोहरा रवैया अपना रही है। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि केंद्र सरकार ने सिर्फ दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा दिए गए झांकी के प्रस्ताव को अस्वीकार किया है, बल्कि पंजाब में भी आम आदमी पार्टी की सरकार द्वारा दिए गए प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है।

### सौरभ बताएं कि क्या दोनों आप सरकारें झांकी में अपने सीएम का लगाना चाहती थी चित्र : बांसुरी

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस परेड में दिल्ली और पंजाब की झांकी रोके जाने के आम आदमी पार्टी (आप) के आरोप पर दिल्ली भाजपा की सचिव बांसुरी स्वराज ने कहा कि यह खेदपूर्ण है कि आप के नेता लगातार गणतंत्र दिवस समारोह को विवादित करने का प्रयास कर रहे है। पहली बार 2013 में सत्ता पाने के बाद से आप गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर विवाद करती रही है। बांसुरी ने सौरभ से पूछा मीडिया से पता चला है कि दोनों सरकारें अपने मुख्यमंत्री का चित्र झांकी में लगाना चाहती थी।

### शिक्षा मंत्री ने व्हार्टन स्कूल, पेंसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी के एमबीए स्टूडेंट्स के साथ की चर्चा

# आप पार्टी इस बात का सबूत कि एक सामान्य व्यक्ति भी बदल सकता है दुनिया को : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी इस बात का सबूत है कि कैसे एक सामान्य आदमी, आम आदमी के जीवन को बेहतर बनाने की मजबूत इच्छाशक्ति के साथ राजनीति और दुनिया की दिशा बदल सकता है। यह बात शुक्रवार को ग्लोबल इमर्सन प्रोग्राम के तहत व्हार्टन स्कूल, पेंसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी से आए 30 एमबीए स्टूडेंट्स के साथ चर्चा के दौरान शिक्षा मंत्री आतिशी ने कही।

शिक्षा मंत्री आतिशी ने ग्लोबल लीडरशिप और पॉलिटिकल इनोवेशन को बढ़ावा देने के विषय में हुई इस चर्चा पर शिक्षा मंत्री आतिशी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा अपनाए गए गवर्नेंस मॉडल के विषय में साझा किया। चर्चा में शिक्षा मंत्री आतिशी ने आप के विकास के बारे में एक मनोरम जानकारी प्रदान की और व्हार्टन के छात्रों का ध्यान आकर्षित करते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली की परिवर्तनकारी यात्रा के बारे में विस्तार से बताया। बातचीत के दौरान, शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि गवर्नेंस में आने वाली विभिन्न समस्याओं और बाधाओं के बावजूद, लोगों की बेहतरी के लिए काम करना हमेशा केजरीवाल सरकार की प्राथमिकता रही है।



पिछले 9 सालों में, दिल्ली सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि राजधानी में बच्चों को वर्ल्ड क्लास शिक्षा मिले, लोगों को हाई क्वालिटी वाली स्वास्थ्य देखभाल, चौबीसों घंटे मुफ्त पानी और बिजली मिले क्योंकि ये सम्मानजनक जीवन जीने के लिए लोगों के बुनियादी अधिकार हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि दिल्ली में जो भी परिवर्तन आया ये सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण संभव हुआ। मंत्री आतिशी ने आगे चर्चा में इस बात पर जोर दिया कि बड़ा वैश्विक परिवर्तन तब संभव है जब बड़ी संख्या में शिक्षित व्यक्ति लोगों की बेहतरी के लिए काम करने को प्रतिबद्ध लोग राजनीति में प्रवेश करें। उन्होंने जोर देकर कहा, यह वैश्विक स्तर पर राजनीतिक नेतृत्व के एक नए युग की शुरुआत करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। बातचीत के दौरान, मंत्री आतिशी ने एक आम वालंटियर से दिल्ली कैबिनेट में एकमात्र महिला मंत्री के रूप में अपनी यात्रा भी साझा की।

# भीड़ हिंसा : पीड़ितों के लिए मुआवजे की योजना को उपराज्यपाल ने दी मंजूरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने दिल्ली पीड़ित मुआवजा योजना 2018 में संशोधन को मंजूरी प्रदान की, जिससे भीड़ हिंसा के पीड़ितों और पीट-पीट कर हत्या के मामलों में मृतकों को अनुग्रह राशि का भुगतान किया जा सकेगा। राज निवास के अधकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, उच्चतम न्यायालय ने राज्य सरकार को एक महीने के भीतर इस तरह की योजना बनाने का निर्देश दिया था लेकिन दिल्ली सरकार ने प्रस्ताव दाखिल करने में पांच वर्ष लगा दिए। संशोधित योजना के तहत 'पीड़ित' की परिभाषा में बदलाव किया गया और भीड़ हिंसा के पीड़ित व्यक्ति या मृतक के अभिभावक या



कानूनी उत्तराधिकारी को इस योजना में शामिल किया गया है। अधिकारी ने बताया कि घटना के 30 दिनों के भीतर पीड़ित या मृतक के परिजनों को अंतरिम राहत का भुगतान करने का प्रस्ताव किया गया है। शीर्ष अदालत ने 17 जुलाई 2018 को निर्देश दिया था कि राज्य सरकारों को फैसले के एक महीने के भीतर दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 357 ए के प्रावधानों के तहत भीड़ हिंसा मुआवजा योजना को तैयार करना होगा। अदालत ने दिशा-निर्देश जारी किए थे कि मुआवजा प्रदान करने वाली इस योजना में राज्य सरकारें शारीरिक चोट, मानसिक पीड़ा और रोजगार के नुकसान को ध्यान में रखेंगी। अधिकारी ने बताया कि भीड़ हिंसा की वजह से पीड़ित के रोजगार के अवसर को हुई क्षति का आकलन करते वक्त शिक्षा का मौका छूटने, कानूनी, चिकित्सा और अन्य मदों पर होने वाले खर्च को भी ध्यान में रखा जाएगा। अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पीड़ित मुआवजा योजना, 2018 को 27 जून, 2019 को तत्कालीन उपराज्यपाल की मंजूरी के साथ अधिसूचित किया गया था लेकिन भीड़ हिंसा के लिए मुआवजे का मुद्दा इसमें शामिल नहीं था।

**खबर संक्षेप**

## महाराष्ट्र मित्र मंडल ने मनाई दत्तात्रेय जयंती



**फरीदाबाद।** महाराष्ट्र मित्र मण्डल द्वारा दत्त जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया। दत्तात्रेय भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश के अवतार माने जाते हैं। दत्तात्रेय को भगवान शंकर का साक्षात रूप माना जाता है। दत्तात्रेय ब्रह्मचारी, अवधूत और दिगंबर थे। दत्तात्रेय जी ने 24 गुरुओं से शिक्षा प्राप्त की थी। कार्यक्रम में श्री दत्त भगवान की पूजा अर्चना दिनेश मेस्त्री व नेहा मेस्त्री द्वारा की गई।

## दुकान में सेंधमारी कर नकदी व सामान चोरी



**गुरुग्राम ।** बादशाहपुर में चोरों ने एक स्पोर्टस की दुकान में सेंधमारी कर नगदी व सामान पर हाथ साफ कर लिया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु की। विशाल कुमार ने कहा कि उसकी पिछले दो साल से सनसाइन स्पोर्टस वियर के नाम से शॉप है। बीती रात को करीब नौ बजे वह शॉप को बंद कर घर चला गया। सुबह वह दुकान पहुंचा तो सामान फैला मिला।

## डेबिट कार्ड बदलकर 50 हजार रुपए निकाले

**गुरुग्राम ।** पटौदी थाना एरिया में एटीएम बूथ पर खड़े युवक द्वारा डेबिट कार्ड बदलकर 50 हजार रुपये निकालने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। दिनेश कुमार ने कहा कि उसकी पत्नी का अकाऊंट पंजाब नेशनल बैंक पटौदी में है।

## फरीदाबाद पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

वाहन को व आने वाले दिनों में कोहरे व धुंध के कारण सड़कों पर दृश्यता कम हो जाती है। जिसमें विजिविलिटी काफी 0.5 मीटर कम हो जाती है ऐसे में सभी वाहन चालकों को सड़कों पर वाहन चलाते समय अत्याधिक सावधानी व सतर्कता रखनी होगी।

# कोहरे से बचने 210 वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर टेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस ने यातायात एडवाइजरी जारी की है। कोहरे में सफर के दौरान सावधानी रखने से वाहन चालक न केवल स्वयं की बल्कि अन्य वाहन चालकों को भी सुरक्षित रख सकता है। यातायात पुलिस के द्वारा वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाने के लिए विशेष अभियान चला रही है। अभियान इंस्पेक्टर सतीश कुमार टीआई ग्रेटर फरीदाबाद के नेतृत्व में मुख्य सिपाही कासिम, एचजीएच विनोद के साथ आरअसओ वाइस प्रेसिडेंट एस.के.शर्मा, सतीश चंदीला, सतीश कपूर, कुलदीप भाटिया, बी के मण्डल, संजीव भारद्वाज, सन्दीप चन्देला, कुनाल चन्देला व अन्य ने अभियान में भाग लिया है। इस अभियान में 210 वाहनों में रिफ्लेक्टर टेप लगाकर लोगों को जागरुक किया है।



### आवाजों का ध्यान रखने वाहनों के शीशे थोड़ा नीचे रखें

मोबाइल फोन व म्यूजिक का उपयोग करने से बचें तथा बाहर की आवाज का ध्यान रखने के लिए वाहनों के शीशे थोड़ा नीचे रखें ताकि जो दिखाई न दे सके। उसे सुनकर यात्रा को पूर्ण रूप से सुरक्षित बनाया जा सके। खराब मौसम में आपात परिस्थितियों में वाहन को रोकना हो तो जहां तक संभव हो वाहन को सड़क से नीचे उतारकर रोका जाए। अगर वाहन चालक मामूली सावधानी भी बरतें तो कोहरे में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से आमजन को बचाया जा सकता है।

### वाहनों को लो-बीम लाइट पर रखने की हिदायत

वाहन को व आने वाले दिनों में कोहरे व धुंध के कारण सड़कों पर दृश्यता कम हो सकती है। जिसमें विजिविलिटी काफी 0.5 मीटर कम हो जाती है ऐसे में सभी वाहन चालकों को सड़कों पर वाहन चलाते समय अत्याधिक सावधानी व सतर्कता रखनी होगी। वाहन चालक स्पीड़ का विशेष ध्यान रखते हुए वाहन को धीमी गति से चलाएं। खराब मौसम के दौरान सड़क पर सफर के दौरान वाहन चालक यह भी सुनिश्चित करें कि वाहनों की लो-बीम लाइट, हेड लाइट, टेल लाइट, फॉग लाइट सहित पार्किंग इंडिकेटर, ब्रेक, टायर, विंडस्क्रीन वाइपर, बैटरी व कार हीटिंग सिस्टम सही तरीके से काम कर रहे हैं। कोहरे में विजिविलिटी कम होने पर वाहन के पार्किंग इंडिकेटर ऑन रखें। हेड लाइट का कम प्रयोग करें क्योंकि कोहरे में हेड लाइट ऑन करने पर रिफ्लेक्शन के कारण सडक पर सामने कम दिखाई देता है। इसलिए लो-बीम लाइट का प्रयोग करें। वाहन के आगे पीछे रिफ्लेक्टर लाइट व रिफलेक्टिव टेप अवश्य लगवाएं। धुंध व कोहरे के दौरान सड़क पर चलते हुए वाहनों के बीच उचित दूरी बनाकर रखे।

**3 जन. तक ईआरओ से करवा सकते हैं दावे**

## गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की मतदाता सूची का प्रकाशन 18 जनवरी को



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की मतदाता सूची का फाइनल प्रकाशन 18 जनवरी को हरियाणा सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार किया जाएगा। विक्रम सिंह ने कहा कि आगामी 3 जनवरी तक ईआरओ के कार्यालयों में नाम दर्ज करवाने के लिए दावे और आपत्ति करवा सकते हैं।

डीसी ने कमेटी चुनाव के लिए मतदाता सूची के फाइनल ड्राफ्ट बारे समीक्षा कर कहा कि चुनाव के लिए मतदाता सूची में 3 जनवरी 2024 तक नाम दर्ज करवा सकते हैं। एसडीएम को बडख़ल व बल्लभगढ़ के लिए सहा.रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया ।

### वेबसाइट पर उपलब्ध है प्रारूप

बैठक में नोडल अधिकारी गौरी मिड्ढा ने बताया कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के चुनाव के लिए मतदाता सूची का मसौदा 18 दिसंबर 2023 को प्रकाशित किया जा चुका है। वहीं मतदाता सूची के प्रारूप की एक प्रति संबंधित उपायुक्तों, डीसी की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। इसकी एक प्रति संबंधित उपायुक्त, रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, तहसीलदार, पटवारी के कार्यालय और ऐसे क्षेत्र में स्थित प्रत्येक अधिसूचित सिख गुरुद्वारों में भी उपलब्ध है।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम**

# हर रोज 2 गांव और शहर के दो वार्डों को कवर कर रही मोदी की गारंटी वाली गाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

डीसी विक्रम सिंह ने की विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में ज्यादा से ज्यादा जन भागीदारी सुनिश्चित करें। डीसी ने कहा प्रतिदिन 2 गांवों और शहर के दो वार्डों को मोदी के गारंटी वाले रथ प्रचार वाहन कवर कर रहा है। डीसी ने कहा कि देश सहित पूरे प्रदेश में आगामी 26 जनवरी तक आयोजित होने वाली विकसित भारत संकल्प यात्राएं जन संवाद कार्यक्रमों में जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी अपनी उपस्थिति दर्ज करना सुनिश्चित करें।

**खास बातें**

- इस यात्रा में ज्यादा से ज्यादा जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कार्य करें अधिकारी
- स्कूली विद्यार्थियों की भागीदारी के लिए विकसित भारत थीम पर प्रतियोगिताओं का आयोजन

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में ज्यादा से ज्यादा जन भागीदारी सुनिश्चित करें। डीसी ने कहा प्रतिदिन 2 गांवों और शहर के दो वार्डों को मोदी जी के गारंटी वाले रथ प्रचार वाहन कवर कर रहा है।

### ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए दो रथ



उपायुक्त ने कहा कि फरीदाबाद में ग्रामीण क्षेत्रों को कवर करने के लिए अब से दो रथ चलाई जाएंगी। जिससे ज्यादा ग्राम वासियों को इस यात्रा का लाभ प्राप्त हो सके। सभी विभागों के जिला नोडल अधिकारी और फील्ड अधिकारी इस यात्रा में ज्यादा से ज्यादा जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कार्य करें। यात्राओं में युवाओं व स्कूली विद्यार्थियों की भागीदारी के लिए विकसित भारत थीम पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए तथा विजेताओं और लाभार्थियों को इनाम या पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया जा रहा है। डीसी ने कहा कि यात्राओं में आयुष, हेल्थ, शिक्षा, क्रिड, समाज कल्याण आदि द्वारा आमजन की सुविधा के लिए कैम्प भी लगाए जा रहे हैं। इसी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा विकसित भारत थीम पर स्कूली बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही है। जिससे की युवा वर्ग की भागीदारी भी इस यात्रा में सुनिश्चित की जा जाए। इसके माध्यम से आमजन तक केंद्र व राज्य सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाने का कार्य तथा भावी लाभार्थियों को चयनित कर उन्हें योजना का लाभ देने का कार्य किया जा रहा है।

## ठंड से राहतः ननि ने 75 स्थानों पर कराई अलाव की व्यवस्था

**गाजियाबाद।** बढ़ती ठंड को देखते हुए गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत अलाव की व्यवस्था को नगर आयुक्त के आदेश पर बढ़ा दिया गया है, पांचो जोन में सार्वजनिक स्थानों पर ठंड से बचाव हेतु अलाव लगभग 30 स्थान पर डाला जा रहा था, वर्तमान में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बढ़ती शीत लहर को देखते हुए राहगीरों की सहूलियत के लिए अलाव व्यवस्था के स्थान की संख्या बढ़ा दी गई है, गाजियाबाद नगर निगम उद्यान विभाग द्वारा लगभग 75 स्थान पर अलाव डाला जा रहा है जिससे राहगीरों वहां अस्थाई रूप से रुकने वाले निवासियों को ठंड से राहत मिल रही है1 गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारी बढ़ती ठंड में व्यवस्थाओं को संभालने में लगे हुए हैं । निराश्रित लोगों के लिए आश्रय स्थल भी व्यवस्थित किए गए हैं जिसमे प्रतिदिन व्यवस्थाओं का जायजा जोनल प्रभारी अपने-अपने जोन में ले रहे हैं।

▶ बढ़ती ठंड को देखते हुए नगर आयुक्त ने अलाव बढ़ाने के दिए आदेश

## दिल्ली-एनसीआर में दो सौ से ज्यादा वाहन चुराने वाले मेवाती गिरोह का पर्दाफाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

क्राइम ब्रान्च पुलिस कमिश्नरेट ने दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय दो पहिया वाहनों की चोरी करने वाले मेवाती गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है । जिनके कब्जे से चोरी के 20 दो पहिया वाहन, फर्जी नम्बर प्लेट व चोरी करने के उपकरण बरामद किये गए हैं। सभी को नन्दग्राम इलाके से गिरफ्तार किया गया है।

एडीसीपी सच्चिदानंद ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों में अंसार निवासी ग्राम कावान कबास थाना खो तहसील डींग जनपद भरतपुर राजस्थान है। जो इस गिरोह का सरगना है। इसके अलावा अफ़ज़ल (मेरठ),रमजान (भरतपुर),विजयपाल (अलवर), मिन्ना, साबिर व शाकिर (भरतपुर) के नाम शामिल हैं।

पूछताछ पर अंसार ने बताया कि वह वर्ष 2011 से दो पहिया वाहन चोरी करने का काम कर रहा है, इसके लिए एक गिरोह बनाया है । ये गिरोह उत्तर प्रदेश, दिल्ली एनसीआर, हरियाणा व राजस्थान में दो पहिया वाहनों की चोरी करता है। अभी तक 200 से अधिक दो पहिया वाहनों की चोरी कर चुके है तथा चोरी किए गए वाहनों को मेवात मे ले जाकर हेमु उर्फ अँशु, मुब्बा व अफजल की मदद से बेच देते है। विगत कुछ समय से पुलिस राजस्थान मे हमारे ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी जिसके डर से हमने अपने ठिकानों से सभी दो पहिया वाहन हटा कर अफजल की मदद से गाजियाबाद में छिपा कर रखे थे कि पुलिस ने पकड लिया। मेरे गैंग के सभी सदस्यों को दो पहिया वाहनों की चोरी कर उनको बेचने से जो रूपये मिलते है उन्ही से हम अपने घर का खर्चा चलाते है तथा अपने शौक पूरे करते है। गिरफ्तार अभियुक्तगण पूर्व में दिल्ली, उत्तर प्रदेश व राजस्थान से कई बार जेल जा चुके है ।

**गुमशुदा व्यक्ति की तलाश**



यशदीप

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति (फोटो में दिखाया गया) जिसका यशदीप **S/o** शैलेन्द्र **R/o** पाना शिकन वीपीओ नहरी जिला सोनीपत हरियाणा **उम्र** 23 साल जो कि 25.12.2023 को करीब दोपहर 3 बजे लामपुर रोड से लापता है। इस बाबत **DD No.09A दिनांक 27.12.2023** थाना नरेला, दिल्ली में दर्ज है। इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है:
**रंगः** गोरा, **कदः** 5'6", **चेहराः** लम्बा, **शरीरः** मध्यम, **पहचानः** गर्दन के दाहिनी ओर 'माँ' का टैटू है, जिसने लाल रंग की प्रिंटेड कमीज, जींस पैंट और सफेद रंग के जूते पहने हैं।
अगर किसी व्यक्ति को इस लापता व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी/सूचना मिले तो थानाध्यक्ष नरेला, दिल्ली को ई-मेलः cic@cbi.gov.in और वेबसाइट : http://cbi.nic.in पर सूचित करने की कृपा करें।

हस्ता/–
थानाध्यक्षः नरेला, दिल्ली
फोनः 011-27280435, 27282350
मो.: 9315759395, 8459798898

फोन नं.: 011-24368638, 24368641
फैक्स नं.: 011-24368639
दि.पु./15114/बाहरी उत्तर/2023

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | एचएसआईआईडीसी आईएमटी मानेसर में पॉकेट-वाई (फेज-V) का विकास। | 01.01.2024 24.01.2024 | 1338.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9911500047 ia.manesar@hsiidc.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/40/23809/I/88/7 दि. 29.12.23

**हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग**
**बेज नं. 67–70, सेक्टर–2, पंचकूला–134151**
**(www.hssc.gov.in)**

**माध्यमिक शिक्षा विभाग के विज्ञा. सं. 04/2015, श्रेणी सं. 16 के तहत पीजीटी संस्कृत (आरओएच) के पद हेतु परिशिष्ट**

एसएलपी (सिविल) सं. 3263 ऑफ 2023 शीर्षक तरसेम शर्मा एवं अन्य बनाम हरियाणा सरकार एवं अन्य में पारित आदेश दिनांक 15.12.2023 और दिनांक 27.12.2023 की सूचना के अनुपालन में, यह सभी सम्बन्धित उम्मीदवारों की सूचना हेतु है कि आयोग ने उन उम्मीदवारों को जिनके अनुक्रमांक नीचे दिये गये हैं, साक्षात्कार / मौखिक परीक्षा हेतु दिनांक 02.01.2024 को पूर्वा. 10.00 बजे आयोग के कार्यालय अर्थात बेज नं. 67–70, सेक्टर–2, पंचकूला, हरियाणा में विज्ञा. सं. 4/2015 श्रेणी सं. 16 के तहत पीजीटी संस्कृत (आरओएच) के पद हेतु बुलाने का निर्णय लिया है।

उम्मीदवारों को सभी मूल दस्तावेज के साथ सभी दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियों का एक सैट और आवेदन प्रपत्र की डाउनलोडेड स्व-सत्यापित प्रति, दो अद्यतन फोटो और एक आईडी साक्ष्य लाने का भी निर्देश दिया जाता है। यदि कोई उम्मीदवार साक्षात्कार/मौखिक परीक्षा हेतु दिनांक 02.01.2024 को उपस्थित नहीं होता तो उसे इसके पश्चात कोई अवसर नहीं दिया जाएगा। 02.01.2024 को साक्षात्कार हेतु उम्मीदवारों के अनुक्रमांक निम्नानुसार हैं :-

41600124 41601520 41601924 41602669 41603450 41604164
41600522 41605573 41601982 41602832 41603690 41605046
41602078 41602845 41603939 41605454

1. यद्यपि परिणाम तैयार करने और अपलोड करने में पूर्ण सावधानी बरती गई है, अनजाने में / तकनीकी त्रुटियों की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। आयोग इसे बाद में सुधारने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
2. यह सूचना एचएसएससी की वेबसाइट अर्थात् www.hssc.gov.in पर भी उपलब्ध है।

दिनांक पंचकूला
28 दिसम्बर 2023

हस्ता/– सचिव
हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग
पंचकूला

संवाद विज्ञा. सं.–1159/13/600/2024/23807/88/7 दि. 29.12.23

## दोस्त पर कार चढ़ाकर हत्या करने का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** बादशाहपुर एरिया में टैक्सी चालक द्वारा कार चढ़ाकर दोस्त की हत्या करने के मामले में पुलिस ने महज 24 घंटे के दरमियान मुख्य आरोपी को काबू कर लिया। पुलिस ने वारदात में प्रयोग की गई स्विफ्ट कार भी बरामद कर ली। वहीं मृतक की मारुति एस्प्रेसो तथा अन्य आरोपी साथी की ह्युडई ओरा भी पुलिस कब्जा में ली हैं। एसीपी बादशाहपुर प्रियांशु दीवान, बादशाहपुर थाना पुलिस, सीन-ऑफ-क्राइम, एफ.एस.एल. व फिन्गरप्रिंट की पुलिस टीमों ने मौके पर जांच की और शव को मोर्चरी, गुरुग्राम में रखवा दिया।

**IndusInd Bank**

Office address: 43, Bhageria House, New Friends Colony, New Delhi - 25

**Hypothecated Repossessed Vehicle Auction/Sale Notice to General Public**
**IndusInd Bank Ltd. is inviting Quotations in sealed Envelope from General Public for the auction of below vehicles as per below mentioned Specification on "AS IS WHERE IS BASIS" Vehicle's Model & Registration No. Given Below**


| Deal No | Customer Name | Registration No | Engine No | Chassis No | Model | Year of Mfg |
|---|---|---|---|---|---|---|
| DAS03754L | SHAILESH KUMAR | HR55AM6427 | E446CDNG038784 | MC2EBJRC0NGB17336 | EICHER PRO 2095 G HSD BS V | 2022 |
| DAS03830L | RAM | DL1LAH2495 | UKN1G26392 | MA1ZP2UKKN1G66865 | BMT PLUS CNG MS BS VI | 2022 |
| DBO00206L | AD ENTERPRISES | HR55AQ4992 | 33LNGD06NXX532376 | MAT563011N7N25909 | TATA 1512 LPT BS VI | 2023 |
| DDM00944L | ANOKHE | HR38AD0449 | 3.3LNGD06EXX513586 | MAT785004N7E11656 | TATA LPT 1212 / DCR 48 HSD BS VI | 2022 |
| DDM01052L | MUNEEB | DL1LAJ0682 | UKN1G25996 | MA1ZP2UKKN1G54360 | BMT PLUS CNG PS BS VI | 2022 |
| DDZ02119L | Santa Fee Packers And Movers | DL1LAD4208 | E414NCKK304302 | MC2C6ERC0KK452837 | Eicher 10.59 (3.35 Payload Truck) | 2019 |
| DDZ02800L | PHOOL | DL1LAJ0994 | UKN1G27238 | MA1ZN2UKKN1G70679 | BOLERO PIK-UP CNG PS BS VI | 2022 |
| DDZ02848L | SANJU | DL1LAJ3281 | UKN1M29440 | MA1ZP2UKKN1M17579 | BMT PLUS CNG PS BS VI | 2023 |
| DDZ02852L | T C Disposable Industrial Works | DL1LAJ4796 | 3.8SGI79NXX630852 | MAT810002N8N23601 | TATA 709G LPT DCR 38 HSD 85 BS VI | 2023 |
| DDZ02949L | RAVI KUMAR TIWARI | DL1GE2275 | 3.8SGI81BWX604948 | MAT563060P5B02081 | TATA 1512 G LPT HSD CNG Bs6 | 2023 |
| DED00604L | SANJAY | DL1LAG6819 | 3.8SGI79CXX606341 | MAT810003N8C05736 | TATA 709G LPT DCR 38 HSD 85 BS VI | 2022 |
| DED00717L | RAM KRIPAL | UP50DT7406 | 3.3LNGD06NXX533827 | MAT563010NAN12788 | TATA 1512 LPT DCR 48HSD BSVI | 2023 |
| DGP01359L | BHAIYA LOGISTICS | HR55AL9850 | 3.8SGI79CXX805963 | MAT810002N5C06108 | TATA 709G LPT DCR38 CBC CNG BS VI | 2022 |
| DGP01504L | PRADEEP | HR55AM6529 | NFPZ124603 | MB1A3GCD0NAEM7413 | ASHOK LEYLAND 1615HE 4750 DC HSD CNG Bs6 | 2022 |
| DSG00362L | ARSAL | HR38AD4419 | NHHZ413660 | MB1A3HCDXNRHX6644 | AL 1615 22FT CNG Bs6 | 2022 |
| DSG00501L | SUBHASH | DL1LAJ0295 | UKN1G27705 | MA1ZP2UKKN1H72939 | BMT PLUS CNG PS BS VI | 2022 |
| DDV01591L | RAHUL | DL1LAF1200 | UKL1L21125 | MA1ZN2UKKM1B19518 | M&M BOLERO PICK UP 1.25T PS BS 6 | 2021 |
| DNE01472C | LALIT KUMAR | HR51CH7211 | G12BN1096822 | MA3ERLF1S00A43363 | EECO 5STR AC CNG | 2022 |
| DDA01169G | RAVI KUMAR | DL1LAC5774 | LCK6A14180 | MA1FN2LCRK6C59823 | M & M SUPRO MINI TRUCK CNG | 2019 |
| DMM03599G | RESHMA | UP15GT1248 | 275CNG17KXXSE5130 | MAT556002NVK60292 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2023 |
| DMM03221G | AMIT | UP15FT5272 | 275CNG17AXXS00068 | MAT556002NVA00267 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2022 |
| HDD00773G | YUNUS | UK07CD1861 | G12BN1143040 | MA3EZLF1T00252570 | MARUTI SUPER CARRY STD 1.2L 5MT BS VI | 2023 |
| DMM03489G | SHARUKH KHAN | UP15FT9756 | MAT556002NVG44515 | 275CNG17GXXSA6032 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2022 |
| UHM01217G | MAHESH DAL CHANDRA | UK06TA6721 | AZXWND29356 | MD2B47AX2NWD34114 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2022 |
| DDU03307G | UTTAM | HR55AK0139 | AZXWMJ88525 | MD2B18BX7MWJ57990 | BAJAJ RE MAXIMA X WIDE CNG Bs6 | 2022 |
| DDU03557G | PRAVEEN | HR55AM9978 | AZXWNC76117 | MD2B47AX0NWC21049 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2022 |
| DNG01877G | VIJAY CHAUDHARY | DL1LAD2003 | 275CNGGPYSA8595 | MAT445315KVG44569 | Tata ACE | 2019 |
| DNG02699G | GUFRAN | DL1LAJ3149 | 275CNG17NXXSF6363 | MAT556002NVN65171 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2023 |
| DNG02638G | CHANDAN | DL1LAH7350 | 275CNG17GXXSA7179 | MAT556004NVH45368 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2022 |
| DNG02706G | BARHM DEV | DL1LAJ3580 | 275CNG17NXXSG3449 | MAT556002NVN67938 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2023 |
| DAS00810G | PURUSHOTTAM | DL1LAJ1532 | 275CNG17KXXSE9037 | MAT556002NVK62205 | TATA ACE | 2022 |
| DAS00729G | NIRMAL | DL1LAH6529 | LHN6E22277 | MA1FN2LHRN6E62139 | MAHINDRA SUPRO | 2022 |
| DBR00611G | ASHOK | DL1LAH9883 | 275CNG17KXXSD7850 | MAT556004NVK57555 | TATA ACE | 2022 |
| DAS00775G | CHANDAN | DL1LAJ0851 | 275CNG17KXXSD7245 | MAT556002NVK57382 | TATA ACE | 2022 |
| DDP01900G | BASANT | HR73B1682 | AZXWPK50545 | MD2B17AX7PWK48435 | BAJAJ MAXIMA Z CNG BS VI | 2023 |
| DDP01839G | BHAGAT SINGH | HR73B3444 | AZXWNH65201 | MD2B47AX8NWH82678 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2023 |
| DAS00493G | DINESH | DL1LA8354 | 275CNG17KYXS96387 | MAT556002MVK49937 | TATA ACE GOLD CNG BS 6 | 2021 |
| DAS00472G | SARVESH | DL1LAF6992 | 275CNG17KYXSA2278 | MAT556002MVK52778 | TATA ACE GOLD CNG BS 6 | 2021 |
| DAS00805G | PRAVEEN | DL1LAJ0882 | 275CNG17KXXSE1469 | MAT556002NVK59239 | TATA ACE GOLD CNG BS 6 | 2022 |
| UBS01292G | SANTOSH KUMAR | UP27BT2476 | XUN6G25426 | MA1FN2XURN6G64815 | MAHINDRA SUPRO PROFITTRUCK MINI VX BS 6 | 2022 |
| UBS01260G | VIMLESH KUMAR | UP27BT1961 | TEP3SDZ3003380 | MBX0006DFZH125809 | PIAGGIO APE PAX 230CC CITY + CNG BS VI | 2022 |
| UBS01335G | AMIT VIKRAM | UP27BT3552 | AMBCSH13009419 | MBX000YCF1H215049 | PIAGGIO APE PAX 230CC CITY + CNG BS VI | 2022 |
| UBS00951G | RAMVEER | UP27AT9213 | 275MPFI01GZXK03246 | MAT559005LVG18728 | TATA ACE GOLD DIESEL BS VI | 2020 |
| UYN00428G | HariOm | UP24AT3850 | 15CRAIL05GXXSA3609 | MAT535073NYG35632 | TATA INTRA V30 BS VI | 2022 |
| UYN00472G | RajKumar | UP24AT4071 | AMBCSE13007484 | MBX0007CF1E184232 | APE AUTO PLUS HT CNG (D+5) Bs6 | 2022 |
| UYN00497G | NEK PAL | UP24AT4675 | TD3CSK13015083 | MBX0007MF1K233940 | APE AUTO PLUS Bs6 | 2022 |
| UYN00571G | WAHIDALI | UP24AT4981 | AMBCSK13010702 | MBX0007CF1K236556 | APE PAX 230CC CITY + CNG BS VI | 2022 |
| UYN00573G | SARVESH | UP24AT4981 | TBP0SH13004701 | MBX0009HF1H205637 | PE CITY NXT+ CNG BS | 2022 |
| UYN00428G | Hariom | UP24AT3850 | 15CRAIL05GXXSA3609 | MAT535073NYG35632 | TATA INTRA V30 BS VI | 2022 |
| UYN00497G | NEK PAL | UP24AT4675 | TD3CSK13015083 | MBX0007MF1K233940 | APE AUTO PLUS bS6 | 2022 |
| UBP00103G | AJAY TEJRAM | UP26T9349 | 27640 | M4LUERSABJM027632 | PANTHER E-RICKSHAW 1+4 PASSENGER | 2023 |
| UBP00101G | NARESH SINGH | UP26T9420 | 27696 | M4LUERSABJM027688 | PANTHER E-RICKSHAW 1+4 PASSENGER | 2023 |
| UBP00156G | VIPIN JOSHI | UP26T9854 | MOTORNO30286 | M4LUERSAEJM030278 | PANTHER E-RICKSHAW 1+4 PASSENGER | 2023 |
| UBP00145G | AKASH KUMAR DWIVEDI | UP26T9852 | MOTORNO27943 | M4LUERSABJM027935 | PANTHER E-RICKSHAW 1+4 PASSENGER | 2023 |
| UBP00046G | GAURAV KUMAR | UP26T8743 | 13595 | M4LUERSALGM013587 | PANTHER E-RICKSHAW 1+4 PASSENGER | 2022 |
| UBP00054G | SIYARAM RAMESHVAR | UP26T8861 | 24838 | M4LUERSALHM024830 | PANTHER E-RICKSHAW 1+4 PASSENGER | 2022 |
| UBP00058G | NADEEM SALEEM MOHAMMAD | UP26T8871 | 24513 | M4LUERSALHM024505 | PANTHER E-RICKSHAW 1+4 PASSENGER | 2022 |
| ULY03124G | MOHD ARIF | UP25DT0269 | S8G8876581 | MCHJ1BD5FJPH03658 | JSA 1360 DIII 3WHEELER 510CC 6 STR | 2018 |
| ULY03167G | CHANDRA PAL | UP25DT0743 | A8H1227573 | MCHJ1DD4FJPJ04014 | JSA VICTORY 1000 D3 3WHEELER 436CC 6 STR | 2018 |

The Person who are willing to purchase above Mentioned vehicles may contact IndusInd bank Ltd. to above mention address and submit the Quotation in special format within 7 days of this Publication Notice. It shall be the responsibility of the purchaser to pay all the tax arrears, Parking of the vehicle. He will also be responsible to Complete all the RTO formalities relating to ownership transfer his name. Bank will not be responsible for any dispute relating to the vehicle after its sale, bank has authority to cancel the auction at any stage without given any prior notice. The Vehicle will be sold to higher Bidder and the decision of bank shall be Final & Binding to all in this regards.

**Place : New Delhi** **Contact Person : Yogesh Saini, Mob.No: 8860862245**

## खबर संक्षेप

### आगरा में वैरिएंट जेएन.1 का पहला केस



**आगरा।** देश में कोरोना के नए वैरिएंट जेएन.1 का खतरा लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में आगरा में पहला केस मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। ये मरीज आगरा कैंट स्टेशन पर जांच के दौरान मिला। युवक केरला एक्सप्रेस से आगरा कैंट स्टेशन पर पहुंचा था। जिसके बाद एंटीजन किट से जांच की गई थी, जिसमें युवक संक्रमित मिला। आगरा में यह पहला केस बताया जा रहा है।

### मथुरा-वृंदावन में 3 दिन में पहुंचे 18 लाख श्रद्धालु



**मथुरा।** मथुरा- वृंदावन में नया साल मनाने के लिए दिल्ली-एनसीआर सहित कई राज्यों के लोगों में बर्फ की वादियों से ज्यादा बांकेबिहारी के दर्शन की उत्सुकता है। सर्दियों की छुट्टियां व्यतीत करने और नया साल मनाने के लिए श्रद्धालु बांकेबिहारी के दर्शन के लिए आ रहे हैं। बीती 23, 24 और 25 दिसंबर की बात करें तो लगभग 18 लाख श्रद्धालु वृंदावन पहुंचे।

### 50 हजार के इनामी को मुठभेड़ में लगी गोली



**एटा।** कोतवाली देहात में पुलिस मुठभेड़ में अमरोहा का 50 हजार का इनामी गोकश पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका साथी मौके से भाग निकला। आरोपित के कब्जे से कार, नकदी और असलहा व कारतूस बरामद किए गए हैं। सात माह पूर्व गोकश ने साथियों की मदद से गोशाला पर धावा बोलकर 21 गोवंशी की हत्या तथा ग्रामीणों से मारपीट और लूटपाट की गई थी।

---

सीएम हेमंत सोरेन का बड़ा ऐलान

# झारखंड में अब 50 साल वालों को भी मिलेगी वृद्धावस्था पेंशन

झारखंड सरकार ने वृद्धावस्था पेंशन को लेकर बड़ा फैसला किया है। इसके लिए योग्यता आयु 60 से घटाकर 50 कर दी गई है।

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड सरकार ने वृद्धावस्था पेंशन को लेकर बड़ा फैसला किया है। सरकार ने इसके लिए योग्यता आयु 60 से घटाकर 50 साल कर दी है। यानी अब 50 साल की उम्र वाले लोगों को भी वृद्धावस्था पेंशन मिलेगी। इस बात का ऐलान खुद प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया है। उन्होंने कहा कि आदिवासी लोगों को जो वृद्धावस्था पेंशन पहले 60 साल की उम्र से दी जाती थी, उसकी आयु सीमा घटाकर अब 50 वर्ष कर दी गई है।

### झारखंड में स्थापित कंपनियों को 75% नौकरियां सुरक्षित रखने की हिदायत



इसके अलावा झारखंड के लोगों के लिए नौकरियों को लेकर भी सीएम हेमंत सोरेन ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि जो भी कंपनियां झारखंड में ऑफिस स्थापित करेंगी, उनमें 75 फीसदी जगह स्थानीय लोगों के लिए रिजर्व रहेगी। सीएम सोरेन ने कहा कि झारखंड देश का सबसे गरीब राज्य है और यह कोविड-19 और सूखे से जूझ रहा है, फिर भी राज्य सरकार में कोई अराजकता नहीं है। उन्होंने दावा किया कि झारखंड जैसे गरीब राज्यों ने दूसरे राज्यों को ऑक्सीजन की आपूर्ति की और महामारी के दौरान गरीब मजदूरों को बचाया गया।

### 4 साल में 36 लाख लोगों को पेंशन

दरअसल हमेंत सोरेन की सरकार को 4 साल पूरे हो गए हैं। इसी मौके पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें सरकार का चार साल का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए उन्होंने कई बड़े ऐलान किए। उन्होंने कहा, 20 सालों में पिछली सरकार ने करीब 20 लाख लोगों को ही पेंशन दी। लेकिन सोरेन सरकार ने केवल चार सालों में 36 लाख 20 हजार लोगों को पेंशन दी है। उन्होंने कहा, आज झारखंड में कई ऐसे घर हैं जहां पिता 98 साल के हैं औरे बेटा 60 साल का है और दोनों को पेंशन मिल रही है। बुजुर्ग विधवा को भी पेंशन मिल रही है। अब आदिवासी लोगों को भी 60 के बजाए 50 साल की उम्र में पेंशन दी जाएगी।

---

अयोध्या में सीएम योगी ने की हनुमानगढ़ी में पूजा-अर्चना, पीएम दौरे की तैयारियों का लिया जायजा

# पीएम मोदी आज अयोध्या को देंगे 16 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उपहार

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

पीएम मोदी 30 दिसंबर को दोपहर करीब 11 बजकर 15 मिनट पर पुनर्विकसित अयोध्या रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करेंगे, साथ ही नई अमृत भारत ट्रेन और वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। वहीं, कई अन्य रेल परियोजनाओं को भी जनता को समर्पित करेंगे। दोपहर करीब 12.15 बजे प्रधानमंत्री नवनिर्मित अयोध्या हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद पीएम एक सार्वजनिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे, जहां वह राज्य में 15,700 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। पीएम के आगमन से पहले सीएम योगी आदित्यनाथ अयोध्या पहुंचे। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन अयोध्या में 'विकास के नए युग' को प्रारंभ करने वाला साबित होगा। इस अवसर पर देश को एक नया अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट मिलने के साथ अयोध्या को 16 हजार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात मिलेगी।

**खास बातें**

- मोदी के अयोध्या दौरे को योगी ने अधिकारियों से 'अविस्मरणीय समारोह' बनाने को कहा
- प्रधानमंत्री के रोड शो के लिए तय रूट पर सुरक्षा और साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था के दिए निर्देश

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले प्रधानमंत्री मोदी अपने इस दौरे में एयरपोर्ट, हाईवे, रेलवे स्टेशन व रेलवे लाइन दोहरीकरण के साथ कई बड़ी परियोजनाओं की सौगात अयोध्या को देंगे।



### चार प्रमुख पथों का होगा लोकार्पण

प्रधानमंत्री मोदी अपने इस दौरे में एयरपोर्ट, हाईवे, रेलवे स्टेशन व रेलवे लाइन दोहरीकरण के साथ चार प्रमुख पथों का भी लोकार्पण करेंगे। मोदी के अयोध्या दौरे को योगी ने 'अविस्मरणीय समारोह' बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वरिष्ठ मंत्री सूर्य प्रताप शाही, दयाशंकर सिंह, अयोध्या के महापौर सहित स्थानीय प्रशासन के साथ वर्चुअल बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री के रोड शो के लिए तय रूट पर सुरक्षा और साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था के निर्देश देते हुए कहा कि इस दौरान पूरी अयोध्या राममय नजर आए। मठ-मंदिरों को सजाया जाए। भव्य तोरणद्वार तैयार बनाए जाएं। सांस्कृतिक मंडलियों द्वारा रुचिकर प्रस्तुतियां हों।

### पीएम इस विशेष अवसर पर जनसभा को करेंगे संबोधित

सीएम ने कहा कि इस विशेष अवसर पर प्रधानमंत्री जनसभा को संबोधित करेंगे। सभा में करीब 2 लाख लोगों की भीड़ जुटेगी। लिहाजा, भीड़ प्रबंधन पर फोकस किया जाए। सभा स्थल एवं अन्य प्रमुख स्थलों पर चिकित्सकों की तैनाती करें। सुरक्षा के दृष्टिगत एरियल सर्विलांस भी हो। यातायात को लेकर भी सीएम ने जरूरी निर्देश दिए।

### दो अमृत भारत व 6 वंदे भारत ट्रेन को दिखाएंगे हरी झंडी

पीएम अयोध्या में 6 वंदे भारत व 2 अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। इनमें से अयोध्या-आनंद बिहार वंदे भारत व दिल्ली-दरभंगा अमृत भारत ट्रेन को अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन से व अन्य को वर्चुअल माध्यम से रवाना करेंगे। पीएम अयोध्या धाम स्टेशन पर तैयार नए भवन का लोकार्पण भी करेंगे। पीएम अयोध्या में इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन करेंगे। पीएम के दौरे से पहले मुख्यमंत्री अयोध्या धाम पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले हनुमानगढ़ी में हनुमान जी के दर्शन और पूजा पाठ किए।

### लता चौक पर ली सेल्फी

सीएम ने कुछ अधिकारियों संग सेल्फी स्टिक से लता मंगेशकर चौक पर पहुंच सेल्फी ली है। उनके सेल्फी वाला वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में सीएम हंसते हुए कुछ अधिकारियों के साथ सेल्फी ले रहे हैं। सीएम योगी ने अधिकारियों के साथ प्रशासनिक बैठक भी की, जिसमें उन्होंने राम मंदिर के विकास कार्यों का जायजा लिया।

---

हरियाणा सीएम ने की समीक्षा बैठक

# जलघर में पार्क बनाने में देरी पर फरीदाबाद के एक्सईएन पर गाज

दस हजार घोषणाओं में से सात हजार पूरी, अन्य पर चल रह काम



**चंडीगढ़।** समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शुक्रवार यहां सीएम घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु प्रशासनिक सचिवों के साथ अहम बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक परियोजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान वर्ष 2018 में पर्वतिया कॉलोनी, फरीदाबाद के जलघर में पार्क बनाने की घोषणा पर हुई देरी व संबंधित एक्सईएन द्वारा 3 से अधिक बार निविदा प्रक्रिया का हवाला देकर काम में लापरवाही बरतने के चलते मुख्यमंत्री ने संबंधित एक्सईएन पर कार्रवाई करने के आदेश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने सीएम घोषणाओं के तहत लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें), विकास एवं पंचायत, सिंचाई, शहरी स्थानीय निकाय विभागों और हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में जानकारी दी गई कि अब तक मुख्यमंत्री द्वारा कुल लगभग 10 हजार से अधिक मुख्यमंत्री घोषणाएं की गई हैं, जिनमें से 7 हजार से अधिक घोषणाएं पूरी हो चुकी हैं। लगभग 1500 पर काम चल रहा है, जोकि जल्द ही पूरी हो जाएंगी। इसके अलावा, लगभग 1200 घोषणाएं लंबित हैं, जो प्रशासनिक मंजूरी, तकनीकि स्वीकृति इत्यादि विभिन्न स्तर पर हैं। बैठक में इनमें से 864 घोषणाओं की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक सचिवों को निर्देश देते हुए कहा कि वर्ष 2020 तक की लंबित घोषणाओं को इस वर्ष में ही पूरा करने का काम करें, ताकि आम जनता को इन परियोजनाओं का लाभ तुरंत मिल सके। इसके अलावा, वर्ष 2021, 2022 की परियोजनाओं के क्रियान्वयन में भी तेजी लाई जाए।

---

## पेज एक का शेष

### तीन मूर्तिकारों में ...

जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बताया कि सभी ने अपने-अपने मत पर्ची पर लिखकर दे दिए हैं। अब आखिरी निर्णय महासचिव और अध्यक्ष को लेना है। किसी ने भी अपने मत के बारे में किसी को कुछ नहीं बताया है। ट्रस्ट का फैसला सर्वमान्य होगा।

**कौन हैं अरुण योगीराज?:** अरुण योगीराज कर्नाटक के प्रसिद्ध मूर्तिकार योगीराज शिल्पी के बेटे हैं। इतना ही नहीं अरुण योगीराज के पिता को वाडियार घराने के महलों में खूबसूरती देने के लिए भी जाना जाता है। बताया जाता है कि 2008 में मैसूर विश्वविद्यालय से मूर्तिकार अरुण योगीराज एमबीए की पढ़ाई की है।

### आज पीएम मोदी अयोध्या...

अंदरूनी हिस्सों को भगवान श्रीराम के जीवन को दर्शाने वाली स्थानीय कला, पेंटिंग और भित्तिचित्रों से सजाया गया है। नए एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मिकी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम हो गया है। अभी तक इसका नाम मर्यादा पुरुषोत्तम राम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा था। एयरपोर्ट की टर्मिनल बिल्डिंग का आगे का भाग अयोध्या के श्रीराम मंदिर की वास्तुकला को दर्शाता है। हवाई अड्डे का टर्मिनल भवन विभिन्न अन्य सुविधाओं से भी सुसज्जित है। तीन मंजिला आधुनिक रेलवे स्टेशन की इमारत में लिफ्ट, एस्केलेटर, फूड प्लाजा, पूजा की जरूरतों के लिए दुकानें, क्लॉक रूम, चाइल्ड केयर रूम, वेटिंग हॉल जैसी सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है।

### 40 साल बाद ...

सीएम हेमंत विस्व सरमा, गृह सचिव अजय भल्ला असम के डीजीपी जीपी सिंह सहित उल्फा ग्रुप के सदस्य मौजूद रहे। पूर्वोत्तर में सशस्त्र उग्रवादी संगठनों से इस साल भारत सरकार का यह चौथा बड़ा समझौता है।

### शाह ने कहा...

शांति और सीमा संबंधित समझौते अलग-अलग राज्यों के पूरे नॉर्थ-ईस्ट में हुए हैं। इसके कारण नॉर्थ-ईस्ट के एक बड़े हिस्से में शांति की स्थापना हुई है।

### पीएम मोदी और...

जारी है। तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं और तीन समझौतों के साथ असम में आदिवासी उग्रवाद समाप्त हो गया है।

### सदस्य देश करते...

ने विगत नवंबर महीने में अपनी वार्षिक प्रतिबद्धता के तहत पहली किस्त जारी की थी। संयुक्त राष्ट्र की यह एजेंसी गाजा में इजराइल-हमास के युद्ध के बीच कामकाज कर पाने में संघर्ष कर रही है।

### सागर के शहीद...

पटेल, विधायक वीरेंद्र लोधी, कलेक्टर दीपक आर्य, एसपी अभिषेक तिवारी सहित अन्य लोगों ने शहीद की पार्थिव देह पर पुष्प हार चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम संस्कार से पहले शहीद राजेश यादव की पार्थिव देह में लिपटे राष्ट्र ध्वज को समेटकर उनके मासूम बेटे को दिया गया। शहीद की अंतिम विदाई में बंडा क्षेत्र के लोगों में एक अलग ही देश प्रेम की भावना देखने को मिली। सेना के ट्रक के पीछे भी हजारों की संख्या में लोग चल रहे थे। भारत माता की जय के जयकारे गूंज रहे थे। राजेश यादव की 7 साल की बेटी बोली- मैं भी बड़ी होकर सेना में शामिल होऊंगी। यादव 9 साल पहले आर्मी में भर्ती हुए थे।

### कनाडा में लक्ष्मी नारायण...

सुर्खियों में आया था, जब 18 जून 2023 को खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के खिलाफ अलगाववादी समूह सिख फॉर जस्टिस के विरोध प्रदर्शन किया था। माना जा रहा है कि विरोध का बदला लेने के लिए हमलावरों ने गोलीबारी की है। लक्ष्मी नारायण मंदिर परिषद के सदस्य पुरुषोत्तम गोयल ने कहा कि हमले के पीछे कौन था, इसका सुराग अभी तक नहीं लगा है। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस की सरे टुकड़ी ने बयान में कहा कि हमले की जांच चल रही है।

### अब बदले गए कंधों...

थे। लेकिन, अब वह स्वराज का सपना देखने वाले शिवाजी महाराज की नौसेना से प्रेरित होकर बनाए गए एपोलेट्स को पहनेंगे। गौर हो कि इस साल नौसेना दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी ने एडमिरल के कंधों पर नए डिजाइन के एपोलेट्स की घोषणा की थी। इसके बाद शुक्रवार को नौसेना ने इन नए पटकों की झलक दिखाई है। नौसेना ने बताया है कि इन्हें छत्रपति शिवाजी महाराज की नौसेना के एनसाइन और राजमुद्रा से प्रेरित होकर डिजाइन किया गया है। नौसेना दिवस पर पीएम ने कहा था कि अब हमें ब्रिटिश शासन के समय की चीजों और पहचान को खत्म करना है। हमें गुलामी की मानसिकता से बाहर आकर अपनी विरासत को आगे बढ़ाना है।

**ऐसे दिखेंगे नौसेना के एडमिरलों के कंधों पर लगने वाले पटके:** इसके अलावा वाइस एडमिरल के पटके में तीन सितारे होंगे। इस पटके की भी आउटलाइन काले रंग की होगी। वहीं, सर्ज वाइस एडमिरल के पटके में भी तीन सितारे होंगे, लेकिन इस पटके की आउटलाइन लाल रंग की होगी। इसके अलावा नौसेना प्रमुख अर्थात एडमिरल के कंधे पर लगने वाले पटके में चार सितारे होंगे और इस पटके की भी आउटलाइन काले ही रंग की होगी। सितारों और आउटलाइन के रंग के अलावा सभी एडमिरल के पटके एक ही तरह के होंगे।

### छत्रपति शिवाजी महाराज...

लेकिन पटके की आउटलाइन काले रंग की होगी। वहीं सर्ज रियर एडमिरल के पटके में भी दो सितारे होंगे, लेकिन इस पटके की आउटलाइन लाल रंग की होगी।

---

होमगार्ड की पिटाई भी की

# बुलंदशहर में अवैध खनन माफिया ने तहसीलदार की गाड़ी पर किया हमला



एजेंसी ▶▶ बुलंदशहर

बुलंदशहर में अवैध मिट्टी खनन की सूचना पर पहुंची राजस्व विभाग की टीम पर खनन माफियाओं ने हमला कर दिया। होमगार्ड की पिटाई कर दी। तहसीलदार की गाड़ी में तोड़फोड़ कर सरकारी दस्तावेज गायब कर दिए। सिकंदराबाद के एसडीएम और तहसीलदार को भाग कर जान बचानी पड़ी। सिकंदराबाद के तहसीलदार ने तीन हमलावरों को नाम जद और 7-8 अज्ञात के खिलाफ चोला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। हालांकि मौके से एक ट्रैक्टर और जेसीबी को भी जब्त किया गया है।

### 7-8 के खिलाफ एफआईआर दर्ज

*ताजा मामला सिकंदराबाद तहसील क्षेत्र का है। सिकंदराबाद के तहसीलदार बालेंदु भूषण वर्मा ने चोला थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 25 दिसंबर 2023 को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सिकंदराबाद और होमगार्ड लोकेश यादव के साथ अवैध मिट्टी खनन की सूचना पर तलबपुर कानपुर गांव पहुंचे थे। जहां खनन माफियाओं की टीम ने खनन अनुमति दस्तावेज मांगे जाने पर राजस्व विभाग की टीम पर हमला कर दिया। आरोप है कि खनन माफियाओं ने तहसीलदार की गाड़ी में तोड़फोड़ की।*

---

दो घंटे तक नेशनल हाईवे रहा जाम

# मोतिहारी में पुल के नीचे फंसा हवाई जहाज, मची अफरातफरी

एजेंसी ▶▶ मोतिहारी

बिहार के पूर्वी चंपारण जिला मुख्यालय मोतिहारी में एक पुल के नीचे बीच सड़क पर हवाई जहाज के फंस जाने के कारण दो घंटे तक अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। मोतिहारी के पिपराकोठी चौक के निकट ओवरब्रिज में हवाई जहाज के फंसने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई।



### मुंबई में नीलामी में कबाड़ के रूप में खरीदा


हवाई जहाज को किसी व्यवसायी ने मुंबई में हुई नीलामी में कबाड़ के रूप में खरीदा था। मुंबई से असम एक बड़े ट्रक लॉरी से ले जाया जा रहा था। पिपराकोठी में एनएच 28 पर गोपालगंज की तरफ से आने वाले वाहनों को ओवरब्रिज के नीचे से पार कर मुजफ्फरपुर की ओर जाना होता है। हवाई जहाज लदा ट्रक पिपराकोठी के पास ओवरब्रिज से निकल रहा था। उसी दौरान वह ओवरब्रिज के नीचे जहाज का उपरी हिस्सा फंस गया।

### लॉरी के सभी चक्कों का हवा निकाल कर पुल से निकाला

ड्राइवर ने लॉरी निकालने का काफी प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। थोड़ी देर में ही एनएच 28 पर जाम लग गया। हवाई जहाज लदा ट्रक फंसने और जाम की सूचना मिलने पर स्थानीय थाने की पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। इसके बाद लॉरी के सभी चक्कों का हवा निकाला गया। जिससे उसकी ऊंचाई कुछ कम हुई, फिर जहाज समेत लॉरी को बाहर निकाला गया। उसके बाद पुलिस ने एनएच पर लगे जाम तो समाप्त करवाया गया। जाम दौरान बड़ी संख्या में मौके पर लोग सेल्फी बनाते रहे, वहीं कुछ लोग लॉरी चालक को सलाह देते भी नजर आए।

---

### कोरोना काल में फीस न जमा करने वाले 8 बच्चों के पैरेंट्स पर स्कूल ने दर्ज कराया केस



एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरनगर

जिले में कारोना काल के दौरान बच्चों की फीस न जमा कराने का आरोप लगाते हुए कोर्ट के आदेश पर स्कूल प्रधानाचार्या ने आठ अभिभावकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। इसके विरोध में आरोपित अभिभावकों ने जीआइसी मैदान में पहुंचकर विद्यालय प्रबंधन के विरोध में प्रदर्शन करते हुए धरना शुरू कर दिया। आरोप लगाए कि तथ्य छिपाकर कोर्ट से मुकदमे के आदेश कराए गए। चेतावनी दी गई कि जब तक उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं रोकी जाएगी, धरना जारी रहेगा।

---

पिता के साथ हुए विवाद के बाद उठाया खौफनाक कदम


# संभल में तीन सगे भाइयों ने फांसी लगाकर की खुदकुशी करने की कोशिश, दो की मौत, एक की हालत गंभीर

एजेंसी ▶▶ संभल

यूपी के संभल में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां 24 घंटे के भीतर तीन सगे भाइयों ने फंदा लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। जिसमें से दो की मौत हो गई जबकि एक जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। पुलिस के मुताबिक युवकों ने पिता के साथ हुए विवाद के बाद ये खौफनाक कदम उठाया है। वहीं दो युवकों की मौत के बाद से गांव में मातम पसर गया है। ये घटना धनारी थाना क्षेत्र के औरंगाबाद गांव का है। जहां 19 साल के पान सिंह का पिता के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद उसने पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन पान सिंह के शव को लेकर घर आए। वहीं, घटना से आहत होकर शाम को उसके 22 साल के बड़े भाई बृजेश ने घर के भीतर ही फंदा लगाकर खुदकुशी करने की कोशिश की। हालांकि परिजनों ने देख लिया। आनन-फानन में उसे नीचे उतारा और अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। अपने दोनों भाइयों की फांसी लगाने की बात जब उनके 25 साल के तीसरे भाई को पता चली तो वह शुक्रवार की सुबह गांव आया।

संभल से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां तीन सगे भाइयों ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। जिसमें से दो भाइयों की मौत हो गई। जबकि तीसरा जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है।

### पुलिस को ग्रामीणों के हवाले से जानकारी मिली



पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि चंडीगढ़ से लौटने के बाद मुनीश ने भी पेड़ से फंदाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक परिजनों ने दोनों शवो का अंतिम संस्कार कर दिया। वहीं घटना की जानकारी ग्रामीणों के हवाले से मिली। प्रथम दृष्टयता से पारिवारिक विवाद की बात सामने आई है। परिजनों और ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक, ऐसा लगता है कि इन तीनों भाई एक दूसरे के बेहद करीब थे। पिता चाहते थे कि सबसे छोटा बेटा गांव छोड़कर शहर जाए और कोई काम धंधा करे, जिसको लेकर दोनों में विवाद हो गया।



# शूरा संग घूमने निकले अरबाज

**मुंबई।** सलमान खान के छोटे भाई अरबाज खान के अचानक से दूसरी बार शादी की खबर ने हर किसी को हैरान कर दिया था। सोशल मीडिया पर हर कोई उनकी दुल्हन के बारे में जानने के लिए उत्सुक था। 24 दिसंबर 2023 को 'प्यार किया तो डरना क्या' एक्टर ने अपनी गर्लफ्रेंड और पेशे से मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से निकाह किया। हाल ही में शादी के 5 दिन बाद अपनी पत्नी के साथ अरबाज खान डिनर डेट पर निकले। जहां कुछ यूजर्स ने दोनों की जोड़ी पर खूब प्यार लुटाया, तो वहीं कुछ यूजर्स को शूरा को देखकर मलाइका अरोड़ा याद आ गई। अरबाज खान और शूरा खान अपने निकाह के बाद से ही खुद को पैपराजी से बिल्कुल दूर रख रहे हैं। हाल ही में दोनों का डिनर डेट से निकलते हुए एक वीडियो इंटरनेट पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है।



## लाइफ Style

# श्रुति हासन

## बॉयफ्रेंड से शादी की अफवाह पर ओरी को लताड़ा

दिग्गज अभिनेत्री श्रुति हासन अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रहती हैं। अभिनेत्री आर्टिस्ट शांतनु हजारिका को डेट कर रही हैं। अब हाल ही में, ओरहान अवात्रामणि यानी कि ओरी ने कपल की शादी की बात बताई। इस खबर ने सोशल मीडिया पर हंगामा मचा दिया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अब श्रुति हासन ने आगे आकर खुद इस बात पर सफाई दी है। उन्होंने शादी की अफवाह का झूठ बताते हुए कहा कि वह यह भी नहीं जानती हैं कि ओरी कौन हैं। श्रुति हासन ने हाल ही में एक बातचीत में कहा, 'मैं नहीं जानती कि वह कौन हैं। मैं अपना काम करने और अपनी जिंदगी जीने में व्यस्त हूं। मेरा ध्यान हमेशा उन लोगों पर रहा है, जो मेरे जीवन और मेरे आस-पास अच्छी ऊर्जा लाते हैं। मैंने हमेशा ही यह कहा है और मैं इस पर कायम हूं। मैं एक दर्पण की तरह हूं। मैं लोगों के साथ बिल्कुल वैसा ही व्यवहार करती हूं, जैसा मेरे साथ किया जाता है और मैं इसके लिए कभी सॉरी नहीं हूं।' सालार अभिनेत्री ने आगे कहा, 'यह बहुत मूर्खतापूर्ण है। मैं चाहती हूं कि जो लोग मुझे नहीं जानते वह मेरे बारे में बात न करें। मैंने अपनी जिंदगी पूरी खुलेपन और ईमानदारी से जी है। अगर मैं शादीशुदा होती तो मैं इसे क्यों छुपाती। मैंने एक स्पष्टीकरण पोस्ट किया क्योंकि मेरा सोशल मीडिया इस खबर से स्पैम हो गया था। यह काफी मजेदार था। मैं इस पर हंस रही थी।' हाल ही में, अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरी साझा कर लिखा था, 'मैं शादीशुदा नहीं हूं। मैं ऐसी इंसान हूं, जो हर चीज के बारे में खुलकर बात करती है। मैं इसे क्यों छिपाऊंगी? इसलिए जो लोग मुझे बिल्कुल नहीं जानते हैं, कृपया शांत हो जाएं।

## हॉलीवुड मसाला




# इंडस्ट्री को दिए कई सुपरहीरो

**लॉस एंजिलिस।** स्टेन ली एक ऐसा नाम है जिससे हम सभी के बचपन की यादें जुड़ी हुई हैं। स्टेन ली कॉमिक बुक राइटर और एडिटर थे। यह वही शख्स हैं जिन्होंने दुनिया को 'स्पाइडरनमैन', 'द हल्क', 'आयरन मैन' जैसे किरदार और मार्वल कॉमिक्स दी थी। हॉलीवुड में स्टेन ली के सुपरहीरो कैरेक्टर्स को लेकर कई फिल्में बनाई गई हैं, जिन्हें दर्शकों द्वारा बेहद पसंद किया गया। तो आइए जानते हैं स्टेन ली की बर्थ एनिवर्सरी पर उनके जीवन से जुड़ी कुछ खास बातें... 28 दिसंबर 1922 को न्यूयॉर्क में जन्मे स्टेन ली ने 1961 में दि फैंटास्टिक फोर के साथ मार्वल कॉमिक्स की शुरुआत की थी।



# दुनियाभर में बज रहा वोंका-एक्वामैन 2 का डंका

**लॉस एंजिलिस।** एक्वामैन एंड द लॉस्ट किंगडम दुनियाभर में धमाल मचा रही है। रिलीज के बाद से ही यह फिल्म दूसरे देशों में छप्परफाड़ कमाई कर रही है। शुक्रवार तक के आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने 73 अंतरराष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस बाजारों में 40.9 मिलियन की कमाई की है। ओवरसीज कलेक्शन की बात करें तो यह आंकडा कुल 70 मिलियन डॉलर के आसपास पहुंचता नजर आता है। वहीं, फिल्म के घरेलू और वैश्विक आंकड़े को अगर मिला दिया जाए तो यह फिल्म 100 मिलियन की कमाई के पार जाती नजर आ रही है। बता दें कि यूके में फिल्म ने गुरुवार को 1,1994 स्क्रीनों से सात लाख 12 हजार डॉलर के साथ शुरुआत की › वोंका के बाद यह फिल्म दूसरे स्थान पर रही है। यह संख्या लगभग द फ्लैश के बराबर है और मूल एक्वामैन से 33% कम है। दोनों ही फिल्में बुधवार को रिलीज हुई थीं। शुक्रवार तक यूके में इस फिल्म ने 16 लाख डॉलर की कमाई कर ली थी।



# 2024 में रचाएंगी दूसरी शादी

**मुंबई।** क्या मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर का ब्रेकअप हो गया है? मलाइका ने डांस रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' ने अर्जुन से ब्रेकअप की अफवाहों को हवा दी। मलाइका, फराह खान के साथ शो में जज हैं। हाल में शो का नया प्रोमो जारी हुआ। वीडियो में देखा जा सकता है कि फराह, मलाइका से उनकी शादी की प्लानिंग के बारे में पूछती हैं। जिस अंदाज में वह जवाब देती हैं, उससे लगता है कि वह अब सिंगल हैं और किसी और शादी करना चाहती हैं। मलाइका का यह बयान उनके पूर्व पति अरबाज खान की दूसरी शादी के बाद आया है। 'झलक दिखला जा' के प्रोमो वीडियो में देखा जा सकता है कि फराह खान ने मलाइका अरोड़ा से पूछा, "2024 में, क्या आप सिंगल पेरेंट कम एक्ट्रेस से डबल पेरेंट कम एक्ट्रेस बन जाएंगी?" इस सवाल से मलाइका उलझन में पड़ गईं।



# फिर कंट्रोवर्सी में फंस गए रणबीर कपूर

**मुंबई।** रणबीर कपूर हमेशा ही सुर्खियों में रहते हैं। या अगर हम सीधा कहें कि कॉन्ट्रोवर्सी का हिस्सा बने रहते हैं तो गलत नहीं होगा। ये तो जगजाहिर है कि रणबीर ऑफिशियली सोशल मीडिया पर नहीं हैं। ना तो वो कोई पोस्ट करते हैं, ना ही इधर-उधर कोई बयानबाजी देते हैं। फिर भी वो विवादों का शिकार हो ही जाते हैं। हाल ही में रणबीर की एनिमल फिल्म रिलीज हुई थी। फिल्म में उनके कैरेक्टर, डायलॉग्स और बिहेवियर को लेकर काफी विवाद हुआ। उनके कैरेक्टर रणविजय के साथ-साथ रणबीर को भी टॉक्सिक बता दिया गया। लेकिन ऐसा सिर्फ रील लाइफ तक ही सीमित नहीं है। एनिमल विवाद की आंच अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि कपूर खानदान के सलाना क्रिसमस सेलिब्रेशन का हिस्सा बने रणबीर फिर नई मुसीबत में फंस गए।

## टीवी मसाला



# जोरदार होगा वीकेंड का वार, एक-दो नहीं पहुंचेंगे कई खास मेहमान

**मुंबई।** बिग बॉस 17 का वीकेंड का वार का सभी को इंतजार रहता है। सलमान जिस तरह से कंटेस्टेंट को समझाते हैं या फिर फटकार लगाते हैं वह कोई और नहीं कर सकता। हर हफ्ते कोई ना कोई सेलिब्रिटी अपने शो और फिल्म के प्रमोशन के लिए पहुंचता है। बीते हफ्ते क्रिसमस पर रवीना टंडन और अब्दू रोजिक मेहमान बने थे। उन्होंने कंटेस्टेंट और दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। अब आने वाले वीकेंड में कई और स्पेशल मेहमान आएंगे जो सलमान के कारीफी करीब हैं। वीकेंड का वार के स्टेज पर एक बार फिर से दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र पहुंचेंगे। धर्मेंद्र शो के मंच की शोभा बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह करीब 3 साल से शो में लगातार मेहमान के रूप में नजर आए हैं। सलमान उनका बहुत सम्मान करते हैं। उनके साथ गहरा रिश्ता है। धर्मेंद्र के साथ कृष्णा अभिषेक भी स्पेशल एपिसोड में पहुंचेंगे जो दर्शकों को खूब हंसाने का काम करेंगे। दोनों के साथ का यह एपिसोड कमाल का होने वाला है।

# रोहित की वजह से टेंशन में आ जाएगा पौद्दार परिवार

**मुंबई।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की शुरुआत में दिखाया जाएगा कि अरमान अकेले बैठकर पुराने दिनों को याद करेगा। वह रोहित के साथ बिताए पलों के बारे में सोचेगा। वहीं रोहित अपने कमरे में बैठकर रोएगा। दादी-सा, रोहित को परेशान देख दुखी हो जाएंगी। वह रोहित के पास जाएंगी और उससे उसके नाराज होने की वजह पूछेंगी। रोहित, दादी-सा से मदद मांगेगा और एक प्लान बनाएगा। प्लान के मुताबिक, दादी-सा बड़ी मां को कॉल करेंगी और पौद्दार हाउस आने का कहेंगी। एक तरफ, रोहित तैयारियों में जुट जाएगा। दूसरी तरफ, अरमान अपना कमरा देख भड़क जाएगा। वह अभिरा से पूछेगा, 'ये सब क्या है?' अभिरा के मुंह पर टेप लगा होगा इसलिए वह लिख-लिखकर अरमान से बात करेगी। अरमान, अभिरा से टेप हटाने के लिए कहेगा लेकिन, अभिरा नहीं मानेगी। ऐसे में अरमान, अभिरा पर चिल्लाने लगेगा और तभी अरमान का भाई आ जाएगा। वह अरमान को बताएगा कि उसके लिए पुलिस आई है। अभिरा और अरमान हैरान रह जाएंगे। दोनों नीचे जाएंगे।



# पठान, जवान... नहीं 2023 में द केरल स्टोरी के नाम सबसे ज्यादा प्रॉफिट

**मुंबई।** साल 2023 बॉलीवुड के लिए काफी धमाकेदार साबित हुआ। कोविड के बाद ठंडे पड़े बॉक्स ऑफिस पर कुछ फिल्मों ने आग लगा दी। वहीं सिनेमाघरों में भी जमकर सीटियां गूंजी। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री को कई ब्लॉकबस्टर मूवीज मिलीं। शाहरुख खान, रणबीर कपूर और देओल फैमिली के लिए साल काफी अच्छा बीता। अब साल खत्म होने को है तो नफे-नुकसान पर नजर डालना भी बनता है। पठान, जवान, गदर2, एनिमल ने खूब वाहवाही बटोरी। हालांकि प्रॉफिट की बात करें तो एक ऐसी फिल्म लिस्ट में टॉप है जो लोगों के ध्यान से उतर चुकी है। साल 2023 की शुरुआत शाहरुख खान की फिल्म पठान के धमाके से हुई। इसके बाद जवान और गदर 2 शोर रहा। फिल्मों ने बंपर कमाई की, ब्लॉकबस्टर भी रहीं लेकिन अगर फिल्म में लगे बजट को देखते हुए प्रॉफिट की बात की जाए तो पठान, जवान काफी पीछे हैं। टॉपर है द केरल स्टोरी।




**ओएमजी 2 :** अक्षय कुमार स्टारर फिल्म ओएमजी 2 कॉन्ट्रोवर्सी में रही। गदर 2 के साथ इसका क्लैश था। इसके बाद भी फिल्म ने ठीक-ठाक प्रॉफिट कमा लिया। मूवी का बजट 65 करोड़ के करीब था। इसने 150 करोड़ का बिजनस किया। मूवी को 130.76 फीसदी फायदा हुआ।

**पठान:** शाहरुख खान की फिल्म पठान साल की पहली बंपर हिट थी। मूवी ने कमाई के कई रिकॉर्ड्स तोड़े। फिल्म 250 करोड़ के तगड़े बजट में बनी थी। मूवी का बिजनस 543.22 करोड़ रहा। इस इसका प्रॉफिट 117.28 फीसदी रहा।

### द केरल स्टोरी

द केरल स्टोरी मूवी काफी चर्चा में रही थी। कोईमोई की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म 30 करोड़ रुपए में बनी थी। इसने 238.27 करोड़ की कमाई की। इस हिसाब से इसका रिटर्न 694.23 फीसदी रहा।

### गदर 2

दूसरे नंबर पर मालामाल हुई गदर 2 की टीम। फिल्म का बजट 75 करोड़ के आसपास था। मूवी ने 525.50 करोड़ कमाई की। मूवी को 600.66 फीसदी रिटर्न मिला।

### एनिमल

तीसरे नंबर पर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल ने नोट छापे। रणबीर कपूर स्टारर फिल्म का बजट 200 करोड़ रुपये था। इसने 537.27 करोड़ कमाए और अभी भी थिएटर्स में है। मूवी को 168.63 फीसदी रिटर्न मिला।

### 12वीं फेल

चौथा नंबर है विक्रांत मैसी स्टारर मूवी 12वीं फेल का। फिल्म का बजट महज 20 करोड़ था। मूवी को दर्शकों ने काफी पसंद किया। फिल्म का बिजनस 51.93 करोड़ था तो रिटर्न 159.65 फीसदी रहा।

# काजोल ने दिखाया अपना AI अवतार

**मुंबई।** AI आज हर किसी की लाइफ का एक खास हिस्सा है। किसी भी काम को करने के लिए लोग अब एआई का सहारा लेते हैं। एआई एक ऐसा टूल है, जिसके जरिए लोग फोटो भी तैयार करते हैं। कुछ समय पहले ही कटरीना कैफ ने 'मैरी क्रिसमस' स्टार की एआई वर्जन में लेटेस्ट तस्वीरों शेयर की थीं। अब काजोल ने अपने सोशल मीडिया पर अपनी एआई वर्जन में बनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। इस पर उनके फैंस भी जमकर अपना रिएक्शन दे रहे हैं। शुक्रवार को एक्ट्रेस काजोल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की हैं। यह फोटोज उनके एआई वर्जन की है। इन फोटोज में उनका विलेन का अवतार देखने को मिल रहा है। फोटो को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा 'आखिरकार मैं इस विचार को घर ले आई, यह सार्थक है। मुझे यह पसंद है, शायद किसी दिन इसे आजमाएं'। इसके साथ ही उन्होंने हैशटैग के साथ लिखा 'मेरा विलेन इरा शुरू और मेरा हैनिबल लुक'। फोटोज में काजोल का लुक बिल्कुल हैनिबल सीरीज के करेक्टर की तरह लग रहा है। इन फोटो में वह ऑल ब्लैक लुक में दिखाई दे रही हैं।




## अमलकी, नीम, पिप्पली, अश्वगंधा, तुलसी सेहत के लिए फायदेमंद

# सर्दियों में च्यवनप्राश की जगह खाएं आयुर्वेदिक चीजें

जब आप छोटे रहे होंगे तब च्यवनप्राश जरूर खाया होगा। इसके अनगिनत फायदे बताकर घर वाले आपको खिलाया करते होंगे। लेकिन अब दौड़ती-भागती जिंदगी के कारण कई लोग इसका सेवन नहीं कर पाते। च्वयनप्राश को गुणों से भरपूर माना जाता है और दावा किया जाता है कि यह इम्यूनिटी मजबूत करता है। इसलिए सर्दियों में इसे खाना काफी फायदेमंद है।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

च्यवनप्राश का स्वाद खट्टा-मीठा और तीखा होता है। आयुर्वेद में बताया गया है कि इसका नाम 'च्यवन' ऋषि के नाम पर रखा गया है। च्यवनप्राश अमलकी, नीम, पिप्पली, अश्वगंधा, सफेद चंदना, तुलसी, इलायची, अर्जुन, ब्राह्मी, केसर, घृत और शहद आदि को मिलाकर बनाया जाता है। 15 साल से अधिक एक्सपीरियंस वाली डाइटीशियन आशु गुप्ता का कहना है कि आज के समय में लोग नेचुरल फूड्स खाने की अपेक्षा मार्केट में बनी चीजें खाना पसंद करते हैं। अगर आप च्यवनप्राश के इंग्रेडिएंट को डायरेक्ट खाएंगे तो आपको अधिक फायदा होगा। अगर आप चाहें तो च्यवनप्राश जिन चीजों से बनता है, उनमें से कुछ चीजें आपकी इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद कर सकती हैं।



### तिल

तिल, सर्दियों में काफी प्रयोग में आती है। इसमें काफी मात्रा में पोषक तत्व पाए जाते हैं। 28 ग्राम तिल में 160 कैलोरीस 5 ग्राम प्रोटीन, 3.3 ग्राम फाइबर होता है। इसमें जिंक, सेलेनियम, कॉपर, आयरन, विटामिन बी 6 और विटामिन ई काफी अच्छी मात्रा में होता है जो शरीर के व्हाइट ब्लड सेल्स को बढ़ाता है।

### आंवला

आंवला पोषक तत्वों का एक पावरहाउस है। यह च्यवनप्राश का मुख्य इंग्रेडिएंट है। आंवला विटामिन सी के सबसे अच्छे सोर्स में से एक है। इसमें काफी मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट और इम्यूनिटी बूस्टर होते हैं। 100 ग्राम आंवला में लगभग 700 ग्राम विटामिन सी होता है। सर्दियों में इसके सेवन से काफी फायदा होगा।

### पिपली

स्वाद में तीखा और तासीर में गर्म पिपली 2000 वर्षों से भी पुरानी जड़ी-बूटी है। सदियों से इसका प्रयोग सेहत को अच्छा रखने के लिए होता आ रहा है। खांसी और सर्दी को जड़ से खत्म करने और इम्यूनिटी बढ़ाने में यह काफी फायदेमंद है।

### तुलसी

तुलसी में विटामिन सी और जिंक भरपूर मात्रा में होता है। यह नेचुरल इम्यूनिटी बूस्टर है जिससे इंफेक्शन कम होता है। इसमें मौजूद भरपूर मात्रा में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल और एंटी-फंगल गुण कई तरह से फायदे पहुंचाते हैं।

### नीम

नीम इम्यून सिस्टम को बढ़ावा देती है जिससे शरीर विभिन्न प्रकार के रोगों से मुक्त रहता है। यह ब्लड शुगर लेवल को भी कंट्रोल करता है। डायबिटीज वाले लोगों को यह काफी फायदेमंद है। मलेरिया, वायरल फ्लू, डेंगू और अन्य संक्रामक बीमारियों से बचाने में भी यह काफी फायदा पहुंचाता है।

# 50 साल की हुईं एक्ट्रेस ट्विंकल



**मुंबई।** एक्ट्रेस ट्विंकल खन्ना आज यानी 29 दिसंबर को अपना 50वां जन्मदिन मना रही हैं। जन्मदिन के इस खास मौके पर एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्विमिंग करते हुए एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में उनके साथ पति अक्षय कुमार और दोनों बच्चे आरव और नितारा भी दिखाई दे रहे हैं। एक्ट्रेस ने पोस्ट शेयर करते हुए 'बस तैरते रहो' और अपने जीवन को रोमांचक बनाने का मैसेज दिया। वीडियो में सभी डाइविंग मास्क और स्विमफिन पहने हुए नजर आ रहे हैं। अक्षय कुमार ने पत्नी ट्विंकल खन्ना के लिए प्यार भरा पोस्ट शेयर किया है। एक्टर ने हल्क के साथ ट्विंकल की एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा- मेरे हल्क तुम लंबे समय तक जीती रहो!! अपने ह्यूमर से इतने साल तक हमें हंसाने के लिए धन्यवाद।। भगवान तुम्हारी उम्र में कई और साल जोड़े। जन्मदिन मुबारक हो, टीना।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी ने किया नमन

# पटवा, कुशाभाऊ ठाकरे को अर्पित की श्रद्धांजलि





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया तथा प्रदेश के विकास में दिए गए उनके योगदान का स्मरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व मंत्री सुरेंद्र पटवा के 74 बंगला स्थित निवास पहुंचकर सुंदरलाल पटवा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती फूलकुंवर पटवा से भेंट की।

कुशाभाऊ ठाकरे एवं पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा की पुण्यतिथि पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, पूर्व मंत्री कमल पटेल, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल एवं प्रदेश प्रवक्ता डॉ. सनवर पटेल सहित पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# कर्मचारियों और पेंशनरों को नए साल में 4 फीसदी डीए की सौगात मिलने के आसार, वित्त विभाग ने सीएम सचिवालय भेजी फाइल

*केंद्र जुलाई 2023 से महंगाई भत्ता 4% से बढ़ाकर 46 प्रतिशत कर चुका है*

*प्रदेश के साढ़े 7 लाख से अधिक नियमित अधिकारियों कर्मचारियों उपहार मिलेगा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के कर्मचारियों और पेंशनरों को नए साल की शुरूआत में खुशखबरी मिल सकती है। उनका महंगाई भत्ता 4 फीसदी बढ़ सकता है। फिलहाल मध्य प्रदेश में कर्मचारियों को 42 फीसदी की दर से महंगाई भत्ता मिल रहा है।

यह 4 प्रतिशत बढ़ने से अब केंद्र सरकार के समान महंगाई भत्ता 46 फीसदी हो जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस संबंध में वित्त विभाग द्वारा प्रस्ताव बनाकर फाइल मुख्यमंत्री को भेजी गई है। केंद्र सरकार जुलाई 2023 से अपने कर्मचारियों को महंगाई भत्ता 4 प्रतिशत बढ़कर 46 प्रतिशत कर चुकी है।

वित्त विभाग ने पहले भी प्रस्ताव तैयार किया था, लेकिन विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण इस पर निर्णय नहीं हो पाया था। राज्य सरकार ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के माध्यम से प्रस्ताव चुनाव आयोग को भेजा था।

## जनवरी में फिर केंद्र सरकार महंगाई भत्ते में वृद्धि कर सकती है

आयोग ने मतदान तक रुकने के निर्देश दिए थे। इसके बाद से मामला अटका हुआ है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, वित्त विभाग ने अब प्रस्ताव बनाकर निर्णय के लिए मुख्य मंत्री कार्यालय भेज दिया है। दरअसल जनवरी में फिर केंद्र सरकार महंगाई भत्ते में वृद्धि कर सकती है। प्रतिवर्ष जनवरी और जुलाई में महंगाई भत्ता बढ़ाया जाता है। इसे देखते हुए वित्त विभाग ने मुख्यमंत्री को चार परसेंट महंगाई भत्ता बढ़ाने की फाइल भेज दी है। अब मुख्यमंत्री को इसे स्वीकृत करना है। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री नए साल में इसे स्वीकृत कर प्रदेश के साढ़े 7 लाख से अधिक नियमित अधिकारियों कर्मचारियों और यह उपहार दे सकती है।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली दरबार ने मुख्यमंत्री को अधिकार दिए भी हैं या नहीं

**भोपाल।** मप्र में मंत्रियों को विभाग बंटवारे में हो रही लेटलतीफी पर विपक्ष ने तंज कसा है। कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सोशल



मीडिया पर लिखा कि सीएम के चयन का फैसला 10 दिन में, मंत्रिमंडल का फैसला 12 दिन में, अब विभागों के बंटवारे में देरी और खींचतान जारी है। आखिर प्रदेश के मुख्यमंत्री को कोई अधिकार दिया भी गया है कि नहीं, या सारे फरमान दिल्ली दरबार से जारी हो रहे हैं। डबल इंजन की सरकार में दिल्ली का इंजन ही चलता दिखाई दे रहा है। नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने ट्वीट किया कि भाजपा की लेटलतीफी से शासन व्यवस्था ठप पड़ी है।

### एसएएस श्रीवास्तव बने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज के निज सहायक

**भोपाल।** राज्य शासन ने राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी राजेश श्रीवास्तव उप सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की निजी स्थापना में विशेष सहायक के पद पर पदस्थ किया है। इस संबंध में राज्य शासन द्वारा आदेश जारी कर दिए गए हैं। श्रीवास्तव पिछले कई सालों से पूर्व सीएम के साथ जुड़े हुए थे। नीरज वशिष्ठ को मंत्रालय में अटैच किया गया है।

*बैठक में सीएम, भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री, प्रदेशाध्यक्ष, प्रदेश संगठन महामंत्री हुए शामिल*

# विधानसभा चुनाव में हारी हुई सीटों पर मंथन, शिकायत करने वालों से लिखित में मांगे भितरघातियों के नाम

**पार्टी के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले नेताओं को फिर से पार्टी में शामिल नहीं करने की मांग**

*हारे हुए प्रत्याशियों को सौंपी युवाओं को विकसित भारत यात्रा में एंबेसडर बनाने की जिम्मेदारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली बड़ी जीत के बाद अब भाजपा लोकसभा की तैयारियों में जुट गई है। विधानसभा चुनाव में हारी हुई सीटों पर मंथन जारी है। भाजपा के पराजित विधानसभा प्रत्याशियों की महत्वपूर्ण बैठक गुरूवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित हुई। इस बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा सहित संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने चुनाव हारे उम्मीवारों से चर्चा की।

हार की समीक्षा बैठक में भितरघातियों का मुद्दा भी उठा। बैठक में हारे हुए प्रत्याशियों ने कई नेताओं की शिकायत की। संगठन ने शिकायत करने वाले नेताओं से कहा कि पार्टी को नुकसान पहुंचाने वाले नेताओं की जानकारी लिखित में दें। वहीं बैठक में कुछ नेताओं ने पार्टी के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले नेताओं को फिर से पार्टी में शामिल नहीं करने की मांग की। बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारी और मोदी गारंटी को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही विकसित भारत यात्रा में युवाओं को एंबेसडर बनाए जाने का बड़ा निर्णय भी लिया गया।



### हार के कारणों पर हुई प्रत्याशियों से चर्चा

बैठक के बाद मीडिया से चर्चा के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि हमारे ऐसे प्रत्याशी जिन्हे सफलता नहीं मिल सकी, उन सभी प्रत्याशियों के साथ यह बैठक की गई थी। यह सभी भाजपा के कार्यकर्ता है। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को ध्यान में रखते हुए अपने-अपने विधानसभा में अपनी समीक्षा के साथ कौन-कौन से कारण है जिससे पीछे रह गए। इन विषयों पर भी चर्चा हुई। हारी हुई विधानसभाओं के उम्मीदवारों को कहा गया है कि संगठन के साथ मिलकर विकसित भारत संकल्प के एंबेसडर बनाने की जिम्मेदारी उनकी है। बैठक में तय किया गया है कि युवाओं को इस यात्रा का एंबेसडर बनाया जाएगा।

## भाजपा का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए समाजों को जोड़ने का कार्य करेंगे भाजपा के सभी मोर्चे

भाजपा प्रदेश कार्यालय में मोर्चों की संयुक्त बैठक



भारतीय जनता पार्टी के सभी मोर्चा पदाधिकारी पार्टी का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए समाज को जोड़ने का कार्य करें। मोर्चा अध्यक्ष और प्रदेश पदाधिकारी इसके लिए आगामी दिनों की पूरी कार्ययोजना बनाकर जिला और मंडल स्तर तक के पदाधिकारी की सहभागिता निर्धारित कर काम में जुट जाएं। सभी मोर्चा विकसित भारत एंबेसडर बनाने के लिए अभियान चलाकर नए लोगों को जोड़ें। यह बात भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कही। राजधानी स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरूवार को भाजपा के सभी मोर्चों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, भाजपा के सभी सातों मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार की योजनाओं का लाभ आम जन को दिलाने का प्रयास किया जाना चाहिए। सभी मोर्चा नव मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने के लिए अभियान चलाएं और नमो मित्र, नमो वॉरियर्स बनाने के कार्य को प्राथमिकता से करें।

### गरीबों को योजना का लाभ दिलाएंः सीएम

*बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाएं और पात्रों को इसका लाभ दिलाने का कार्य करें। अभी प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है, उसमें सहभागिता कर योजनाओं के पात्र व्यक्तियों को उनका लाभ दिलाने का कार्य करें। सरकारी आयोजनों में जनता की सहभागिता और बढ़ाएं, ताकि भाजपा सरकार और बेहतर तरीके से जनता की सेवा कर सके।*

### अपने गांव के मंदिर को अयोध्या धाम बनाएं

*प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि पार्टी के सभी मोर्चा नमो एप और नमो वॉरियर्स बनाने का कार्य प्राथमिकता से करें। सभी मोर्चे अपने कार्यक्रम निर्धारित करें, उन्हें समय-सीमा में पूरा करने का लक्ष्य लेकर कार्य करें। हर व्यक्ति 22 जनवरी को अयोध्या नहीं पहुंच सकता, इसलिए अपने गांव के मंदिर को उस दिन अयोध्या धाम की तरह सजाएं और पूजा-पाठ और भंडारे का आयोजन करें।*

### लोकसभा चुनाव में भाजपा के मत प्रतिशत को और बढ़ाना हैः विष्णुदत्त

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका विकास, सबका साथ और सबका विश्वास के मंत्र पर आगे कार्य करना है। लोकसभा चुनाव में भाजपा के मत प्रतिशत को और बढ़ाना है, इसके लिए अभियान चलाएं। सभी मोर्चा पदाधिकारी विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हों और सरकार की योजनाओं का जनता को लाभ दिलाएं। मोर्चा पदाधिकारी विकसित भारत एंबेसडर बनाने का अभियान चलाकर नए लोगों को नमो एप से जोड़ें।*

**आईपीएस-आईएएस, आईएफएस के पास 31 जनवरी तक समय**

# 31 दिन के भीतर नहीं दिया संपत्ति का ब्यौरा, फिर प्रमोशन में आएगी दिक्कत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सभी आईपीएस-आईएएस और आईएफएस अफसरों को एक जनवरी से 31 जनवरी के बीच 31 दिन में अपनी अचल सम्पत्ति का ब्यौरा सार्वजनिक करना होगा। जो अफसर निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी सम्पत्ति का ब्यौरा सार्वजनिक नहीं करेंगे, उन्हें आगे मिलने वाले प्रमोशन में रुकावट आ सकती है। सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रदेश के सभी आईएएस अफसरों को इस संबंध में निर्देश जारी किए है।

### उपहार और रिश्तेदारों से मिली सम्पत्ति का करना होगा जिक्र

भारतीय पुलिस सेवा और भारतीय वन सेवा के सभी अधिकारियों को भी एक जनवरी 2023 से 31 दिसंबर 2023 के बीच उनके द्वारा स्वयं और परिवारजनों के नाम से खरीदी गई अचल सम्पत्ति का ब्यौरा ऑनलाइन सबमिट करना होगा। अफसरों को अचल सम्पत्ति खरीदने के लिए विभाग प्रमुख को दी गई जानकारी और ली गई पूर्व अनुमति, उपहार में परिजनों और रिश्तेदारों से प्राप्त अचल सम्पत्ति और पारिवारिक सम्पत्ति में वसीयत के जरिए मिले सम्पत्ति का ब्यौरा भी देना है।

# पीएम मोदी दर्शन करने जाते हैं राम मंदिर तो कांग्रेसियों के पेट में दर्द होने लगता हैः संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह होना है। इसे लेकर छत्तीसगढ़ की राजनीति गरमाई हुई है। सत्तापक्ष और विपक्ष एक दूसरे पर जमकर आरोप लगा रहे हैं। मामले में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता और सरगुजा संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा में सियासी नफा-नुकसान के लिहाज शामिल होने या न होने को लेकर कांग्रेस की दुविधा को शर्मनाक बताते हुए कहा है कि इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बयान के बाद कांग्रेस का राजनीतिक चरित्र बेनकाब हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दर्शन करने राम मंदिर जाते हैं तो कांग्रेसियों को पेट में दर्द होने लगता है।



बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री के मंदिर जाने पर ऐतराज जताने वाली कांग्रेस चाहती ही नहीं थी कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बने। अब मंदिर बनकर तैयार हो गया है तो कांग्रेसी इससे दूरी बना रहे हैं। ये वही लोग हैं जो रामसेतु तोड़ने के लिए अदालत में शपथ पत्र देकर भगवान राम को काल्पनिक बताते फिर रहे थे। ऐसे लोग इस देश की जड़ों और संस्कृति व मूल्यों से कटे हुए हैं। अब यह आईने की तरह साफ हो चला है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि देश में सभी नागरिक चाहते हैं कि अयोध्या में वे रामलला का दर्शन करें। देश के विचारधारा के विपरित जाकर कांग्रेस के नेता पित्रोदा और कांग्रेस सांसद शशि थरूर समेत तमाम लोगों ने इस पर प्रश्नचिह्न लगाने की कोशिश की है।

### इंडी अलायंस और उनके सहयोगी कर रहे राम मंदिर का विरोध

श्रीवास्तव ने पूछा कि दरअसल कांग्रेस चाहती क्या है? इस देश की आस्था के साथ खिलवाड़ करने का काम पहले भी कांग्रेस करती रही है। राम मंदिर निर्माण में तमाम प्रकार की जो बाधाएं उत्पन्न की गईं। इंडी अलायंस और इनके सहयोगी दल इस मंदिर का विरोध कर रहे हैं। मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में नहीं जाने की वकालत कर रहे हैं। ऐसे समय में कांग्रेस लाभ और हानि के दृष्टिकोण से जिस तरह की राजनीति कर रही है, वह तुष्टीकरण के पोषण और राजनीतिक पाखंड की परिचायक है। श्रीवास्तव ने कहा कि कुछ विषय ऐसे होते हैं जो राजनीति से ऊपर उठकर होते हैं। उन्होंने कहा भगवान राम इस देश की इस देश के आस्था का विषय हैं। श्रीराम हम सबकी आस्था का केंद्र हैं। बावजूद इसके कांग्रेस नफा-नुकसान की बात कर रही है।

पहले जांच के लिए भेजेंगे दिल्ली, फिर प्रधानमंत्री मोदी को करेंगे भेंट

# छत्तीसगढ़ः गौशाला के कारीगरों ने गोबर और गोमूत्र से बनाई देश की पहली चटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव





आपने प्लास्टिक, कपड़ा के ही चटाई देखे होंगे। लेकिन छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ जिले के गोशाला के कारीगरों ने गोबर और गोमूत्र की चटाई बनाकर सबको चौंका दिया है। गोबर और गोमूत्र से बनी चटाई को देश की पहली चटाई बताई जा रही है। यही नहीं गोबर और गोमूत्र की चटाई को पीएम नरेंद्र मोदी को भेंट की जाएगी। सुरक्षा जांच के लिए जल्द दिल्ली भेजी जाएगी।

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के धरमपुर रोड स्थित मनोहर गौशाला में सौम्या कामधेनु गाय के 100 किलो गोबर और गौमूत्र से देश की पहली चटाई बनाई है। 14.5 किलो वजनी चटाई को 54 कारीगरों ने मिलकर 11 महीने में तैयार किया है। कारीगरों ने बताया कि गोबर की कालीन, चरक ऋषि की चरक चटाई है। इसका शास्त्रों में भी वर्णन है। हमने उसे ही बनाने की कोशिश की है।

### पांच वर्षों का संघर्ष अब हुआ पूरा

चटाई को बनाने कारीगर बीते पांच साल से मेहनत कर रहे थे। पांच वर्षों का संघर्ष अब पूरा हो गया है। गोशाला संचालक अखिल पदम डाकलिया ने बताया कि यह चटाई पूरी तरह से गोमूत्र और सौम्या कामधेनु गाय के गोबर से बनी है। पांच साल से इसे बनाने की कोशिश कर रहे थे। हमने यह चटाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए तैयार की है। इससे पहले हम गौशाला में गोबर के दीए, राखी, ब्रेसलेट और गणपति जी भी बनाते हैं। राज्यपाल अनुसुइया उईके पीएम मोदी को गोबर की राखी बांध चुकी हैं।

# पीसीसी चीफ पटवारी बोले- गुना हादसे के पीछे भ्रष्टाचार

भोपाल। गुना में हुए दर्दनाक बस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई। अब इस हादसे को लेकर कांग्रेस ने सरकार को घेरा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने हादसे का कारण भ्रष्टाचार को भी बताया है। उन्होंने हादसे को 13 लोगों की मौत



संस्थागत हत्या का मामला बताया है। पटवारी ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि गुना में समूची व्यवस्था भ्रष्टाचार की अग्नि में जलकर स्वाह हो गई। पटवारी ने कहा कि बताया गया है कि अपनी चलने की 15 वर्ष की समयावधि समाप्त होने के बाद भी बस भ्रष्टाचार के पहियों पर मौत बनकर बेधड़क दौड़ रही थी। बस का न रजिस्ट्रेशन था न बीमा।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने बिरहोर परिवारों से चर्चा कर जाना उनका हाल

# अधिकारियों से बोले सीएम-रोजगार की व्यवस्था कीजिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सबसे पिछड़ी विशेष जनजातियों के समुचित विकास के लिए चलाई जा रही प्रधानमंत्री जनमन योजना की जमीनी हकीकत जानने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शुक्रवार को रायगढ़ जिले के लैलुंगा विकासखंड के ग्राम भुईंयापानी पहुंचे। उन्होंने यहां छत्तीसगढ़ की विशेष पिछड़ी जनजातियों में शामिल बिरहोर परिवारों से रूबरू होकर उन्हें इस योजना से मिल रहे लाभ की जानकारी ली।



मुख्यमंत्री साय ने राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले बिरहोर परिवारों से अलग-अलग बातचीत कर स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार सहित मूलभूत सुविधाओं के बारे में चर्चा की। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आप सभी के विकास के लिए सबसे ज्यादा ध्यान देते हैं। इसके लिए उन्होंने जो जनजातियां विशेष रूप से पिछड़ी हैं उनके लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना शुरू की है। इसका लाभ आप लोगों तक पहुंच रहा है या नहीं, इसे जानने मैंने आप लोगों के बीच भुईंयापानी आने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की 5 विशेष पिछड़ी जनजातियों में बिरहोर जनजाति भी शामिल है। आज बिरहोरों की संख्या बहुत कम है, रायगढ़ जिले में इनकी जनसंख्या करीब 1100 है। पीएम जनमन योजना में प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना सहित शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों को मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम जनमन योजना में आप लोगों के लिए गैस चूल्हा से लेकर मकान तक सारी योजना सरकार के पास हैं, हम इनका लाभ आप सभी को देंगे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर हितग्राहियों को पीएम जनमन योजना के अंतर्गत उज्ज्वला योजना में गैस कनेक्शन, आधार कार्ड, राशन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, आयुष्मान भारत योजना का कार्ड वितरित किए।

### पीएम ने 5 साल तक निशुल्क चावल देने का निर्णय लियाःसाय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिलने पहुंची उर्मिला से उन्होंने पूछा कि सरकार की किन योजनाओं का लाभ मिला है। उर्मिला ने बताया कि उसका राशन कार्ड अभी बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अगले पांच सालों तक निःशुल्क चावल देने का निर्णय लिया है। उर्मिला से मुख्यमंत्री ने पूछा कि पढ़ाई कहां तक हुई है। उर्मिला ने बताया कि आठवीं तक पढ़ी हूं। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही अधिकारियों को कहा कि उर्मिला ने विषम परिस्थितियों के बाद भी आठवीं तक की पढ़ाई कर ली है, अब इसके रोजगार की व्यवस्था कीजिए।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–खुली निविदा सूचना

निविदा सूचना खोलने का पहला शुद्धिपत्र :–

**पत्र सं.** 128-डब्लयू/269/निविदा सूचना/22-23/डब्ल्यू-ई/टेंडर नं. 39 (ए,बी,सी,डी,इ) दिनांक 28.12.2023 विज्ञापित निविदा सूचना सं. 128–डब्लयू/269/निविदा सूचना/22–23/डब्लयू–ई/टेंडर नं. 39 (ए, बी, सी, डी, इ) दिनांक 19.01.2024 को जो एक निविदा यानी

**बी)** सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा– I के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/तीस हजारी के कार्य क्षेत्र मे नई पाइप लाइन और जल आपूर्ति, सीवरेज प्रणाली, शौचालय, रसोई का प्रावधान और मोतिया बाग, सदरबाजार, मोर सराय और श्रीराम रोड रेलवे कॉलोनी में क्षतिग्रस्त जल आपूर्ति व्यवस्था और घिसी–पिटी पाइप लाइनों के बदले में एसएमसी पैनल वॉटर टैंक, पीवीसी स्टोरेज वॉटर टैंक, पीवीसी स्टोरेज वॉटर टैंक के प्रावधान हेतु। **रूपये** 23486391.87/– तथा EMD of Rs. 267400.00/–

**डी)** सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा– II के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/पंजाबी बाग के कार्य क्षेत्र मे 6 बीएन आरपीएसएफ दयाबस्ती में आरपीएफ/आरपीएसएफ कार्यालयों और पोस्ट/थानों के मौजूदा जर्जर बैरक का प्रतिस्थापन और कार्यालय भवनों, आरपीएफ लाइनों आदि के कमरों में सुधार हेतु। **"रूपये** 23455397.72/– तथा EMD of Rs. 267300.00/– को प्रशासनिक आधार पर IREPS से हटा दिया गया है।

4090/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

चिंतन

# उल्फा से नव समझौता असम में लाएगा शांति

चार दशक से असम में जारी उल्फा उग्रवाद में मौजूदा समझौता ज्ञापन अहम अध्याय है। गुजरते वर्ष के आखिरी दिनों में 29 दिसंबर को केंद्र सरकार, असम सरकार, और यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ़ असम (उल्फा) के बीच शांति समझौता हुआ है। इस समझौते का मकसद असम में दशकों से चल रहे संघर्ष को खत्म करना है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। हालांकि उल्फा का परेश बरुआ गुट समझौते से अलग है, वह अपनी संप्रभुता की मांग पर डटा हुआ है। असम में उल्फा उग्रवाद की 44 साल लंबी यात्रा रही है। इस समझौते के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र के सबसे बड़े विद्रोही समूहों में से एक उल्फा के एक गुट की लंबी लड़ाई अब खत्म हो गई है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार उल्फा की सभी जायज मांगों को समयबद्ध तरीके से पूरा करेगी और उल्फा संगठन को भंग कर दिया जाएगा। असम के सबसे पुराने विद्रोही समूह के साथ हुए इस शांति समझौते का मकसद अवैध घुसपैठ, मूल निवासियों के लिए जमीन का अधिकार और असम के विकास के लिए एक वित्तीय पैकेज जैसे मुद्दों को सुलझाना है। इस समझौते के बाद असम में हिंसा में बड़ी कमी आएगी विास में तेजी आएगी। लोगों में शांति और स्थिरता की भावना बढ़ेगी। असम में लंबे समय से चले आ रहे राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक मुद्दों का ध्यान रखा जाएगा। यही नहीं स्वदेशी लोगों को सांस्कृतिक सुरक्षा और भूमि अधिकार भी मिल पाएगा। उल्फा की स्थापना परेश बरुआ, अरबिंद राजखोवा और अनूप चेतिया ने 7 अप्रैल, 1979 को शिवसागर, असम में की थी। असम में हाल के समय में लोगों के जीवन को प्रभावित करने वाले कई महत्वपूर्ण कदम देखे गए हैं, लेकिन उल्फा मुद्दा कई विवादास्पद मुद्दों के बीच शीर्ष पर बना रहा। उल्फा मुद्दा शुरू में एक आंदोलन था, लेकिन जल्द ही अपहरण, जबरन वसूली, हत्याओं और बम विस्फोटों के साथ यह सशस्त्र संघर्ष में बदल गया। समझौते पर हस्ताक्षर एक तरह से चार दशक पुरानी समस्या का अधूरा समाधान ही माना जाएगा, क्योंकि परेश बरुआ नीत उल्फा (इंडिपेंडेंट) गुट तब तक बातचीत के लिए तैयार नहीं है जब तक कि असम की 'संप्रभुता' के मुद्दे पर चर्चा नहीं होती। उसके कैडर हिंसा की छिटपुट घटनाओं में शामिल हैं और सुरक्षा बलों ने अभियान तेज कर दिया है। उल्फा (आई) की अनुपस्थिति और विपक्षी दलों और नागरिक संगठनों द्वारा इसे अधूरा समाधान बताए जाने के बावजूद, यह समझौता एक मील का पत्थर है, क्योंकि 1991 के बाद से संगठन के साथ बातचीत के कई प्रयासों के बावजूद, कोई समाधान नहीं निकला है। उल्फा ने कई मौकों पर बातचीत की इच्छा जताई, लेकिन 'संप्रभुता' मुद्दे पर अपने रुख पर अड़ा रहा। वर्ष 2011 में संगठन में दूसरी बार विभाजन होने के बाद अध्यक्ष अरबिंद राजखोवा सहित शीर्ष नेतृत्व पड़ोसी देश से असम लौटा। उसके बाद वे संप्रभुता विषय के बिना बातचीत की मेज पर आने के लिए सहमत हुए और केंद्र सरकार को 12-सूत्रीय मांग पत्र प्रस्तुत किया। 1990 और 2000 के दशक में राज्य में उल्फा का जबरदस्त प्रभाव था। उल्फा शुरू में पड़ोसी नगालैंड और मिजोरम के उग्रवाद से प्रभावित। 1990 को सेना ने उल्फा के खिलाफ ऑपरेशन बजरंग शुरू किया था। उसी दौरान उल्फा को अलगाववादी और गैरकानूनी संगठन घोषित कर दिया गया जो अब तक कायम है। नव समझौता असम में शांति लाएगा।

# औपनिवेशिक कानूनों से मुक्ति



लीगल रिफॉर्म
प्रमोद भार्गव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 15 अगस्त को लाल किले से दिए संबोधन में पांच प्रण किए थे, इनमें एक प्रण गुलामी की निशानियों को खत्म करना था। कानून संबंधी पारित विधेयकें उसी परिप्रेक्ष्य में हैं। इन नए कानूनों के अंतर्गत दंड अपराध रोकने की भावना पैदा करने के लिए दिया जाएगा। ये नए कानून महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर केंद्रित हैं। अब नए कानून में नाबालिग से दुश्कर्म और मॉब लीचिंग के लिए फांसी की सजा दी जाएगी। राजद्रोह कानून ब्रिटिश सत्ता को कायम रखने के लिए था, इसे अब खत्म किया गया है। कुछ धाराओं की संख्या भी बदली गई है। जैसे धोखाधड़ी 420 धारा के अंतर्गत थी, इसे अब धारा 316 के रूप में जाना जाएगा।

अंग्रेजों के जमाने से चला आ रहे औपनिवेशिक कानूनों से आखिरकार जनता को मुक्ति मिल गई। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुलामी के प्रतीक माने जाने वाले तीन प्रमुख कानूनों में आमूलचूल बदलाव के विधेयक लोकसभा एवं राज्यसभा से पारित करा लिए। राष्ट्रपति ने भी अपनी मंजूरी दे दी है। इनमें परिवर्तन की प्रतीक्षा लंबे समय से की जा रही थी, क्योंकि फिरंगी हुकूमत के समय वजूद में लाए गए ये कानून स्वतंत्रता सेनानियों को अधिकतम दंड देने की मानसिकता से बनाए गए थे, जबकि कोई भी विधि सम्मत प्रक्रिया दंड की अपेक्षा न्याय के सारोकारों से जुड़ी होनी चाहिए। शाह ने इन विधेयकों पर संसद में चर्चा करते हुए कहा कि इन कानूनों के लागू होने के बाद दुनिया में सबसे अधिक आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली भारत की होगी, क्योंकि अब इनकी आत्मा में भारतीयता नीहित कर दी गई है। उन्होंने अंग्रेजों के और अब के कानून में फर्क बताते हुए कहा कि अंग्रेजों के जमानों में बने कानून का मुख्य उद्देषश्य ब्रिटिश साम्राज्य के हितों की रक्षा करना था। इसलिए इसमें दंड को मूल में रखा गया था, किंतु अब न्याय पर जोर होगा। वैसे भी भारत में न्याय की अवधारणा बहुत पुरानी है और ये कानून उसी अवधारणा की भावना पर आधारित हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 15 अगस्त को लाल किले से दिए संबोधन में पांच प्रण किए थे, इनमें एक प्रण गुलामी की निशानियों को खत्म करना था। कानून संबंधी पारित विधेयकें उसी परिप्रेक्ष्य में हैं। इन नए कानूनों के अंतर्गत दंड अपराध रोकने की भावना पैदा करने के लिए दिया जाएगा। ये नए कानून महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा पर केंद्रित हैं। अब नए कानून में नाबालिग से दुश्कर्म और मॉब लीचिंग के लिए फांसी की सजा दी जाएगी। राजद्रोह कानून ब्रिटिश सत्ता को कायम रखने के लिए था, इसे अब खत्म किया गया है। कुछ धाराओं की संख्या भी बदली गई है। जैसे धोखाधड़ी 420 धारा के अंतर्गत थी, इसे अब धारा 316 के रूप में जाना जाएगा। इसी तरह दुष्कर्म की धारा 376 को 63 में बदला गया है।

1860 में बने इंडियन पीनल कोड (आईपीसी) को अब भारतीय न्याय संहिता, 1898 में बने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और 1872 में बने इंडियन एविडेंस कोड को अब भारतीय साक्ष्य संहिता के नाम से जाना जाएगा। कुल 313 धाराएं बदली गई हैं। इनमें चार धाराएं सबसे ज्यादा असरकारी साबित होंगी। एक, राजद्रोह कानून से 'राजद्रोह' शब्द विलोपित कर दिया जाएगा। अब सरकार की आलोचना अपराध नहीं होगी, लेकिन देशद्रोह अपराध बना रहेगा। नए प्रारूप में धारा 150 के तहत आरोपी को सात साल की सजा से लेकर उम्रकैद तक की सजा दी जा सकती है। दो, मॉब लीचिंग यानी उन्मादी भीड़ द्वारा हत्या और हिंसा के लिए अलग से सजा का प्रावधान किया गया है। इसे पंथ निरपेक्ष रखा गया है। क्योंकि कभी-कभी चोर को भी भीड़ मार देती है। कई अशिक्षित क्षेत्रों में महिलाओं को डायन बताकर समूह मार देता है। इन हत्याओं पर अब मॉब लीचिंग कानून लागू होगा। अभी तक ऐसे मामलों में



हत्या की धारा 302 और दंगा या बलवा की धाराएं 147-148 के तहत कार्रवाई होती थी।

तीन, नाबालिग से दुष्कर्म या पहचान छिपाकर किए गए दुष्कर्म के आरोप में 20 साल कारावास या मृत्युदंड का प्रावधान किया गया है। विरोध नहीं करने के अर्थ का आशय सहमति नहीं निकाला जाएगा। मौजूदा स्थिति में नाबालिग से दुष्कर्म पर न्यूनतम सजा में सात साल की व्यवस्था है। इसी तरह राज्यों को अब असली पहचान छिपाकर संबंध बनाने वाले अपराधियों के लिए 'लव जिहाद' जैसा पृथक कानून बनाने की जरूरत नहीं है। प्रस्तावित कानून में गलत पहचान बताकर नौकरी, पदोन्नति और अन्य प्रलोभन दिलाने के झूठे वादे कर दुष्कर्म के अंजाम को सजा के दायरे में लाया गया है। लव जिहाद इसी के अंतर्गत आएगा।

चौथा, देश में पहली बार छोटे-मोटे अपराधों के लिए सामुदायिक सेवा का क्रांतिकारी प्रावधान किया गया है। इन अपराधों में नशे में हंगामा और पांच हजार से कम की चोरी करने के आरोप में सामुदायिक सेवा की सजा दी जाएगी। ऐसी सजा में सार्वजनिक स्थलों पर पौधे लगाने जैसे प्रावधान शामिल हैं। हालांकि उच्च न्यायालय ग्वालियर ने इस तरह की सजाएं सुनाई हैं।

सबसे बड़ा परिवर्तन 1860 में अस्तित्व में आए औपनिवेशिक कानून 'राजद्रोह' में किया गया है। इसके औचित्य पर लगातार सवाल उठते रहे हैं। संसद में भी इस धारा के औचित्य पर कई बार प्रश्नचिन्ह खड़े किए गए हैं। लेकिन बदलाव के इस प्रस्ताव से पहले कोई भी सरकार ने इस कानून में परिवर्तन की हिम्मत नहीं जुटा पाई। संप्रग सरकार में जब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे, तब 2012 में राज्यसभा में प्रस्तुत एक निजी विधेयक में सांसद डी राजा ने कहा था कि 'देश में चले स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों के दमन और उन पर अमानुशिक अत्याचार के लिए फिरंगी हुकूमत ने 1860 में देशद्रोह का कानून बनाया था। इसे और कठोर 1870 में धारा 124-ए को दण्ड प्रक्रिया संहिता में शामिल कर लिया गया था, लिहाजा इस कानून में अब बदलाव की जरूरत है।' लेकिन इस निजी विधेयक को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। दरअसल यही वह कालखंड था, जब 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम पूरे राष्ट्र में एकजुटता के साथ उभरा था। इसमें आमजन की बड़ी संख्या में भगीदारी थी। इसी आमजन को दंडित करने के लिए ही इस दमनकारी कानून को वजूद में लाया गया था। यह सब जानते हुए भी तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार ने धारा 124-ए को 'आतंकवाद, उग्रवाद और सांप्रदायिक हिंसा जैसी देशद्रोही समस्याओं से निपटने के लिए आवश्यक और संविधान सम्मत बताया था। सरकार ने इस समय संसद में यह भी स्पष्ट किया था कि समुचित दायरे में रहकर सरकार की आलोचना करने पर कोई रोक नहीं है, लेकिन जब देश के खिलाफ कोई गतिविधि हो तो, तब देशद्रोह की धारा प्रभावी होगी।

धारा 124-ए के अंतर्गत लिखित या मौखिक शब्दों, चिन्हों प्रत्यक्ष या अप्रत्क्ष तौर से नफरत फैलाने या असंतोष जाहिर करने पर देशद्रोह का मामला दर्ज किया जा सकता है। यह समझ लेना भी जरूरी है कि संविधान का अनुच्छेद 19-1 अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी जरूर देता है, लेकिन इस पर युक्तियुक्त प्रतिबंध भी लगाया गया है। नए कानून में पहली बार आतंकवाद को पारिभाषित किया गया है। यदि कोई व्यक्ति देश की एकता, अखंडता, संप्रभुता और सुरक्षा को संकट में डालने के इरादे से कोई कृत्य करता है तो उसे नए कानून के हिसाब से सजा मिलेगी। देश के अस्तित्व को चुनौती देने वाले तत्व कानूनी शिकंजे से बच नहीं पाएंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

नव वर्ष
प्रियंका सौरभ



# नई उम्मीदें, नए लक्ष्य

नए साल पर अपनी आशाएँ रखना हमारे लिए बहुत अच्छी बात है, हमें यह भी समझने की ज़रूरत है कि आशाओं के साथ निराशाएँ भी आती हैं। जीवन द्वंद्व का खेल है और नया साल भी इसका अपवाद नहीं है। यदि हम 'बीते वर्ष' पर ईमानदारी से विचार करें, तो हमें एहसास होगा कि इसने हमें कुछ बहुमूल्य सीख और अनुभव अवश्य दिए। ये अलग से बहुत महत्वपूर्ण नहीं लग सकते हैं, लेकिन संभवतः ये प्रकृति का हमें उस उपहार के लिए तैयार करने का तरीका है जो उसने हमारे लिए रखा है जिसे वह अपनी समय सीमा में वितरित करेगी। साथ ही, अगर साल ने हमसे कुछ बहुत कीमती चीज़ छीन ली है, तो निश्चित रूप से उसने उसकी समान मात्रा में भरपाई भी कर दी है। वर्ष के अंत में, हमें एहसास होता है कि हमारी बैलेंस शीट काफी उचित है। तो, आइए हम आने वाले वर्ष में इस विश्वास के साथ प्रवेश करें कि नए साल का जादू यह जानने में निहित है कि चाहे कुछ भी हो, हर निराशा के लिए मुआवजा होगा, हर इच्छा की पूर्ति के लिए सीख होगी। हर साल, हम अपने दिल में एक गीत और कदमों में वसंत के साथ नए साल में प्रवेश करते हैं। हमें विश्वास है कि जादुई वर्ष अपने साथ हमारी सभी समस्याओं का समाधान लाएगा और हमारी सभी इच्छाएँ पूरी करेगा। चाहे वह सपनों का घर हो, सपनों का प्रस्ताव हो, सपनों की नौकरी हो, सपनों का साथी हो, सपनों का अवसर हो... और भी बहुत कुछ बेहतर हो। लेकिन जैसे-जैसे साल शुरू होता है और हम जो कुछ भी सामने आता है उससे निपटते हैं, नए साल की नवीनता, नए संकल्प, नई शुरुआत पहली तिमाही तक लुप्त होने लगती है। वर्ष के मध्य तक हम बहुत अधिक सामान्यता और कई फीकी आशाओं की चपेट में होते हैं, जो उस वादे से बहुत दूर है जिसके साथ हमने शुरुआत की थी। और आखिरी तिमाही तक हम अपनी वास्तविकता से इतने अभिभूत हो जाते हैं कि हम साल खत्म होने का इंतजार नहीं कर सकते। हम वर्तमान वर्ष को छोड़ते हुए और एक और 'नया साल' मनाने के लिए पूरी तरह तैयार हो जाते हैं और शुभकामनाएं बांटते हैं।

नववर्ष वह समय है जब हमें अचानक लगता है कि, ओह, एक साल बीत गया। हम कुछ पलों के लिए स्तब्ध हो जाते हैं कि समय कितनी जल्दी बीत जाता है, और फिर हम वापिस अपने काम में व्यस्त हो जाते हैं। मजे की बात यह है कि ऐसा साल में लगभग एक बार तो होता ही है। यदि हम आश्चर्य के इन क्षणों की गहराई में जाएं, तब हम पाएंगे कि हमारे भीतर कुछ ऐसा है जो सभी घटनाओं को साक्षी भाव से देख रहा है। हमारे भीतर का यह साक्षी भाव अपरिवर्तित रहता है और इसीलिए हम समय के साथ बदलती घटनाओं को देख पाते हैं। जीवन की वे सभी घटनाएं जो बीत चुकी हैं, एक स्वप्न बन गई हैं। जीवन के इस स्वप्न-जैसे स्वभाव को समझना ही ज्ञान है। यह स्वप्न अभी इस क्षण भी चल रहा है। जब हम यह बात समझते हैं तब हमारे भीतर से एक प्रबल शक्ति का उदय होता है और फिर घटनाएं व परिस्थितियां हमें हिलाती नहीं हैं। हालांकि, घटनाओं का भी जीवन में अपना महत्व है। हमें घटनाओं से सीखना चाहिए और आगे बढ़ते रहना चाहिए। नया साल नई उम्मीदें, नए सपने, नए लक्ष्य और नए आइडिया की उम्मीद देता है।

नए साल पर अपने लिए लक्ष्य निर्धारित कर लें। छात्र हों या नौकरीपेशा, सभी के लिए कोई न कोई लक्ष्य होना जरूरी होता है। भविष्य को बेहतर बनाने के लिए क्या कर सकते हैं और किस दिशा में प्रयास करना है, इन सब का निर्धारण करने के बाद उसे पूरा करने का संकल्प ले लें। आपका संकल्प हमेशा लक्ष्य को पूरा करने की याद दिलाता रहेगा। सभी 'नए साल' को जीवनकाल से जोड़ते हैं और हमारा जीवनकाल आशाओं और निराशाओं, सफलताओं और असफलताओं, खुशियों और दुखों के बारे में है और यह वर्ष भी कम जादुई नहीं होगा। तो इस वर्ष आप अपने संकल्पों को कैसे पूरा कर सकते हैं? इस बारे सोच समझकर आगे बढ़िये, दूसरों से समर्थन मांगें, अपने मित्रों और परिवार से आपका उत्साह बढ़ाने के लिए कहें। उन्हें अपने लक्ष्य बताएं और आप क्या हासिल करना चाहते हैं। अपने लिए एक इनाम प्रणाली बनाएं, अल्पकालिक लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें पूरा करने के लिए स्वयं को पुरस्कृत करें। अपने ऊपर दया कीजिये, कोई भी एकदम सही नहीं होता। अपने आप को कोसने की बजाय गहरी सांस लें और नव उत्कर्ष के प्रयास करते रहें। ऐसा माना जाता है कि साल का पहला दिन अगर उत्साह और खुशी के साथ मनाया जाए, तो पूरा साल इसी उत्साह और खुशियों के साथ बीतेगा। भारतीय परम्परा के अनुसार नया साल एक नई शुरुआत को दर्शाता है और हमेशा आगे बढने की सीख देता है। पुराने साल में हमने जो भी किया, सीखा, सफल या असफल हुए उससे सीख लेकर, एक नई उम्मीद के साथ आगे बढना चाहिए। ताकि इस वर्ष की एक सुखद पहचान बने।


## जीवन प्रक्रिया की छानबीन



संकलित
दर्शन

योग किसी धर्म-संप्रदाय से नहीं जुड़ा है। योग प्रेम, अहिंसा, करुणा और सबको साथ लेकर चलने की बात करता है। योग धर्म, जाति, वर्ण, क्षेत्र या भाषा के आधार पर जन्मे भेदभाव से परे है, इसलिए इसमें पूरी दुनिया को एक परिवार के तौर पर बांधने की क्षमता है। योग, जीवन-प्रक्रिया की छानबीन है। यह सभी धर्मों से पहले अस्तित्व में आया और इसने मानव के सामने संभावनाओं को खोलने का काम किया, जिससे इंसान प्रकृति द्वारा तय की गई सीमाओं से परे जा सके। आंतरिक व आत्मिक विकास, मानव कल्याण व मुक्ति से जुड़ा यह विज्ञान भावी पीढ़ी के लिए एक महानतम उपहार है। आज योग विज्ञान जितना महत्वपूर्ण है, इससे पहले यह कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा। क्योंकि आज हमारे पास विज्ञान और तकनीक के तमाम साधन मौजूद हैं, जो इस दुनिया को बना और मिटा सकते हैं। ऐसे में यह बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है कि हमारे भीतर जीवन के प्रति जागरूकता और ऐसा भाव बना रहे कि हम हर दूसरे प्राणी को अपना ही अंश महसूस कर सकें, वरना अपने सुख और भलाई के पीछे की हमारी दौड़ सब कुछ बर्बाद कर देगी। अगर दुनिया की कुछ आबादी भी योग और ध्यान के मार्ग पर चलने लगे तो निश्चित तौर पर दुनिया की गुणवत्ता और स्तर में सुधार आएगा। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में विस्तार व व्यापकता लाने में ही मानव-जाति की सभी समस्याओं का समाधान है।

## धन कमाने के साथ भक्ति भी करें, तभी अशांति दूर होगी



संकलित
प्रेरणा

एक दिन कबीरदास अपना काम कर रहे थे। काम करते समय वे भगवान का ध्यान भी कर लेते थे। पूरे दिन कबीरदास ऐसा ही करते थे। एक व्यक्ति उन्हें कई दिनों से देख रहा था। उसने कबीरदास से पूछा कि आप भक्त हैं, लेकिन आपको अलग से भक्ति करते हुए मैंने नहीं देखा। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति की बात सुनी और कहा कि इस प्रश्न का उत्तर मैं दूंगा, लेकिन अभी तुम मेरे साथ चलो। हम थोड़ा घूम आते हैं। रास्ते में उन्हें एक महिला दिखाई दी। वह महिला पानी भरकर लौट रही थी। उसके सिर पर पानी से भरा मटका रखा था और वह अपनी मस्ती में गीत गाते हुए जा रही थी। उस महिला ने मटके को पकड़ा भी नहीं था। उसके सिर पर मटका स्थिर था और उसका पानी भी नहीं छलक रहा था। कबीर दास जी ने उस व्यक्ति से कहा कि ये महिला पानी लेकर जा रही है। सिर पर मटका रखा है, लेकिन उसने मटके पकड़ा भी नहीं है और गीत गाते हुए जा रही है। इसका ध्यान अपने मटके पर है, गाने पर भी है और रास्ते पर भी है। कबीर जी ने उस व्यक्ति को आगे समझाया कि इस महिला की तरह ही मैं भी काम करते-करते भगवान का ध्यान कर लेता हूं, भक्ति कर लेता हूं। दुनियादारी के काम करते हुए भी मेरा मन भगवान की भक्ति में ही लगा रहता है। मैं ये काम भी कर लेता हूं और भक्ति भी कर लेता हूं। ठीक इसी तरह जीवन में संतुलन बहुत जरूरी है। हमें धन भी कमाना चाहिए और भक्ति भी करते रहना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**अपराधियों को सजा देने में हिचकिचाहट क्यों?**

अर्जुन अवार्डी विनेश फोगाट और अन्य खिलाड़ियों के साथ बृजभूषण शरण सिंह का क्या व्यवहार है? महिला खिलाड़ियों को उत्पीड़न का शिकार क्यों बनाया जा रहा है? अगर महिला खिलाड़ियों की इज्जत और आबरू दाव पर लगती है, तो जरा सोचिए, क्या भविष्य में खेल के मैदान में कोई महिला उतरेगी? कौन अभिभावक अपने बच्चों को ऐसी जगह भेजेगा जहां उनकी इज्जत नहीं होती। एक तो खिलाड़ियों की ड्रेस ही ऐसी होती है कि अभिभावक दिल पर पत्थर रखकर ही उसे खिलाड़ियों को पहनाते हैं।

-मनोज जोशी, बिलासपुर

## ट्रेंड

### लद्दाख में बन रही सड़कें



सरकार ने लद्दाख में राजकीय राजमार्ग और अन्य प्रमुख सड़कों से संबंधित 29 परियोजनाओं के लिए 1,170.16 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। सीआरआईएफ योजना के अंतर्गत आठ पुलों के लिए 181.71 करोड़ रुपये भी स्वीकृत किए हैं।

- नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री

### स्वास्थ्य ढांचे का निर्माण



सरकार बुनियादी ढांचे को न केवल उन्नत और विस्तारित करके स्वास्थ्य के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपना रही है, बल्कि चिकित्सा पेशेवरों की बढ़ रही मांग को पूरा करने के लिए और अधिक संस्थान भी बना रही है।

-मनसुख मांडविया, स्वास्थ्य मंत्री

### कदम उठा रही सरकार



घने कोहरे से उड़ान संचालन पर पड़ने वाले असर से निपटने के लिए सरकार कदम उठा रही है। कोहरे का सामना हम हर साल 15-20 दिन करते हैं, पर इस साल, पिछले तीन या चार दिन से अप्रत्याशित कोहरा रहा है।

-ज्योतिरादित्य सिंधिया, विमानन मंत्री

### हिंदुत्व मुद्दे पर चुनाव



भाजपा 2024 का लोकसभा चुनाव हिंदुत्व के मुद्दे पर लड़ सकती है। मोदी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का और 14 फरवरी को अबू धाबी में बीएपीएस हिंदू मंदिर का उद्घाटन करेंगे, इसके बाद आम चुनाव की घोषणा की जाएगी।

-शशि थरूर, कांग्रेस नेता

## करंट अफेयर

# भारतीय मूल के उद्यमी ऑर्डर ऑफ कनाडा से सम्मानित



भारत में जन्मे उद्यमी फिरदौस खरास को मानव-केंद्रित मीडिया के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए देश के सर्वोच्च सम्मानों में शामिल 'ऑर्डर ऑफ कनाडा' के एक अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। वर्ष 2023 के लिए 'ऑर्डर ऑफ कनाडा' की नियुक्तियों की वार्षिक सूची कनाडा की गवर्नर जनरल मैरी साइमन ने बृहस्पतिवार को जारी की। 'ऑर्डर ऑफ कनाडा' देश के सर्वोच्च सम्मानों में से एक है। यह समाज के सभी क्षेत्रों के उन लोगों को मान्यता देता है, जिन्होंने कनाडा में असाधारण और निरंतर योगदान दिया है। साइमन ने 'ऑर्डर ऑफ कनाडा' में 78 नई नियुक्तियों की घोषणा की, जिनमें तीन 'कम्पैनियन', 15 अधिकारी, एक मानद अधिकारी और 59 सदस्य शामिल हैं। खरास (68) को 'एक सामाजिक उद्यमी, मानवतावादी और जन संचार मीडिया निर्माता के रूप में मानव-केंद्रित मीडिया के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन को आगे बढ़ाने के लिए' 'ऑर्डर ऑफ कनाड़ा का अधिकारी नियुक्त किया गया। खरास ने एक बयान में कहा, 'मैं इस उच्च सम्मान को पाकर बहुत अभिभूत हूं, जो खासकर एक प्रवासी के रूप में मेरे लिए बहुत मायने रखता है। भले ही पारसी समुदाय ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं, लेकिन कनाडा में उनकी संख्या बहुत कम यानी मात्र 3,600 है, इसलिए इस प्रकार का सम्मान मिलना बहुत ही संतोषजनक है।'

## ऑफ बीट

# बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण



यह विकास की एक दुर्भाग्यपूर्ण विचित्रता है कि सब्जियाँ हमारे लिए बहुत अच्छी हैं लेकिन वे हम सभी के लिए तुरंत स्वादिष्ट नहीं होती हैं। हम उच्च ऊर्जा वाले खाद्य पदार्थों के मीठे या उम्दा स्वाद का आनंद लेने के लिए विकसित हुए हैं, क्योंकि भुखमरी दीर्घकालिक स्वास्थ्य की तुलना में अधिक तात्कालिक जोखिम है। सब्जियाँ विशेष रूप से उच्च ऊर्जा वाली नहीं होती हैं, लेकिन वे आहार फाइबर, विटामिन और खनिजों और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाले यौगिकों से भरपूर होती हैं जिन्हें बायोएक्टिव कहा जाता है। ये बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण बनते हैं। पादप बायोएक्टिव, जिन्हें फाइटोन्यूट्रिएंट्स भी कहा जाता है, पौधों द्वारा पर्यावरणीय तनाव और शिकारियों से खुद को बचाने के लिए बनाए जाते हैं। वही चीजें जो पौधों के खाद्य पदार्थों को कड़वा बनाती हैं, वही चीज़ें उन्हें हमारे लिए अच्छा बनाती हैं। दुर्भाग्य से, कड़वा स्वाद हमें जहरों से और संभवतः एक ही पौधे को अधिक खाने से बचाने के लिए विकसित हुआ, तो एक तरह से, पादप खाद्य पदार्थों का स्वाद जहर जैसा हो सकता है। हममें से कुछ के लिए, यह कड़वी अनुभूति विशेष रूप से तीव्र है, और दूसरों के लिए यह इतनी बुरी नहीं है। यह आंशिक रूप से हमारे जीन के कारण है। मनुष्यों में कम से कम 25 अलग-अलग रिसेप्टर्स होते हैं जो कड़वाहट का पता लगाते हैं, और हममें से प्रत्येक के पास अपने स्वयं के आनुवंशिक संयोजन होते हैं।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# देशभर के दिव्यांग उद्यमियों को बढ़ावा देने दिव्य कला मेला शुरू

## गुजरात में 12वें दिव्य कला मेले का आयोजन

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

दिव्यांग व्यक्तियों के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए दिव्य कला मेले का 12वां संस्करण शुक्रवार से गुजरात के सूरत में शुरू होने जा रहा है।

इसे सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश भर के दिव्यांग उद्यमियों और कारीगरों के उत्पादों और शिल्प कौशल को एक उचित मंच प्रदान करना है।

**खास बातें**

- सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत किया जा रहा कार्यक्रम
- 10-दिवसीय कार्यक्रम में 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लोग आएंगे

### 100 दिव्यांग कारीगर और उद्यमी शामिल होंगे



29 दिसंबर से 7 जनवरी तक चलने वाले 10-दिवसीय कार्यक्रम में करीब 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 100 दिव्यांग कारीगर और उद्यमी शामिल होंगे। जिसमें होम डेकोर, कपड़े, स्टेशनरी, पर्यावरण,अनुकूल उत्पाद, पैकेज्ड फूड, ऑर्गेनिक उत्पाद, खिलौने,उपहार और आभूषण और क्लच बैग जैसे व्यक्तिगत सहायक उपकरणों सहित विविध उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा।

### पिछले साल की गई थी शुरुआत

2022 में शुरू हुआ कार्यक्रम का यह 12वां संस्करण है, जिसके पिछले संस्करण दिल्ली,मुंबई, भोपाल, गुवाहाटी, इंदौर, जयपुर, वाराणसी, सिकंदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई और पटना जैसे प्रमुख शहरों में आयोजित किए गए थे। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने 2023-2024 के दौरान देश भर के विभिन्न शहरों में 'दिव्य कला मेला' आयोजित करने की योजना बनाई है। मेलों का ब्रांडिंग, उत्पाद विकास और दिव्यांगजनों के उत्पादों को बाजार लाभ प्रदान करने में अहम योगदान है। इससे दिव्यांगों के कौशल को जनता तक पहुंचाना आसान हो जाता है।

### सांस्कृतिक गतिविधियां भी संचालित होंगी

इसमें न केवल उत्पादों का प्रदर्शन होगा,बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें दिव्यांग कलाकारों और जाने-माने कलाकार लोगों का मनोरंजन करेंगे। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू होकर रात 9:00 बजे तक चलेगा,कार्यक्रम में विविध प्रकार के क्षेत्रीय व्यंजनों का स्वाद लेने का भी मौका मिलेगा। इस कार्यक्रम के उद्घाटन में केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार के साथ-साथ कई अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहेंगे। 12वां दिव्य कला मेला-2023 दिव्यांग उद्यमियों की भावना, रचनात्मकता को उजागर करने वाला कार्यक्रम है।

**वोकल फॉर पर लोकल**

दिव्य कला मेला दिव्यांगजनों की शिल्प उत्पादों के क्रय-विक्रय और प्रदर्शन के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है,जो उन्हें आर्थिक सशक्तिकरण के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। जम्मू-कश्मीर, उत्तर पूर्वी राज्यों सहित देश के विभिन्न हिस्सों से जीवंत उत्पादों को एक साथ लाकर, यह आयोजन 'स्थानीय उत्पादों के लिए मुखर' पहल को बढ़ावा देता है।

## खबर संक्षेप

### जयाप्रदा 'गायब', रामपुर से लेकर मुंबई तक छापा

**रामपुर।** यूपी के रामपुर की पूर्व सांसद जयाप्रदा की पुलिस को लोकेशन नहीं मिल रही है। रामपुर से लेकर मुंबई तक पुलिस पूर्व सांसद की तलाश में छापा मार रही है। टीम ने अब उनके करीबियों से भी संपर्क साधना शुरू कर दिया है। पुलिस ने शहर में स्थित उनके नर्सिंग कॉलेज में भी तलाशा। मगर, कोई सुराग नहीं लगा।



### 24 घंटे में कोरोना के 797 नए मामले मिले

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मामलो में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 797 नए मामले सामने हैं। मरीजों की संख्या 4,091 दर्ज की गई है। इस साल 19 मई के बाद यह पहला मामला है जब एक दिन में कोरोना वायरस के सबसे अधिक मामले सामने आए हैं। मरीजों की बढ़ती हुई संख्या ने चिंता बढ़ा दी है।



### बम की अफवाह से मंगलुरू एपी पर हड़कंप

**मंगलुरु।** यहां के अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा पर एक हॉक्स ईमेल ने एयरपोर्ट पर बम होने की अफवाह ने हड़कंप मचा दिया। एयरपोर्ट की सुरक्षा में तैनात प्रशासनिक अधिकारियों को भेजे एक ईमेल में दावा किया गया था कि एयरपोर्ट पर बम है जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने सघन तलाशी ली। 'फनिंग' नाम के एक व्यक्ति ने कई हवाई अड्डों पर इस तरह के कई ई-मेल भेजे थे।



### अनाकापल्ले में चार सदस्यों ने की आत्महत्या

**विशाखापत्तनम।** विशाखापत्तनम के अनाकापल्ले में एक ही परिवार के चार लोगों ने आत्महत्या कर ली। एक व्यक्ति अस्पताल में जीवन और मौत से जूझ रहा है। यह घटना उपनगरीय विशाखापत्तनम के अनाकापल्ले जिले में हुई। मृतकों की पहचान शिव रामकृष्ण, पत्नी माधवी और दो बेटियों के रूप में हुई है। तीसरी बेटी जिंदा है।



*गुना बस हादसा : मृतकों की पहचान के लिए शवों में से फीवर बोन (कूल्हे के नीचे वाली हड्डी) और सॉफ्ट टिश्यू के सैंपल लिए*

# शवों के सैंपल लिए... दो दिन में आएगी इनकी डीएनए रिपोर्ट

आरोपी बस संचालक फरार, धरपकड़ के लिए टीमों की दबिश

*उन 13 परिवारों के आंसू फिलहाल नहीं रुक रहे है जिनके अपनों का कोई अता-पता नहीं है। इन अपनों के शवों के उनको अवशेष भी मिल पाएंगे या नहीं? यह भी उनको नहीं पता। एक छोटी सी यात्रा इन अपनों की अंतिम यात्रा बन गई।*



आनंद सिंह लोढ़ा ▶▶ गुना

बस हादसे में जिंदा जले 13 लोगों की पहचान डीएनए रिपोर्ट से की जाएगी। इसके लिए उनके सैंपल लिए गए। इन 13 लोगों के परिवारों के भी दो-दो लोगों के सैंपल लिए गए हैं।

सैंपल कलेक्ट करने के बाद जांच के लिए ग्वालियर लैब भिजवा दिए हैं और दो दिन में रिपोर्ट आने की उम्मीद है। आरोपी बस ऑपरेटर भानु सिकरवार की धरपकड़ के लिए पुलिस की टीम दबिश दे रही है, लेकिन वह फरार हो गया है। उधर, ट्रैफिक पुलिस और परिवहन विभाग ने गुना में सिकरवार ट्रेवल्स की 6 बसों को जब्त किया है। इन बसों के पास न तो परमिट मिले और न ही बीमा।

सिकरवार ट्रेवल्स की 6 बसों को किया जब्त,उनका न परमिट था न ही बीमा

गुना में ऐसे रसूखदारों की कई बसें, अब सभी पर कसा जा रहा है शिकंजा



**हड्डी से पता चलेगा, मृतक कौन?**

पुलिस ने डीएनए की जांच करने फीवर बोन का सैंपल लिया है। यह वह हड्डी है, जो आसानी से जलती नहीं है और उसमें से डीएनए का आसानी से पता लगाया जा सकता है। किसी शव की पहचान में कोई दिक्कत न हो, इसलिए लापता व्यक्तियों के परिवारों से दो-दो लोगों के ब्लड सैंपल लिए हैं। इन सैंपलों की जांच ग्वालियर में होगी और दो दिन में रिपोर्ट आ सकती है।

### जब्त बसों के कोई कागजात नहीं मिले

उधर, परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस ने सिकरवार ट्रेवल्स की 5 बसों को जब्त किया है। मनोज वर्मा, डीएसपी ट्रैफिक ने बताया कि इसी के साथ इसी ट्रेवल्स की एक वीडियो कोच बस भी जब्त की गई है। इन बसों के नंबरों से उनकी पड़ताल की तो उनके पास न तो वैध स्थायी परमिट था और न ही बीमा के कागज। इसके अलावा फर्स्ट एड, सुरक्षा के उपकरण आदि का भी अभाव था।

### टीम ने रात एक बजे तक सैंपल लिए

पुलिस ने मृतकों की पहचान के लिए शवों में से फीवर बोन (कूल्हे के नीचे वाली हड्डी) और सॉफ्ट टिश्यू के सैंपल लिए हैं। इसी के साथ 13 परिवारों में से दो दो लोगों के सैंपल भरे, जिन मृतकों के माता-पिता जीवित हैं, उनके सैंपल लिए हैं। किसी के माता-पिता नहीं हैं, तो उनके बच्चों और बच्चों के अभाव में उनके परिजनों (केवल ब्लड रिलेशन) वालों के सैंपल प्राप्त किए। टीम ने रात 1 बजे तक सैंपल लेने की कार्यवाही की है। दरअसल, जली अवस्था में जो शव रखे हैं, वे अधिकांश आरोन के हैं, जिन लोगों की पहचान नहीं हो पा रही है, वे चिंचित हैं और अपनों को लापता पाकर आंसू बहाने बेबस हैं। श्वेता गुप्ता, सीएसपी ने बताया कि आरोपी बस ऑपरेटर को गिरफ्तार करने के लिए टीम रवाना हो चुकी है, लेकिन पकड़ा नहीं जा सका है। बस और डंपर चालक को भी आरोपी बनाया है। उनकी पहचान नहीं हो सकी है।

### बॉडी के टिश्यू से होगी मृत व्यक्ति की पहचान, रिपोर्ट में लग सकता है समय

**फोरेंसिक एक्सपर्ट बोले ...**




**भोपाल।** फोरेंसिक एक्सपर्ट का कहना है कि डीएनए इंसानी शरीर की एक बहुत ही जटिल संरचना होती है। क्राइम सीन पर क्रिमिनल की पहचान के लिए भी डीएनए टेस्ट की ही मदद ली जाती है। बॉडी के टिश्यू के हिस्से को जांच के लिए भेजा जाता है। राजीव गांधी की हत्या के बाद डीएनए टेस्ट कर पहचाना गया था। डीएनए की जांच करने के लिए सैंपल के तौर पर इंसान का खून, लार, थूक, नाखून, बाल, दांत, हड्डियां, यूरिन और वीर्य का इस्तेमाल किया जाता है। किसी भी इंसान का डीएनए सैंपल उसके दस्ताने, कपड़े, यंत्र, हथियार, टूल्स, मास्क, टोपी, सेक्सुअल असॉल्ट एविडेंस किट, अंडरगारमेंट्स, बिस्तर, गंदे कपड़ों, कटे हुए नाखून, कप, बॉटल, सिगरेट के बड्स, टूथपिक, टूथब्रश, चेहरा पोंछ कर फेंके गए रुमाल या नैपकिन, कंघी, कंडोम, चश्मा, लिफाफे आदि से लिया जा सकता है। ऐसी ही जगहों से संधिग्ध की डीएनए प्रोफाइल बनाई जाती है और सभी संदिग्धों के डीएनए से मिलान कराया जाता है। इस टेस्ट की प्रक्रिया में एक से दो सप्ताह भी लग जाते हैं।

**केंद्रीय मंत्री डॉ. मांडविया ने एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं का किया उद्घाटन और रखी आधारशिला**

# केंद्र और राज्य सरकारों के प्रयास अहम, चिकित्सा सेवाएं होंगी 'दृढ़'



◆ *केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने आंध्र प्रदेश में 7 एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं का उद्घाटन किया...*

एजेंसी ▶▶ विजयवाड़ा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के विभिन्न जिलों में सात एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं का उद्घाटन किया।

उन्होंने विजयवाड़ा में दो क्रिटिकल केयर ब्लॉक और एक बॉयोसेफ्टी लेवल-3 (बीएसएल-3) प्रयोगशाला की आधारशिला भी रखी, जिसका उद्देश्य राज्य में स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देना है।मांडविया ने अधिकारियों और मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, बीएसएल प्रयोगशाला, सात एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाएं और दो महत्वपूर्ण देखभाल ब्लॉक एक बार चालू होने के बाद आंध्र प्रदेश के लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देना हमारा लक्ष्य

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार देश में स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे को उन्नत और विस्तारित करके स्वास्थ्य के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपना रही है, जिसमें अधिक मेडिकल और नर्सिंग कॉलेजों का निर्माण भी शामिल है। उन्होंने कहा कि अब 23 अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) हैं जबकि एमबीबीएस और नर्सिंग सीटें दोगुनी हो गई हैं। मांडविया ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के सामूहिक प्रयास देश की जरूरतों को पूरा करने के लिए अहम हैं।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा**

### हेल्थ कैंपों से अब तक 2 करोड़ लोग लाभान्वित

विकसित भारत संकल्प यात्रा अब तक 1 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों में पहुंच चुकी है और इनमें भाग लेने वालों की कुल संख्या 2 करोड़ से अधिक है। इस यात्रा के तहत सिकल सेल रोग के लिए 8.5 लाख से अधिक लोगों की जांच की गई और 27,630 से अधिक लोगों को उच्च सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में भेजा गया।अब तक 1,08,500 ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों में संचयी पैदल यात्रियों की संख्या 2,10,24,874 तक पहुंच गई है।

## भजनलाल सरकार का मंत्रिमंडल का विस्तार आज

**नई दिल्ली।** राजस्थान में मंत्रिमंडल के विस्तार का इंतजार अब खत्म होने वाला है। शनिवार को राजभवन में दोपहर 3:30 बजे कई विधायक मंत्री पद की शपथ लेंगे।



इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के अलावा डिप्टी सीएम दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा शपथ ले चुके हैं। राजस्थान में कुल 33 मंत्री बनाए जा सकते हैं। मंत्रियों के नाम की लिस्ट गृहमंत्री अमित शाह के पास है। सीएम भजनलाल शर्मा अमित शाह से मुलाकात कर मंत्रियों के नाम पर चर्चा करेंगे। सीएम भजनलाल शाह से चर्चा कर नाम फाइनल करेंगे। इसके बाद विधायकों के पास फोन जाने शुरू हो जाएंगे। माना जा रहा है कि शाह ही मंत्रियों के नाम पर अंतिम मुहर लगाएंगे।

## आइस-स्केटिंग रिंक



**शिमला।** शिमला के लक्कड़ बाजार में शुक्रवार को एक आइस-स्केटिंग रिंक पर लोग।

### हिंदुत्व, हिंदुत्व है और मैं एक हिंदू हूं, हिंदुत्व हिंदू अलग हैं: सिद्धारमैया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने दावा किया कि हिंदुत्व विचारधारा और हिंदू आस्था के बीच अंतर होता है। बेंगलुरु में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा हिंदू और हिंदुत्व दोनों अलग-अलग हैं। इसको लेकर एक नया विवाद खड़ा हो गया है। सीएम ने सॉफ्ट हिंदुत्व का जिक्र करते हुए कहा, यह सॉफ्ट हिंदुत्व और हार्ड हिंदुत्व किया होता? हिंदुत्व, हिंदुत्व है। मैं एक हिंदू हूं। हिंदुत्व अलग है और हिंदू अलग है।

## उत्तर भारत में छाएगा कोहरा, बारिश के बाद पड़ेगी कड़ाके की सर्दी



**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली-एनसीआर सहित पूरे उत्तर भारत में घना कोहरा है। विजिबिल्टी रात में कुछ स्थानों पर जीरो तक हो जाती है। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा सहित तमाम उत्तर भारत में कोहरे का अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा कि अगले एक सप्ताह के दौरान हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू कश्मीर में बर्फबारी की संभावना है। 31 से 2 जनवरी तक वेस्टर्न डिस्टर्बेन के चलते बारिश की संभावना है। कड़ाके की सर्दी पड़ सकती है।

**पूरे उत्तर भारत में कोहरे से निजात नहीं:** उन्होंने कहा कि पूरे नॉर्थ-वेस्ट पंजाब हरियाणा राजस्थान पश्चिमी उत्तर प्रदेश में घना कोहरा छाया रहेगा। कोहरा बढ़ता है तो तापमान में ज्यादा गिरावट नहीं होती है। मौसम में बदलाव संभव है। फिलहाल मौसम में बदलाव की ज्यादा संभावना नहीं है, लेकिन जैसे-जैसे जनवरी का फर्स्ट वीक आएगा, ठंड भी बढ़ती चली जाएगी। बर्फबारी का अलर्ट जारी नहीं किया गया है लेकिन जम्मू कश्मीर, हिमाचल उत्तराखंड मैं इसकी जरूर संभावना है।

**पहचान की अपील**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृतक व्यक्ति जिसका **नाम** : नामालूम, **पुत्र** : नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्र** : लगभग 50 साल, **कद** : 5 फुट 6 इंच, **रंग** : गेहूँआ, **पहनावा** : काले व ब्लू रंग का जैकेट और काले रंग का हॉफ पैन्ट पहने हुए है। जो हज़रत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन, के प्लेट फॉर्म नं 3 पर मिला जिसे दिनांक 18.12.2023 को सफदरजंग अस्पताल में एमएलसी नं 1040652/23, के द्वारा भर्ती कराया गया जहाँ इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी। इस संदर्भ में **डी. डी. नं. 04—ए. दिनांक 18.12.2023** थाना हज़रत निज़ामुद्दीन रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
थाना : हज़रत निजामुद्दीन, रेलवे स्टेशन, नई दिल्ली
फोनः 011-24356743,24358593
8750871311

DP/15127/Rly/2023

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

मु.न. 449 दिनांक 25.12.2023 धारा 346 भा.द.स. थाना सिविल लाईन जिला सोनीपत।

**गुमशुदा की पहचान**



नाम- राजेश।
पिता का नाम- रामपाल।
पता - नया जीवन नगर दुर्गा मन्दिर के पास जिला सोनीपत।
उम्र- 26 वर्ष।
कद- 5 फुट।
हुलियाः- रंग गेहुआ, गोल चेहरा, हष्ट-पुष्ट शरीर, आँखे काली, मन्दबुध्दि है।
पहनावा :- नीलें रंग की शर्ट, पैन्ट व पैरों में चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 13-12-2023 को राजेश पुत्र रामपाल वासी नया जीवन नगर दुर्गा मन्दिर के पास जिला सोनीपत बिना किसी कुछ भी बताए कही पर चला गया है। जो अब तक घर वापिस नहीं आया है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करें।

प्रबन्धक थाना - 7419410533,
अनुसंधानकर्ता मो. नं.- 9812290872,
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/2020/2024/23790/88/7 दि. 29.12.23

**गठबंधन में तनातनी, ममता और उद्धव का अलग-अलग राग**

# सीट शेयरिंग फॉर्मूले पर कांग्रेस अगले हफ्ते करेगी चर्चा

## खरगे ने लोकसभा चुनाव जीतने को पहली प्राथमिकता बताई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस जल्द दूसरे दलों के साथ चर्चा शुरू करेगी। बताया जा रहा है कि जनवरी के पहले हफ्ते में ही कांग्रेस विपक्षी दलों के साथ बैठक करेगी और सीट शेयरिंग फॉर्मूले पर बात करेगी।

लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ बने 28 दलों के गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर अब तक चर्चा नहीं हो पाई है। हालांकि, दिल्ली की बैठक में सीएम द्वय ममता बेनर्जी और अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम विपक्ष के पीएम चेहरे के तौर पर आगे रखा था। खरगे ने कहा था कि गठबंधन की पहली प्राथमिकता लोकसभा चुनाव जीतना है।



### कांग्रेस का उद्धव गुट को जवाब

उद्धव गुट की ओर से किए गए सीटों पर दावे पर कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने तीखा बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि अगर हम 48 में से आपको (यूबीटी शिवसेना) 23 सीटें देंगे तो हम कहां से लड़ेंगे? असली सच्चाई यह है कि पिछले एक साल में, शिवसेना टूट गई और कई प्रमुख नेताओं ने पार्टी छोड़ दी। यही स्थिति एनसीपी की भी है।

**ममता की हुंकार**

### बंगाल में अकेले चुनाव लड़ेगी टीएमसी

ममता बेनर्जी ने साफ कर दिया कि बंगाल में वे किसी के साथ गठबंधन नहीं करेंगी। गठबंधन भाजपा के खिलाफ पूरे देश में लड़ेगा, लेकिन बंगाल में वह अकेली लड़ेंगी। वे न तो कांग्रेस और न ही वाम दलों के साथ गठबंधन करेंगी। ममता ने बंगाल में वाम दलों और कांग्रेस पर भाजपा के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि भाजपा विपक्षी दलों के नेताओं पर 'चोर' का ठप्पा लगा रही है।

**उद्धव गुट में भी खींचतान**

### 23 सीटों पर अड़ी उद्धव की शिवसेना

लोकसभा की सीटों के बंटवारे पर विपक्षी गठबंधन के दलों के बीच खींचतान शुरू हो चुकी है। उद्धव की शिवसेना महाराष्ट्र की 23 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने पर अड़ी है। संजय राउत ने कहा है कि शिवसेना मतलब महाराष्ट्र की सबसे बड़ी पार्टी। उन्होंने कहा कि सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं से हमारी बातचीत चल रही है। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे से बात हो रही है।

## महिंद्रा एंड महिंद्रा पर 4.12 करोड़ रुपए का जुर्माना

**नई दिल्ली।** घरेलू वाहन विनिर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) पर उसके दोपहिया कारोबार के संबंध में इनपुट टैक्स क्रेडिट दावे और शिक्षा उपकर क्रेडिट बैलेंस को जीएसटी-पूर्व दौर से जीएसटी प्रणाली में लाने पर 4.12 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। एमएंडएम ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी को मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित कार्यालय उपायुक्त (राज्य कर) से महिंद्रा टू-व्हीलर्स लिमिटेड (एमटीडब्ल्यूएल) के दोपहिया वाहन कारोबार के संबंध में 4,11,50,120 रुपये का जुर्माना लगाने का आदेश मिला है।

# सरकार ने सुकन्या समृद्धि योजना के निवेशकों को दिया न्यू ईयर गिफ्ट

**ब्याज दरों को 8 फीसदी से बढ़ाकर 8.2 फीसदी कर दिया**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुकन्या समृद्धि योजना में निवेश करने वाले निवेशकों को सरकार ने नए साल पर बड़ी सौगात दी है। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के लिए योजना के ब्याज दरों को 8 फीसदी से बढ़ाकर 8.2 फीसदी कर दिया गया है।

■ ब्याज दरों में किया बढ़ोतरी का एलान

इसके अलावा 3 साल की अवधि वाले डिपॉजिट पर ब्याज को 7 फीसदी से बढ़ाकर 7.1 फीसदी किया गया है। लेकिन दूसरी छोटी बचत योजनाओं के ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने 2023-24 की चौथी तिमाही जनवरी से मार्च तक के लिए छोटी बचत योजनाओं के ब्याज दरों की समीक्षा कर उनकी घोषणा कर दी है। छोटी बचत योजनाओं में केवल सुकन्या समृद्धि योजना के ब्याज दरों में ही बदलाव किया गया है। बेटियों के लिए खासतौर से चलाई जा रही मोदी सरकार की इस स्कीम के ब्याज दर को 8 फीसदी से बढ़ाकर 8.2 फीसदी कर दिया गया है।

### पीपीएफ के निवेशकों में मायूसी

पब्लिक प्रविडेंट फंड के ब्याज दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है और इसमें निवेश करने वाले निवेशकों को केवल 7.1 फीसदी ब्याज मिलेगा। अप्रैल 2020 के बाद से ही पीपीएफ के ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।




### इन स्कीमों के ब्याज दरों में बदलाव नहीं

वित्त मंत्रालय के सर्कुलर के मुताबिक सेविंग डिपॉजिट पर 1 जनवरी 2024 से लेकर 31 मार्च 2024 तक 4 फीसदी ब्याज मिलेगा। 1 साल की अवधि वाले डिपॉजिट पर 6.9 फीसदी, 2 साल के टाइम डिपॉजिट पर 7 फीसदी, 5 साल के डिपॉजिट पर 7.5 फीसदी ब्याज मिलेगा। 5 साल के रेकरिंग डिपॉजिट पर 6.7 फीसदी ब्याज को बरकरार रखा गया है।

### नेशनल सेविंग पर ब्याज दर यथावत

नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट पर 7.7 फीसदी ब्याज दर को बरकरार रखा गया है। किसान विकास पत्र में निवेश करने वालों के 7.5 फीसदी ब्याज मिलेगा और ये 115 महीने में मैच्योर करेगा। सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम 8.2 फीसदी ब्याज इस तिमाही में मिलेगा। पोस्ट ऑफिस की मंथली इनकम अकाउंट स्कीम में निवेश पर 7.4 फीसदी ब्याज मिलेगा।

### पहली तिमाही में ब्याज दर बढ़ाकर 8 फीसदी की गई थी

इससे पहले भी मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सुकन्या समृद्धि योजना के ब्याज दरों को 7.6 फीसदी से बढ़ाकर 8 फीसदी कर दिया गया था। यानि मौजूदा वित्त वर्ष में इस योजना के लिए सरकार 0.6 फीसदी ब्याज दरें बढ़ा चुकी है।

## बीएसई सेंसेक्स ने 18.73 प्रतिशत की बढ़त हासिल की

# शेयर बाजार की तेजी में निवेशकों की संपत्ति 2023 में 81.90 लाख करोड़ रुपए बढ़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शेयर बाजार के लिए 2023 एक यादगार वर्ष रहा। सकारात्मक कारकों के दम पर शेयर बाजार में शानदार तेजी रही और निवेशकों की संपत्ति इस साल 81.90 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत की मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियाद ने बाजार में तेजी लाने अहम भूमिका निभाई।

इस साल 30 शेयरों वाले सूचकांक बीएसई सेंसेक्स ने 11,399.52 अंक यानी 18.73 प्रतिशत की बढ़त हासिल की। इस तेजी की वजह से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण इस साल 81,90,598.32 करोड़ रुपये बढ़कर 3,64,28,846.25 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

### भारतीय बाजार ने लचीलेपन का प्रदर्शन किया

पिछले साल 2022 में निवेशकों की संपत्ति 16.38 लाख करोड़ रुपये से अधिक बढ़ी थी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुनील न्याति ने कहा कि भारतीय बाजार ने लचीलेपन का प्रदर्शन किया और व्यापक उभरते बाजारों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में से एक बनकर उभरा है।



■ बाजार का पूंजीकरण 3,64,28,846.25 करोड़ रुपए रहा

■ खुदरा निवेशकों की भागीदार इस साल बढ़ी

■ खुदरा निवेशक अब गिरावट के दौरान घटबराते नहीं हैं

### बाजार मूल्यांकन पहली बार 4000 अरब डॉलर पहुंचा

भारतीय बाजारों ने इस साल उस समय अपनी उपलब्धियों में और इजाफा किया जब बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन इस साल 29 नवंबर को पहली बार 4,000 अरब डॉलर तक पहुंच गया। बीएसई पर सभी सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 24 मई, 2021 को 3,000 अरब डॉलर पर पहुंचने के बाद उसे 4,000 अरब डॉलर के आंकड़े तक पहुंचने में सिर्फ ढाई साल लगे।

*शुक्रवार को सेंसेक्स 170 अंक गिरा*

*:साल 2023 के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स में गिरावट आई क्योंकि निवेशकों ने हालिया तेज उछाल के बाद मुनाफावसूली को प्राथमिकता दी। सेंसेक्स 170.12 अंक गिरकर 72,240.26 पर बंद हुआ जबकि निफ्टी 47.30 अंक की गिरावट के साथ 21,731.40 पर बंद हुआ।*

### शेयर बाजार के लिए साल अच्छा रहा

न्याति ने कहा कि 2023 न केवल भारतीय शेयर बाजार के लिए एक अच्छा साल रहा, बल्कि खुदरा निवेशकों को भी इस साल तगड़ा मुनाफा हुआ। न्याति ने कहा, 'खुदरा निवेशक अब गिरावट के दौरान घबराते नहीं हैं, वे आत्मविश्वास से अपने निवेश को बरकरार रख रहे हैं और भारत की आर्थिक उन्नति के साथ चलने को तैयार हैं।'

### स्मालकैप में 47 फीसदी का रहा उछाल

व्यापक बाजार में तेजी ने भी समग्र आशावाद को बढ़ाया। इस साल बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 13,746.97 अंक या 47.52 फीसदी उछला, जबकि मिडकैप इंडेक्स 11,524.72 अंक या 45.52 फीसदी चढ़ गया।

### रिलायंस पहले नंबर पर रही

बाजार मूल्यांकन के लिहाज से शीर्ष पांच कंपनियों की बात करें तो रिलायंस इंडस्ट्रीज 17,48,827.92 करोड़ रुपये के साथ पहले नंबर पर है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) 13,88,591.70 करोड़ रुपये के मूल्यांकन के साथ दूसरे, एचडीएफसी बैंक 12,97,972.04 करोड़ रुपये के साथ तीसरे, आईसीआईसीआई बैंक 6,98,965.47 करोड़ रुपये के साथ चौथे और इन्फोसिस 6,40,351.80 करोड़ रुपये के बाजार मूल्यांकन के साथ पांचवे नंबर पर है।

### बाजार 2023 में करीब 20 प्रतिशत चढ़ा

घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांकों- सेंसेक्स और निफ्टी में वर्ष 2023 के दौरान करीब 20 प्रतिशत की तेजी रही। हालांकि, साल के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को निवेशकों ने मुनाफा वसूली पर जोर दिया और बाजार गिरावट के साथ बंद हुए।

## सोना 350 रुपए टूटा, चांदी भी 1,000 रुपए लुढ़की

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों से कमजोरी के संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 350 रुपये की गिरावट के साथ 63,950 रुपये प्रति 10 ग्राम रहगया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 64,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये लुढ़ककर 78,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। जबकि इसके पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 79,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच एमसीएक्स के वायदा कारोबार में सोने के फरवरी अनुबंध का भाव 244 रुपये की गिरावट के साथ 63,145 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इसके अलावा चांदी के मार्च अनुबंध का भाव 1,166 रुपये गिरकर 73,793 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना गिरावट के साथ 2,070 डॉलर प्रति औंस रह गया। चांदी भी गिरावट के साथ 23.80 डॉलर प्रति औंस रही। कॉमेक्स पर सोना हाजिर 2,070 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो अंतरराष्ट्रीय बाजार में पिछले बंद स्तर से 10 डॉलर कम है।

■ चांदी लुढ़ककर 78,500 रुपए प्रति किलो

## वारी एनर्जीज ने आईपीओ दस्तावेज किए दाखिल

**नई दिल्ली।** सौर पैनल निर्माता वारी एनर्जीज ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए धन जुटाने के लिए शुक्रवार को पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दाखिल किए गए दस्तावेज के अनुसार, आईपीओ में कुल 3,000 करोड़ रुपये के ताजा इक्विटी शेयर और एक प्रवर्तक तथा मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 32 लाख इक्विटी शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। ताजा निर्गम से प्राप्त राशि का इस्तेमाल ओडिशा में इंगोट वेफर, सोलर सेल और सोलर पीवी मॉड्यूल विनिर्माण सुविधा की छह गीगावाट की स्थापना के लिए किया जाएगा।

**भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय**
खानपुर कलां (सोनीपत), हरियाणा-131305
(2006 के अधिनियम 31 द्वारा स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय)
(एनएएसी द्वारा प्रमाणित ''बी++'' ग्रेड विश्वविद्यालय)

इच्छुक उम्मीदवारों से सहायक प्रोफैसर (अस्थायी) के पद हेतु अनुबंध आधार पर विधि विभाग, बीपीएसएमवी, खानपुर कलां में हिन्दी विषय में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

अधिक विवरण हेतु कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट **www.bpsmv.ac.in** पर पधारें।

पीआरडीएच-1239/11/48/2024/23806/सी/88/7 दि. 29.12.23 **रजिस्ट्रार**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोनू गुप्ता** पुत्र दिनेश कुमार गुप्ता निवासी 16/517-I, बापा नगर, करोल बाग, नई दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 177/2018 दिनांक 26.06.2018 धारा 356/379/411 भा.द.स. थाना प्रसाद नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोनू गुप्ता** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सोनू गुप्ता** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 177/2018 दिनांक 26.06.2018 धारा 356/379/411 भा.द.स. थाना प्रसाद नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सोनू गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.02.2024** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री शिप्रा धनकर
महानगर दण्डाधिकारी (मध्य जिला)
DP/14790/CD/23 कमरा नं. 180, प्रथम तल, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 Cr. P.C देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त व्यक्ति **मनोज गोयल, प्रोपराईटर मैसर्स एमजीआई डेवलपर्स एंड प्रमोटर्स**, निवासी माता वाली गली, दनकौर, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश ने **केस रजि. सं. 3298/19 धारा 138 एनआई एक्ट** थाना साउथ रोहिणी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मनोज गोयल, प्रोपराईटर मैसर्स एमजीआई डेवलपर्स एंड प्रमोटर्स** मिल नहीं रहा है और समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मनोज गोयल, प्रोपराईटर मैसर्स एमजीआई डेवलपर्स एंड प्रमोटर्स** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा करते हुए अभियुक्त **मनोज गोयल, प्रोपराईटर मैसर्स एमजीआई डेवलपर्स एंड प्रमोटर्स** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या (मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 19.02.2024** को या उसके पहले हाजिर हो। आदेशानुसार

सुश्री दीपाली श्रीवास्तव
मेट्रोपोलिटन मैजिस्ट्रेट (उत्तर पश्चिम)
कमरा नं. 107, प्रथम तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/14710/RD/2023
(Court Notice)

## ख्याल सूर्यतापी शिलाजीत भारतीय बाजार में लॉन्च

**लुधियाना।** उत्कृष्ट आयुर्वेदिक उत्पाद जैसे हर्बल 1 टॉप, ख़्याल केश तेल एवं ख़्याल स्वादिष्ट चूर्ण बनाने वाली लुधियाना की श्री धन्वंतरि आर्गेनिक ने 100 प्रतिशत शुद्ध ख़्याल सूर्यतापी शिलाजीत भारतीय बाजार में भी लॉन्च की। कंपनी के डायरेक्टर राजिन्दर सेठ ने बताया कि बाज़ार में उपलब्ध सभी शिलाजीत रेसिन अग्नितापी विधि से बनाये जाते हैं जिसमें शिलाजीत को बड़ी-बड़ी भट्टियों में तेज आंच में गलाया जाता है जिसके कारण उसमें मौजूद सभी खनिज पदार्थ जैसे फुलविक एसिड उड़ जाते हैं जिससे उस शिलाजीत का असर काम हो जाता है और आपका विश्वास शिलाजीत से उठ जाता है। क्योंकि अग्नितापी विधि आसान है इसलिए अधिकतर कम्पनीज अग्नितापी विधि का प्रयोग करती हैं। ख्याल सूर्यतापी शिलाजीत असल में असली शिलाजीत होती है क्योंकि इसे सूरज की तेज रौशनी में लगातार करीब 3-4 माह तक गलाया जाता है, सूर्यतापी विधि में शिलाजीत में मौजूद खनिज तत्व कहीं नहीं जाते वह सूर्यतापी शिलाजीत में ही मौजूद रहते हैं इस कारण ही सूर्यतापी शिलाजीत को बहुत अधिक फायदेमंद माना जाता है।

## राशिफल

**मेष** वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष** धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिेदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** आत्मवशि्वास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शिक्षा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या** स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवशि्वास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा।पारिवारिक जम्मिेदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला** वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**धनु** कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवशि्वास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**मकर** कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ** कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

# रत्न, आभूषण निर्यात नवंबर में घटकर रहा 4.52 प्रतिशत

**मुंबई।** भारत का रत्न एवं आभूषण निर्यात नवंबर में सालाना आधार पर 4.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,018.180 करोड़ रुपये रहा। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जीजेईपीसी के आंकड़ों के अनुसार, नवंबर 2022 में निर्यात 19,917.73 करोड़ रुपये रहा था।

■ गिरावट के साथ 19,018 करोड़ रुपये रहा

जीजेईपीसी के चेयरमैन विपुल शाह ने कहा, 'भारत में उद्योग जगत ने भू-राजनीतिक मुद्दों और मांग कम होने के कारण 15 अक्टूबर से 15 दिसंबर तक कच्चे हीरे का आयात बंद करने का आग्रह किया था। इसके साथ त्योहारी सीजन में मांग बढ़ने से निर्यात में सुधार हुआ है।' शाह ने कहा कि उद्योग जगत को भविष्य में चीजें बेहतर होने और वित्त वर्ष 2023-24 में निर्यात पिछले वित्त वर्ष की तुलना में बेहतर रहने की उम्मीद है। इस बीच कटे तथा पॉलिश किए गए हीरे (सीपीडी) का निर्यात नवंबर में 9.65 प्रतिशत घटकर 9,217.88 करोड़ रुपये हो गया।

**जॉब**

☛ FRAUD कॉल से सावधान RELIANCE JIO 5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घर बैठे SMS JOB करके लड़के/ लड़कियां,गृहणियां, कमाए (21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नामपता WHATSAPP करें 6296026501.

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## भारत निवेशकों के देश के रूप में बदला: उदय कोटक

**नई दिल्ली।** दिग्गज बैंकर और कोटक महिंद्रा बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) उदय कोटक ने शुक्रवार को कहा कि भारत अब बचतकर्ताओं के बजाय निवेशकों का देश बन गया है और अधिक लोग अपना अधिशेष धन म्यूचुअल फंड एवं शेयर बाजार में लगाने लगे हैं। कोटक ने सोशल नेटवर्किंग मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'भारतीय बचतकर्ताओं को 1980 के दशक की शुरुआत में सोने और जमीन की तुलना में वित्तीय परिसंपत्तियों पर कम भरोसा होता था। धीरे-धीरे बचतकर्ताओं ने कुछ हिस्सा बैंक जमा, यूटीआई और एलआईसी में स्थानांतरित करना शुरू किया।' कोटक ने कहा कि 1990 के दशक में भी शेयर बाजार में निवेश को एक तरह का सट्टा ही माना जाता था। उन्होंने कहा, 'ऐसी स्थिति में कंपनियां पूंजी निवेश के लिए विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के पास गईं।



■ भारत अब बचतकर्ताओं का देश नहीं रहा

## नए साल में इस शनिवार को भी खुलेगा शेयर बाजार

**नई दिल्ली।** वैसे तो शेयर बाजार में शनिवार को साप्ताहिक अवकाश होता है लेकिन जनवरी 2024 में इस दिन ट्रेडिंग होगी। दरअसल, डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट पर स्विच करने के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) 2 विशेष लाइव सेशन आयोजित करने जा रहा है। पहला सेशन सुबह 9:15 बजे शुरू होगा और यह सुबह 10:00 बजे समाप्त होगा जबकि दूसरा सेशन सुबह 11:30 बजे शुरू होकर 12:30 बजे बंद होगा। यह लाइव सेशन 20 जनवरी 2024, शनिवार को आयोजित किया जाएगा।

■ रिकवरी साइट पर स्विच करने लाइव सेशन होगा आयोजित

**क्या है इसका मकसद** : दरअसल, इस ट्रेडिंग सेशन के जरिए स्टॉक एक्सचेंज डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट का ट्रायल करेगा। इसका मकसद विषम परिस्थिति में बिना किसी बाधा के ट्रेडिंग को जारी रखना है। आसान भाषा में समझें तो किसी साइब अटैक, सर्वर क्रैश या अन्य विषम परिस्थितियों में ट्रेडिंग डिजास्टर रिकवरी (डीआर) साइट पर की जा सकेगी। इससे मार्केट और निवेशकों में स्थिरता बनी रहेगी।


**सर्कुलर में क्या कहा गया है**: एनएसई ने इस संबंध में एक सर्कुलर भी जारी किया है। एनएसई सर्कुलर में ट्रेडिंग सेशन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि 20 जनवरी को इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट में प्राइमरी साइट से डिजास्टर रिकवरी साइट पर इंट्रा-डे स्विच के साथ विशेष लाइव ट्रेडिंग सेशन आयोजित किया जाएगा।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसवीपी रोहतक | एचएसवीपी पानीपत में 132 केवी चंदोली काबरी और 132 केवी चंदोली-एचएसआईआईडीसी पानीपत लाइन (जोकि उन्हीं डी/सी टावर्स से रन कर रही है) और सेक्टर-40 के प्लॉटों के ऊपर से क्रॉस कर रही है, को बदलना / शिफ्टिंग + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 09.01.2024 | 4.79 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9416191870 xenelectrk@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23795/I/88/7 दि. 29.12.23

## शब्द पहेली - 5379



**बाएँ से दाए-**
1. सुरक्षित-4
4. माहुर, आलता-4
7. कार्य, काज-2
8. रांझे की प्रेमिका-2
9. स्याही, कालिख-2
10. भूमि, धरा-2
12. ठाठ-बाट-2
14. अधर, होठ-2
16. विशाल, श्रेष्ठ-3
18. आदेश, आज्ञा-4
20. कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23. काका की पत्नी-2
24. कामदेव की पत्नी-2
25. जनवासा, हरम-4
28. हमसफर-4
30. कपड़े धोने वाला-3
33. आनंद, मौज-2
35. संदेह-2
37. सरूर, खुमार-2
39. मृत्यु का देवता-2
41. पुण्य का विलोम-2
42. परछाई, छाया-2
43. शिव, रुद्र, शंकर-4
44. सराबोर, सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**
1. समान, एक जैसा-2
2. बारीक-3
3. भीगा हुआ-2
4. मेरा (संस्कृत-2)
5. पाना, प्राप्त-3
6. घोड़ागाड़ी, गाड़ी-2
7. कहवा-2
11. उद्देश्य-2
12. गजल लिखनेवाला-3
13. उस जगह-2
15. बारिश, वर्षा-3
16. जी, चित-2
17. मर्द, आदमी-2
18. दरवेश-3
19. मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21. साजन, प्रेमी-3
22. मुलायम-3
26. कायदा, कानून-3
27. महोदय (अंग्रेजी)-2
28. अधिकार-2
29. खटखटाना-3
31. जगत, दुनिया-2
32. प्राण, जीव-2
34. स्वाद-3
35. प्रतिज्ञा-3
36. शरीर, तन-2
38. संध्या, सांझ-2
40. अपशिष्ट पदार्थ-2
41. मस्तूल, नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42. संग, संगत-2

**शब्द पहेली -5378 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | नु | भ | व | ■ | शा | का | हा | र | ■ |
| अ | ■ | क्ता | ■ | ल | ■ | मि | ■ | नि | ■ | अ |
| ह | म | ■ | का | या | प | ल | ट | ■ | का | का |
| म | ■ | रा | ■ | का | ■ | हो | ■ | श | ■ | र |
| क | हा | नी | का | र | ■ | ना | म | क | र | ण |
| ■ | द | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | सो | ■ |
| अ | सा | म | थि | क | ■ | आ | ज | मा | ई | श |
| चा | ■ | स्त | ■ | म | ■ | रा | ■ | न | ■ | रा |
| न | ल | ■ | नी | ल | क | म | ल | ■ | खौ | फ |
| क | ■ | भ | ■ | ना | ■ | दे | ■ | क | ■ | त |
| ■ | को | ला | ह | ल | ■ | ह | र | जा | ई | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5389

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

**सूडोकु नवताल - 5388 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

# गोंडवाना कप में मान और अदिति बने चैंपियन, छत्तीसगढ़ के शौर्य को मिली हार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ टेनिस संघ की ओर से जोरा स्थित इंटरनेशनल टेनिस स्टेडियम में आयोजित गोंडवाना कप का शुक्रवार को समापन हुआ। फाइनल मुकाबला छत्तीसगढ़, दिल्ली और हरियाणा व उत्तरप्रदेश के खिलाड़ियों के बीच खेला गया, जिसमें मेंस सिंगल में दिल्ली के यश चौरसिया को हराकर उत्तरप्रदेश के मान केशरवानी ने जीत दर्ज की। इसके अलावा वुमन सिंगल में मंजूनाथ को हराकर अदिति रावत हरियाणा ने जीत हासिल की। मेंस डबल में तुषार मंडलेकर ने शौर्य मानिक को हराकर कहिर वारिस और आनंद गुप्ता ने अपनी जीत दर्ज की। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर विधायक पुरन्दर मिश्रा और हरिभूमि व आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी व आईएएस रीना बाबा साहेब कंगाले सहित टेनिस संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा शामिल रहे। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार दिया।



## खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

*फाइनल मुकाबले में खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मैच देखने को मिला। कप पर कब्जा करने टेनिस कोर्ट में खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया। मेंस सिंगल में मान केशरवानी ने यश चौरसिया को 1-6, 6-3, 6-1 से हराकर मैच अपने नाम किया। वुमेन्स सिंगल में अदिति रावत, हरियाणा ने सिरी मंजूनाथ पाटिल, कर्नाटक को 6-2, 3-6, 6-3 से जीत दर्ज की। मेंस डबल मुकाबले में आनंद प्रकाश गुप्ता, उत्तरप्रदेश और काहिर समीर वारिक, महाराष्ट्र ने तुषार मंडलेकर और शौर्य माणिक छत्तीसगढ़ को 6-4, 6-4 से हराया। स्पर्धा के आइटा सुपरवाइजर ओडिशा के व्हाइट बेज रेफरी प्रबीन नायक व टूर्नामेंट कोऑर्डिनेटर रूपेंद्र सिंह चौहान उपस्थित रहे।*



## टेनिस इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित राज्यों से बेहतर : डॉ. द्विवेदी

समापन समारोह में हरिभूमि व आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश में टेनिस के क्षेत्र में पिछले एक दशक में जो सक्रियता आई है, वह सभी को अचंभित करने वाली है। टेनिस इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर जो कार्य हुए हैं, वह सराहनीय है। विकसित राज्यों में भी इस तरह की सुविधा नहीं है। उन्होंने कहा कि गोंडवाना कप देखने नहीं आ पाया, इसका मुझे अफसोस है। टेनिस में अतिथि से ज्यादा आनंद दर्शक बनकर देखने में है। उत्तर विधायक पुरन्दर मिश्रा ने खिलाड़ियों को बधाई दी। महासचिव गुरुचरण सिंह होरा ने कहा कि प्रदेश टेनिस संघ के पूर्व अध्यक्ष विक्रम सिसोदिया की सराहना करते हुए कहा कि उनके आने के बाद से 2010 से 2018 तक छत्तीसगढ़ में टेनिस ने जो मुकाम हासिल किया है, यह उनकी बदौलत है।

## खबर संक्षेप



### न्यूजीलैंड-बांग्लादेश का टी20 मैच बारिश से धुला

**माउंट मोनगानुई।** न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के बीच शुक्रवार को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में केवल 11 ओवर ही डाले जा सके जिसके बाद बारिश के कारण इसे रद्द करना पड़ा। इससे बांग्लादेश की टीम तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाए है। मैच समय पर शुरू हुआ और 11 ओवर के बाद न्यूजीलैंड का स्कोर दो विकेट पर 72 रन था जिसके बाद तेज बारिश आ गई जो पूरे समय होती रही और मैच रद्द कर दिया गया। श्रृंखला का तीसरा मैच रविवार को इसी स्टेडियम में खेला जाएगा।

### आस्ट्रेलियाई ओपन की ईनामी राशि में इजाफा



**मेलबर्न।** आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस अधिकारियों ने 14 जनवरी से मेलबर्न पार्क में शुरू हो रहे वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम की ईनामी राशि में एक करोड़ आस्ट्रेलियाई डॉलर का इजाफा करने की घोषणा की है। टूर्नामेंट के निदेशक क्रेग टिले ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि अब इस ग्रैंडस्लैम की ईनामी राशि आठ करोड़ 65 लाख आस्ट्रेलियाई डॉलर होगी। पहले दौर के क्वालीफायर को 31250 आस्ट्रेलियाई डॉलर मिलेंगे जो पहले से 20 प्रतिशत अधिक है। महिला और पुरुष चैंपियन दोनों को 30 लाख 15 हजार आस्ट्रेलियाई डॉलर बतौर पुरस्कार मिलेंगे।

### पाक ने आस्ट्रेलिया से बेहतर क्रिकेट खेला



**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया से शुक्रवार को यहां 79 रन से मिली हार के बावजूद पाकिस्तान के टीम निदेशक मोहम्मद हफीज ने कहा कि उनकी टीम ने दूसरे टेस्ट में मेजबान से बेहतर क्रिकेट खेला। हफीज ने 'ईएसपीएन क्रिकइंफो' से कहा, 'बतौर टीम हमने बेहतर क्रिकेट खेला। मुझे इस पर गर्व है। टीम ने सर्वश्रेष्ठ संभव तरीके से इस मैच में आक्रामक होने का साहस दिखाया। हमारा बल्लेबाजी जज्बा बेहतर था और गेंदबाजी करते हुए हम सही लाइन एवं लेंथ में हिट कर रहे थे। हमने कुछ गलतियां की जिससे हमने मैच गंवा दिया लेकिन बतौर टीम मेरा मानना है कि काफी सकारात्मक चीजें थी जो मैच जीतने के लिए काफी थीं लेकिन दुर्भाग्य से हम मैच नहीं जीत सके।'

# प्रसिद्ध के लचर प्रदर्शन से दिखी 'बेंच स्ट्रेंथ' की कमजोरी, जडेजा-आवेश बहा रहे पसीना

एजेंसी ▶▶| सेंचुरियन

भारतीय गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने कुछ हफ्ते पहले साफ कहा था कि कोई भी कोच मोहम्मद शमी जैसी काबिलियत रखने वाला तेज गेंदबाज तैयार करने का श्रेय नहीं ले सकता। म्हाम्ब्रे ने यह बात एक इंटरव्यू में कही थी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे और तीसरे दिन जब डीन एल्गर, डेविड बेडिंघम और मार्को यानसेन भारतीय गेंदबाज शार्दुल ठाकुर और पदार्पण करने वाले प्रसिद्ध कृष्णा की गेंदों को धुन रहे थे तो शमी की इतनी ज्यादा कमी महसूस हुई थी। इससे कुछ निश्चिंतता के साथ कहा जा सकता है कि कुछ समय के लिए प्रसिद्ध का यह पहला और अंतिम टेस्ट रहेगा जिससे अगले टेस्ट में रविंद्र जडेजा और आवेश खान को उनकी और शार्दुल की जगह अंतिम एकादश में रखा जाएगा।






### विदाई टेस्ट के लिए एल्गर दक्षिण अफ्रीका के कप्तान

भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला के बाद क्रिकेट को अलविदा कहने जा रहे डीन एल्गर केपटाउन में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए चोटिल तेंबा बावुमा की जगह दक्षिण अफ्रीका के कप्तान होंगे। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट के बाद कहा कि बावुमा दूसरा टेस्ट नहीं खेल सकेंगे। बावुमा को पहले दिन फील्डिंग के दौरान चोट लगी थी और वह मैच में आगे नहीं खेल सके थे। उनकी गैर मौजूदगी में एल्गर ने ही कप्तानी की। बावुमा की जगह जुबैर हमजा तीन जनवरी से केपटाउन में होने वाला दूसरा टेस्ट खेलेंगे।

### जडेजा ने शुरू किया अभ्यास

दक्षिण अफ्रीका के हाथों पहले टेस्ट में शर्मनाक हार झेलने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के लिए अच्छी खबर है कि हरफनमौला रविंद्र जडेजा तीन जनवरी से केपटाउन में शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में खेल सकते हैं। पहले टेस्ट की सुबह पीठ में दर्द के कारण जडेजा नहीं खेल सके थे। पहले टेस्ट के तीसरे दिन उन्होंने वार्म अप में भाग लिया और बिल्कुल सहज नजर आए। उन्होंने फिटनेस अभ्यास भी किया। तीसरे दिन लंच ब्रेक के दौरान उन्होंने गेंदबाजी की। रिजर्व तेज गेंदबाज मुकेश कुमार के साथ उन्होंने करीब 20 मिनट अभ्यास पिच पर गेंदबाजी की।

### आवेश भारतीय टीम में शामिल

केपटाउन में होने वाले दूसरे और आखिरी टेस्ट के लिए तेज गेंदबाज आवेश खान को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। आवेश को मोहम्मद शमी के विकल्प के तौर पर शामिल किया गया है। शमी को बीसीसीआई की मेडिकल टीम से दोनों टेस्ट के लिए मंजूरी नहीं मिल सकी थी। बोर्ड ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'पुरुष चयन समिति ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन से सात जनवरी तक केपटाउन में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए मोहम्मद शमी की जगह आवेश खान को टीम में जगह दी है।' आवेश ने अभी तक 38 प्रथम श्रेणी मैचों में 149 विकेट लिए हैं।

## बृजभूषण के आवास से हटा डब्लूएफआई का कार्यालय




**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ ने शुक्रवार को अपना कार्यालय अपने पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के आवास से हटा लिया है जिस पर हाल में खेल मंत्रालय ने गंभीर आपत्ति जताई थी। एक सूत्र ने कहा, 'बृजभूषण के घर को खाली करने के बाद डब्लूएफआई नई दिल्ली में एक नए पते से काम करेगा।' डब्लूएफआई का नया कार्यालय नई दिल्ली के हरिनगर में है। खेल मंत्रालय ने 24 दिसंबर को अध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में डब्लूएफआई के नवनिर्वाचित पैनल को चुने जाने के तीन दिन बाद ही निलंबित कर दिया था। मंत्रालय ने डब्लूएफआई के बृजभूषण के आवास से चल रहे कार्यालय को भी निलंबन की कार्रवाई का एक कारण बताया था। मंत्रालय ने अपने पत्र में कहा था, 'महासंघ का कामकाज पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण द्वारा नियंत्रित आवास से हो रहा है और यह कथित परिसर है जिसमें खिलाड़ियों के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है और वर्तमान में अदालत में यह मामला चल रहा है।'

# आस्ट्रेलिया जीता, बनाई 2-0 की बढ़त पाकिस्तान की लगातार 16वीं टेस्ट हार

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

कप्तान पैट कमिंस के दस विकेट की मदद से आस्ट्रेलिया ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन पाकिस्तान को 79 रन से हरा दिया। कमिंस ने दूसरी बार मैच में दस विकेट लेने का कारनामा किया है। उनकी शानदार गेंदबाजी की मदद से मेजबान टीम ने पाकिस्तान को 237 रन पर आउट कर दिया। यह पाकिस्तान की आस्ट्रेलिया में लगातार 16वीं टेस्ट हार थी। मोहम्मद रिजवान और सलमान अली आगा ने 67 रन की साझेदारी की लेकिन कमिंस ने इसे तोड़कर सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

■ कप्तान पैट कमिंस ने दूसरी बार चटकाए दस विकेट

प्लेयर आफ द मैच बने कमिंस 57वें मैच में 250 टेस्ट विकेट पूरे करने वाले आस्ट्रेलिया के दसवें गेंदबाज भी बन गए। पहली इनिंग में पांच विकेट लेने वाले टीम के कप्तान पैट कमिंस दूसरी पारी में भी पांच विकेट लिए।आस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट 360 रन से जीता था। तीसरा टेस्ट तीन जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा। पाकिस्तान ने आखिरी बार आस्ट्रेलिया में 1995 में टेस्ट जीता था। अब ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त के साथ सीरीज अपने नाम कर ली है।



### खिलाड़ियों की दृढ़ता से होगा टीम का चयन

नई दिल्ली। अगले महीने दोहा में एएफसी एशियाई कप फुटबॉल में आस्ट्रेलिया और उजबेकिस्तान जैसी कठिन टीमों का सामना करने जा रही भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने कहा कि अंतिम टीम का चयन करते हुए खिलाड़ियों की दृढता मानदंड होगी।भारत को 13 जनवरी से होने वाले एशियाई कप में आस्ट्रेलिया, उजबेकिस्तान और सीरिया के साथ एक ग्रुप में रखा गया है और फीफा रैंकिंग में ये सभी टीमें भारत से ऊपर है।

### पेनल्टी के लिए अपील...



**ब्राइटन।** इंग्लैंड के एमेक्स स्टेडियम में ब्राइटन एंड होव एल्बियन और टोटेनहम हॉटस्पर के बीच इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच के दौरान ब्राइटन के खिलाड़ियों ने पेनल्टी के लिए सफलतापूर्वक अपील किया।

## चेन्नई ओपन 2023 में भाग लेंगे प्रसन्ना, चक्रवर्ती और लक्ष्मण

**चेन्नई।** भारतीय ग्रैंडमास्टर विष्णु प्रसन्ना, दीपन चक्रवर्ती और आर आर लक्ष्मण 31 दिसंबर से यहां शुरू होने वाले 2023 चेन्नई ओपन अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। टूर्नामेंट सात जनवरी 2024 को समाप्त होगा जिसमें 28 विदेशी खिलाड़ियों सहित 320 खिलाड़ी शिरकत करेंगे। भारत के अरोनयाक घोष (ईएलओ 2545) शीर्ष वरीय खिलाड़ी हैं जबकि रूस के जीएम सावचेंको बोरिस (ईएलओ 2505) को दूसरी वरीयता मिली है।



तमिलनाडु राज्य शतरंज संघ के उपाध्यक्ष बी मुरूगावेल ने शुक्रवार को यहां प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'यह टूर्नामेंट फॉर्म में चल रहे खिलाड़ियों के लिए अच्छा मौका है। यह नॉर्म हासिल करने का काम करेगा। अगर कोई खिलाड़ी शानदार फॉर्म में है तो वह तीन आईएम और जीएम (नॉर्म) पूरी कर सकते हैं।' टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले कुछ अन्य जीएम खिलाड़ी फेडोरोव एलेक्सी (बेलारूस), ग्लेक इगोर (बेल्जियम), गुयेन डुक होआ (वियतनाम), जियातदीनोव, रासेट (यूएसए), पोडोलचेंको एवगेनी (बेलारूस) और माणिक मिकुलस (स्लोवाकिया) हैं।

### ओलंपिक क्वालीफायर 13 से 19 जनवरी के बीच खेला जाएगा

# रुपिंदर से पेनल्टी कॉर्नर कौशल सीख रही महिला टीम

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

भारतीय महिला हॉकी टीम रांची में चल रहे पांच दिवसीय शिविर के दौरान महान ड्रैग फ्लिकर रुपिंदर पाल सिंह के साथ पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलने का कौशल निखारने में लगी हुई है। हाल में रांची में जापान को हराकर एशियाई चैंपियंस ट्राफी जीतने के बावजूद भारत ने कई पेनल्टी कॉर्नर के मौके गंवाए थे और कोच यानेके शॉपमैन ने इस विभाग में तुरंत सुधार की जरूरत पर जोर दिया था।

शीर्ष महिला ड्रैग फ्लिकर गुरजीत कौर ने बुधवार को भारतीय खेल प्राधिकरण बेंगलुरु में शुरू हुए शिविर को महत्वपूर्ण क्वालीफायर से पहले सीखने के लिए 'परफेक्ट' करार दिया। ओलंपिक क्वालीफायर अगले साल 13 से 19 जनवरी के बीच खेला जाएगा। गुरजीत ने कहा, 'हम प्रत्येक दिन नयी चीजें सीख रहे हैं और सुधार करने वाले कुछ विशेष पहलुओं पर ध्यान लगाकार अपने खेल में और सुधार करने की कोशिश कर रहे हैं। रुपिंदर ने हमारे मार्गदर्शन में अहम भूमिका निभाई है। हम आगामी टूर्नामेंट की तैयारी में जुटे हैं और हमें पूरा भरोसा है कि यहां सीखे गए सबक से मैदान में हमारे प्रदर्शन पर काफी अच्छा असर पड़ेगा।'



हांगझोउ एशियाड में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की कमी साफ दिखाई दी जिसमें टीम ने कांस्य पदक जीता था। इस टूर्नामेंट में भारत को 69 पेनल्टी कॉर्नर मिले जिसमें से टीम महज 16 में ही गोल कर पायी थी।

### गेंद को तेजी से कब्जे में लें

*दीपिका नियमित तौर पर पेनल्टी कॉर्नर पर शॉट लगाती हैं, उन्होंने कहा कि रुपिंदर ने 'ड्रैग फ्लिकिंग' की कुछ बारिकियों के बारे में बताया कि किस कोण से शॉट लिया जाए और प्रतिद्वंद्वी डिफेंस से सबसे पहले आने वाले खिलाड़ियों से किस तरह बचा जाए। उन्होंने कहा, 'उन्होंने सबसे पहले शॉट रोकने के लिए आने वाले खिलाड़ियों के बारे में बात साझा की कि उनसे किस तरह निपटा जाए, उन्होंने बताया कि इनसे बचने के लिए गेंद को तेजी से कब्जे में लिया जाए। उन्होंने बताया कि गेंद को कहां रोका जाए, किस कोण में शॉट लिया जाए।' रूपिंदर ने 2021 में खेल से संन्यास लेने से पहले 223 मैच खेले और 234 गोल किए।*

# वनडे : आज महिला टीम के सामने श्रृंखला गंवाने से बचने की चुनौती

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पहला मैच गंवाने के बाद हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ शनिवार को दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में उतरेगी तो उसके सामने श्रृंखला बचाने की बड़ी चुनौती होगी।

आस्ट्रेलिया ने वानखेड़े स्टेडियम पर पहले वनडे में भारत को हर विभाग में उन्नीस साबित कर दिया। भारत ने जेमिमा रौड्रिग्स (82) और पूजा वस्त्राकर (नाबाद 62) की पारियों के दम पर आस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना सर्वोच्च स्कोर आठ विकेट पर 282 रन बनाया। भारत ने गेंदबाजी में सात गेंदबाजों को आजमाया लेकिन कोई फायदा नहीं मिला। आस्ट्रेलिया ने तीन ओवर और छह विकेट बाकी रहते जीत दर्ज की।



भारत की अपनी धरती पर यह लगातार आठवीं हार थी। इस तरह का प्रदर्शन ड्रेसिंग रूम में जरूर चिंता का सबब बना होगा।




## खबर संक्षेप

### पुतिन के एक और करीबी नेता की मौत



**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के एक और करीबी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। 46 साल के सांसद व्लादिमिर इगोरोव का शव गुरुवार दोपहर टोबोलस्क शहर में उनके घर के नीचे मिला। रिपोर्ट के मुताबिक इगोरोव खिड़की से नीचे गिर गए थे। इगोरोव को कुछ वक्त पहले करप्शन के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। बाद में वो बेकसूर साबित हुए। सितंबर 2022 से अब तक पुतिन के 7 करीबी नेताओं की संदिग्ध हालात में मौत हो चुकी है। इनमें से 4 लोगों की मौत घर की छत या खिड़की से गिरकर हुई।

### ट्रंप को चुनाव के लिए अयोग्य ठहराया



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उम्मीदों को फिर बड़ा झटका लगा है। दोबारा राष्ट्रपति बनने का सपना देख रहे ट्रम्प को लेकर अमेरिकी राज्य मेन की शीर्ष चुनाव अधिकारी ने फैसला सुनाया है कि वे 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में शामिल नहीं हो सकते। मेन राज्य की सेक्रेटरी ऑफ स्टेट शेना ली बेलोज ने 2021 के कैपिटल हिल दंगे में ट्रंप की भूमिका को लेकर यह फैसला सुनाया है। बेलोज ने 34 पन्नों के फैसले में लिखा है कि अमेरिकी संविधान हमारी सरकार की नींव पर हमले को बर्दाश्त नहीं करता।

### केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा 2030 तक देश में होंगे 200 हवाई अड्डे

# दुनिया का सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बनने की ओर अग्रसर भारत

*केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने है कि साल 2030 तक देश में हवाई अड्डों की कुल संख्या 200 तक पहुंच जाएगी। इसके साथ ही भारत दुनिया का सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बनने की ओर अग्रसर है।*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत दुनिया का सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बनने की ओर अग्रसर है। साल 2030 तक देश में हवाई अड्डों की कुल संख्या 200 तक पहुंच जाएगी। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मीडिया से बातचीत के दौरान यह बात कही।

**खास बातें**

- 9 वर्षों में देश में हवाई अड्डों की कुल संख्या 149 हुई
- यूपी में होंगे 19 हवाई अड्डे
- हेलीकॉप्टर, वाटर एयरोड्रम का कामकाज शुरू



**2014 तक देश में थे 74 हवाई अड्डे**

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने बताया कि वर्ष 2014 तक, देश में केवल 74 हवाई अड्डों में कामकाज हो रहा था। मार्च 2023 तक, सरकार ने 75 अन्य हवाईअड्डों/ हेलीकॉप्टरों/ वाटर एयरोड्रोमों में कामकाज शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार का लक्ष्य साल 2030 तक इस संख्या को आगे बढ़ाकर 200 तक ले जाना है।

**देश में 75 नए हवाई अड्डे बनाए**

*नागरिक उड्डयन मंत्री ने कहा कि हमने देश में 75 नए हवाई अड्डे बनाए हैं। पिछले 9 वर्षों में देश में हवाई अड्डों की कुल संख्या 149 हो गई है और 2030 तक देश में हवाई अड्डों की कुल संख्या 200 तक पहुंच जाएगी।*

**अयोध्या एयरपोर्ट का उद्घाटन ऐतिहासिक क्षण**

*सिंधिया ने कहा कि यूपी राज्य में केवल 6 हवाई अड्डे थे और अब 9 हैं। 10वें हवाई अड्डे का उद्घाटन शनिवार को होगा। दरअसल शनिवार के दिन अयोध्या हवाई अड्डे का उद्घाटन होगा जो भारत के लिए ऐतिहासिक दिन बनेगा। उन्होंने कहा कि कल न केवल नागरिक उड्डयन के लिए, न केवल अयोध्या शहर के लिए, न केवल उत्तर प्रदेश के लिए, न केवल भारत के लिए बल्कि उन सभी के लिए एक ऐतिहासिक दिन होने जा रहा है जो हिंदू धर्म के प्रति हमारी आत्मा की जीवंतता और प्रतिबद्धता में विश्वास करते हैं। उन्होंने बताया कि अयोध्या एयरपोर्ट का नाम बदलकर अब महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट अयोध्या धाम कर दिया गया है। पहले इस एयरपोर्ट को मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम इंटरनेशनल एयरपोर्ट कहा जाता था। इस एयरपोर्ट से 6 जनवरी को पहली फ्लाइट सुबह 11.55 बजे दिल्ली से उड़ान भरेगी और दोपहर 1.15 बजे अयोध्या पहुंचेगी। यह फ्लाइट दोपहर 1.45 बजे अयोध्या से रवाना होगी और 3 बजे दिल्ली पहुंचेगी। 11 जनवरी 2024 से अहमदाबाद और अयोध्या के बीच हफ्ते में तीन दिन उड़ानें संचालित होंगी। पहले चरण में अयोध्या से दिल्ली और अहमदाबाद के*

**भारत तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार**

*केंद्रीय मंत्री ने बताया कि भारत तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार है। यहां घरेलू यात्रियों की कुल संख्या 2014 में 60 मिलियन थी जो कोविड-19 से पहले 2020 में दोगुनी से अधिक बढ़कर 143 मिलियन हो गई थी। अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या 43 मिलियन से बढ़कर 64 मिलियन (लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि) हो गई है। विमान के संदर्भ में, कोविड-19 के प्रभाव के बावजूद विमानों की संख्या 2014 में लगभग 400 से बढ़कर 2023 में 723 के करीब हो गई है।*

**अगले साल तक यूपी में हो जाएंगे 9 और हवाई अड्डे**

*नागरिक उड्डयन मंत्री ने यह भी कहा कि अगले साल तक उत्तर प्रदेश में 9 और हवाई अड्डे हो जाएंगे। इसके साथ ही यह संख्या 19 हो जाएगी। उन्होंने कहा कि दो महीने बाद पांच हवाई अड्डों, आजमगढ़, अलीगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती और चित्रकूट में एक-एक का एक साथ उद्घाटन किया जाएगा।*

### चार जनवरी को होगा 'लोगो' का लोकार्पण

# राहुल गांधी की भारत न्याय यात्रा से बढ़ेगी सियासी गर्मी



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राहुल गांधी 'भारत न्याय यात्रा' की शुरुआत जब संक्रांति के शुभ दिन 14 जनवरी से करेंगे तो जाहिर है उनके दिमाग में लोकसभा चुनाव की तैयारियों का खाका भी होगा। यही वजह है कि छत्तीसगढ़ समेत अधिकांश ऐसे राज्यों से होकर न्याय यात्रा गुजरेगी जहां कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं में अतिरिक्त जोश भरने की आवश्यकता है।

यही वजह है कि यात्रा का रूट तय करने के लिए संबंधित राज्यों के प्रदेश अध्यक्षों और विधायक दल के नेताओं की बैठक आगामी 4 जनवरी को दिल्ली में आहूत की गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के नेतृत्व में नये ड्राइंगबोर्ड पर यात्रा के रूट्स पर सियासी रंग भरे जायेंगे। आगामी 4 जनवरी को ही भारत न्याय यात्रा का नया 'लोगो' जारी

**8 को यात्रा के रूट्स की जानकारी**

जबकि 8 जनवरी को यात्रा के रूट्स की जानकारी दी जाएगी। जनवरी 12 को यात्रा का थीम सांग रिलीज किया जाएगा। यात्रा के दौरान स्थानीय नेताओं, बिजनेस कम्युनिटी, आमलोग, महिला, नौजवानों से राहुल गांधी वैसे ही मुलाकात करते नजर आएंगे जैसे अपनी पिछली 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान उन्होंने किया था। कांग्रेस के नेताओं का मानना है कि पिछली यात्रा से कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिली है इसीलिए लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भारत न्याय यात्रा की ऐसी डिजाइन तैयार की जा रही जिससे ज्यादा से ज्यादा संगठन को मजबूती मिल सके। न्याय यात्रा मणिपुर से शुरू होकर मुंबई में जाकर खत्म होगी। इस दौरान कुल जमा 67 दिनों की यात्रा 14 राज्य, 85 जिलों से होकर गुजरेगी।

**पहले शुरू की थी 'भारत जोड़ो यात्रा'**

*लगभग साल भर पहले राहुल गांधी ने 136 दिनों की पैदल 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान कुल 1 हजार 400 किमी की दूरी तय की थी। यात्रा का एक और पड़ाव पूरा करने के बाद वे देश के पहले नेता होंगे जिन्होंने पैदल पूरे देश को नापा होगा। यात्रा का राजनीतिक नफा नुकसान चाहे जो हो, कांग्रेस पार्टी को उम्मीद है कि लोकसभा चुनाव से पहले राहुल गांधी की स्वीकार्यता देशभर में बढ़ेगी जिससे विभिन्न राजनीतिक दलों में भी उनके राजनीतिक वर्चस्व को स्थापित किया जा सकेगा।*

### सोनिया गांधी जाएंगी अयोध्या

# 22 जनवरी को करेंगी श्रीराम मंदिर के भव्य कार्यक्रम में शिरकत!

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



देश में राम मंदिर बड़ा मुद्दा है या बेरोजगारी? कांग्रेस पार्टी खासकर गांधी परिवार के करीबी रहे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा ने जैसे ही ये सवाल उछाले, भाजपा के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र प्रधान, कैलाश विजयवर्गीय और सुशील मोदी ने लपक कर जैसे ही सियासी रूप से कांग्रेस को घेरना शुरू किया। कांग्रेस पार्टी संचार विभाग के अध्यक्ष जयराम रमेश ने कहा, सैम पित्रोदा का वक्तव्य कांग्रेस पार्टी का आधिकारिक लाइन नहीं है। उसी के तुरंत बाद मीडिया में सूत्रों के हवाले से ये खबर तैरने लगी कि सोनिया गांधी अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को प्रधानमंत्री द्वारा लोकार्पित हो रहे भव्य राम मंदिर के समारोह में शिरकत करेंगी।

**विवाद बढ़ा तो कांग्रेस डिफेंसिव हुई**


सैम पित्रोदा के वक्तव्य पर जब मीडिया में विवाद बढ़ने लगा तो कांग्रेस पार्टी डिफेंसिव हो गई। राम मंदिर के मामले में कांग्रेस पार्टी बेहद सतर्कता से सवालों के जवाब दे रही है। जयराम ने कहा कि प्रधानमंत्री देशभर के हैं। राम लला की मूर्ति की स्थापना, पूजन और शिलान्यास के कार्यक्रम में शिरकत करना कोई गलत नहीं। मगर, उन्होंने आधिकारिक रूप से ये नहीं कि पार्टी की ओर से सोनिया गांधी जाएंगी या नहीं! पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने अलग अलग बातचीत में ये जरूर कहा कि सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे कार्यक्रम में शिरकत करने अयोध्या जाएंगे। पार्टी के रणनीतिकारों को इस बात का इल्म है कि देश की बदली राजनीतिक फिजां में ऐसे संवेदनशील विषयों पर बेहद सावधानी के साथ कदम उठाने की जरूरत है। एक वरिष्ठ नेता ने नाम न छापने की शर्त पर साफ कहा, विपक्षी गठबंधन के बाकी दल इस बारे में क्या राय रखते हैं, इनसे जुदा कांग्रेस पार्टी के नेताओं को न्यौते के आधार पर मंदिर के कार्यक्रम में अवश्य भाग लेना चाहिए, नहीं तो लोकसभा चुनाव में ऐसा मुद्दा बनेगा जिनसे पार पाना, जवाब देना कांग्रेस पार्टी को भारी पड़ेगा। विदित हो कि कांग्रेस पार्टी के साथी दल वामदलों ने कार्यक्रम में न जाने की सार्वजनिक घोषणा की है।

### भारत के सूर्य मिशन पर आई खुशखबरी

# 6 जनवरी को अपने लक्ष्य पर पहुंच जाएगा आदित्य एल-1

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत का सूर्ययान सफलता की नई कहानी लिखने जा रहा है। 2 सितंबर 2023 को लॉन्च हुआ सूर्ययान आदित्य एल-1 अपने मिशन की ओर लगातार आगे बढ़ रहा है। अब भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो की ओर से सूर्ययान मिशन पर नई खुशखबरी आई है। आदित्य एल-1 2024 के पहले महीने यानी जनवरी के पहले ही सप्ताह में अपने लक्ष्य तक पहुंच जाएगा। इसरो के चीफ एस सोमनाथ ने कहा है कि सूर्य और पृथ्वी के मध्य वाले लैग्रेंज बिंदु-1



(एल1 प्वाइंट) पर 6 जनवरी को शाम 4 बजे तक आदित्य एल-1 पहुंच जाएगा। यहां से बिना किसी ग्रहण के सूरज को देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि हम आदित्य एल-1 के इंजन को बहुत नियंत्रित तरीके से शुरू करेंगे ताकि वह हेलो ऑर्बिट में प्रवेश कर सके।

**इसलिए चुना लैग्रेंज प्वाइंट-1**

बता दें कि लैग्रेंज बिंदु सूरज और पृथ्वी के बीच का वो हिस्सा है, जहां गुरुत्वाकर्षण निष्क्रिय हो जाता है। ग्रहण के समय भी इस प्वाइंट से सूरज को साफ-साफ देखा जा सकता है। वैज्ञानिकों ने इसीलिए लैग्रेंज बिंदु-1 को चुना है, ताकि हर समय सूरज की गतिविधि का अध्ययन किया जा सके।

# अगले 5 साल में 50 सैटेलाइट भेजेंगे

## इसरो चीफ एस सोमनाथ का दावा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि भारत ने खुफिया जानकारी इकट्ठे करने के लिए अगले 5 सालों में 50 सैटेलाइट को लॉन्च करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि इनमें सैनिकों की आवाजाही पर नजर रखने और हजारों किलोमीटर क्षेत्र की तस्वीरें लेने की क्षमता के साथ विभिन्न कक्षाओं में उपग्रहों की एक परत का निर्माण शामिल होगा। आईआईटी, मुंबई के वार्षिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी समारोह 'टेकफेस्ट' को संबोधित करते हुए सोमनाथ ने कहा कि बदलावों का पता लगाने, आंकड़ों के विश्लेषण के लिए एआई से संबंधित डेटा का उपयोग करेंगे। और डेटा आधारित प्रयासों के मामले में उपग्रहों की क्षमता बढ़ाना अहम है।

**पड़ोसियों पर रखेंगे नजर**

*सोमनाथ ने कहा कि अंतरिक्षयान देश की सीमाओं और पड़ोसी क्षेत्रों पर नजर रखने में सक्षम हैं। यह सब सैटेलाइट से देखा जा सकता है। हम इसे संभालने के लिए सैटेलाइट लॉन्च कर रहे हैं, लेकिन अब सोचने का एक अलग तरीका है। हमें इसे और अधिक महत्वपूर्ण तरीके से देखने की जरूरत है क्योंकि किसी भी राष्ट्र की शक्ति उसकी यह समझने की क्षमता है कि उसके आसपास क्या हो रहा है।' इसरो प्रमुख ने कहा, 'हमने अगले पांच वर्षों में 50 उपग्रहों को अंतिम रूप देने के लिए उनका संयोजन कर लिया है और इसे अगले पांच वर्षों से अधिक समय में इस विशेष भू-खुफिया जानकारी संग्रह में सहायता के लिहाज से भारत के लिए भेजा जा रहा है।' सोमनाथ ने कहा कि अगर भारत इस स्तर पर उपग्रहों का प्रक्षेपण कर सकता है तो देश के सामने आने वाले खतरों को बेहतर तरीके से कम किया जा सकता है।*



### कतर नौसैनिक मामले में

# लीगल टीम के साथ आगे की रणनीति पर होगी चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कतर की अदालत द्वारा भारत के पूर्व नौसैनिकों की फांसी की सजा कम किए जाने के बाद सरकार ने कहा कि वह कानूनी टीम के साथ इस मुद्दे पर चर्चा करेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने शाम 4 बजे अपनी अंतिम प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि भारतीयों और उनके परिवार के सदस्यों के हित हमारी सबसे बड़ी चिंता हैं। उन्होंने कहा कि हम निश्चित रूप से कानूनी टीम और परिवार के सदस्यों के साथ अगले संभावित कदमों पर चर्चा करेंगे।



**कतर से बातचीत रहेगी जारी**

बता दें कि कतर की अदालत ने गुरुवार को आठ पूर्व भारतीय नौसेना अधिकारियों की मौत की सजा को कम कर दिया। पूर्व नौसैनिकों को पिछले साल दहरा ग्लोबल मामले में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन अब मौत की सजा को कम कर दी गई है। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया था कि वह इस मामले को कतर के अधिकारियों के साथ उठाना जारी रखेगा।

### फिलीपींस के हवाई अभ्यास पर चीन ने उठाए सवाल

# साउथ चाइना सी में इंडियन नेवी के शिप उतारने पर भड़की चीनी सेना

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

विवादित दक्षिण चीन सागर में भारत और फिलीपींस के नौसैनिक अभ्यास से चीन भड़का हुआ है। इसे लेकर चीन ने गुरुवार को बकायदा बयान जारी करते हुए कहा कि विभिन्न देशों के बीच रक्षा सहयोग से तीसरे देशों के हितों और क्षेत्रीय शांति को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। भारतीय नौसैनिक जहाज और फिलीपींस के नौसैनिक पोत के बीच नौसैनिक अभ्यास और फ्रांसिसी नौसेना के साथ प्रस्तावित फिलीपींस के हवाई अभ्यास पर चीन ने सवाल उठाए हैं। चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल वू कियान ने कहा कि चीन ने इस पर ध्यान दिया है।

उन्होंने कहा कि चीन ने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि संबंधित देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग से तीसरे पक्ष के हितों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए या क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए।



**भारतीय जहाज ने किया अभ्यास**

इस महीने की शुरुआत में, आईएनएस कदमत ने फिलीपींस की अपनी यात्रा के दौरान फिलीपींस की नौसेना के एक अपतटीय गश्ती जहाज बीआरपी रेमन अलकराज के साथ दक्षिण चीन सागर में एक समुद्री अभ्यास में भाग लिया था। किसी भी देश का सीधे तौर पर जिक्र किए बिना कर्नल वू कियान ने कहा कि चीन और फिलीपींस के बीच समुद्री विवाद बीजिंग और मनीला के बीच का मुद्दा है।

**फिलीपींस के दावे गलत**

वू ने कहा कि चीन उच्च स्तर की सतर्कता बनाए रखेगा और राष्ट्रीय संप्रभुता, सुरक्षा तथा समुद्री अधिकारों और हितों की दृढ़ता से रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएगा। इस आरोप पर कि चीनी तटरक्षक जहाजों ने फिलीपींस के जहाजों के खिलाफ पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया, वू ने कहा कि यह पूरी तरह से गलत प्रचार है। उन्होंने कहा कि चीन की ओर से बार-बार दी गई चेतावनियों की परवाह न

**अमेरिका चीन को उकसा रहा**

*अमेरिकी आलोचना पर वू ने कहा कि चीन इस तरह की टिप्पणियों को खारिज करता है और इसका कड़ा विरोध भी करता है। उन्होंने दोहराया कि मनीला द्वारा दावा किए गए क्षेत्रों पर चीन की निर्विवाद संप्रभुता है और अमेरिका पर चीन को उकसाने के लिए फिलीपींस का साथ देने का आरोप लगाया।*

**चीन और फिलीपींस करते हैं दावा**

दरअसल, चीन फिलीपींस और अन्य देशों के बीच सैन्य सहयोग को लेकर अक्सर बेचैन दिखाई देता रहा है। विवादित दक्षिण चीन सागर के हिस्सों पर फिलीपींस और चीन की नौसेना अपने-अपने दावे करती है और कई बार दोनों नौसेना आमने-सामने आ चुकी है। हाल ही में विवादित दक्षिण चीन सागर के हिस्सों पर बीजिंग के नियंत्रण का दावा करने के बाद फिलीपींस और ड्रैगन के नौसैनिक जहाज भिड़ गए थे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109